राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 242
लखनऊ, मंगलवार 5 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





तेज बारिश से कच्चा नाला कटा, खेतों में भरा पानी 10

यूपी कैबिनेट ने नई तबादला नीति समेत कई अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी 03


## विधानसभा चुनाव : बंगाल, असम, पुडुचेरी में कमल, तमिल में विजयरथ, केरल में कांग्रेस

# जीत के बाद बदला नहीं, बदलाव की बात होनी चाहिए : मोदी



बंगाल की पावन धरा पर आज एक नया सूर्य उदय हुआ है, जो एक नए युग की शुरुआत का संकेत है : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उल्लेखनीय सफलता के बाद कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार स्वाभाविक है, लेकिन जीत के बाद बदले की भावना नहीं बल्कि बदलाव और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इसे भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताते हुए कहा कि इन चुनाव परिणामों ने दुनिया को दिखाया है कि भारत को लोकतंत्र की जननी क्यों कहा जाता है।

प्रधानमंत्री ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि वर्षों की साधना जब सिद्धि में बदलती है, तो जो संतोष और खुशी मिलती है, वही आज देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस जीत का श्रेय देते हुए कहा कि आपने कमाल कर दिया, कमल खिला दिया और नया इतिहास रच दिया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली जीत को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि यह सिर्फ सीटों की संख्या नहीं है, बल्कि भय, हिंसा और अस्थिरता की राजनीति को जड़ से उखाड़ने का जनादेश है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पावन धरा पर आज एक नया सूर्य उदय हुआ है, जो एक नए युग की शुरुआत का संकेत है और जिसका इंतजार पीढ़ियों से किया जा रहा था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावों में भारी मतदान, विशेषकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। पश्चिम बंगाल में करीब 93 प्रतिशत मतदान को उन्होंने ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी नए मतदान रिकॉर्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के लोकतंत्र की सबसे उजली तस्वीर है, जहां हर वर्ग सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिन विश्वास का दिन है– भारत के लोकतंत्र में विश्वास, परफॉर्मेंस की राजनीति में विश्वास, स्थिरता के संकल्प में विश्वास और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना में विश्वास। उन्होंने पांचों राज्यों की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि जब दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध, अस्थिरता और आर्थिक दबाव का माहौल था, तब भारत के मतदाताओं ने स्थिरता और प्रगति के लिए मतदान किया। उन्होंने इसे भारत की परिपक्व लोकतांत्रिक चेतना का उदाहरण बताया। अपने संबोधन में उन्होंने नागरिक देवो भवः को सरकार का मार्गदर्शक सिद्धांत बताते हुए कहा कि भाजपा जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज देश के 20 से अधिक राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं, जो जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां भाजपा है, वहां सुशासन और विकास है। प्रधानमंत्री ने उपचुनावों में मिली सफलता का भी उल्लेख करते हुए कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड और त्रिपुरा में पार्टी को जनता का आशीर्वाद मिला है।

### अब पूरा होगा विराट संकल्प



ममता बनर्जी की हार पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया है। उन्होंने ट्वीट लिखा है कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा के चुनाव में बीजेपी को जबरदस्त जीत मिली है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो विधान सभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। श्री योगी ने आगे लिखा है कि पश्चिम बंगाल में पहली बार और असम में लगातार तीसरी बार तथा पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा-राजग गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का फल है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री के नए भारत-विकसित भारत के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा।

### चुनाव आयोग की वेबसाइट पर रात्रि 8 बजे तक के आंकड़े

*पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल में बड़ा बहुमत प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही भाजपा के खाते में एक और राज्य जुड़ गया। असम और पुडुचेरी में भाजपा और एनडीए की सरकार दोबारा सत्ता में लौटी है। दक्षिण के दो बड़े राज्यों केरल और तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। केरल में वामदलों को हटा कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन 10 सालों बाद लौटा है। तमिलनाडु में एक साल पहले बनी एक्टर विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी है।*

**पश्चिम बंगाल :-** पश्चिम बंगाल 293 सीटों पर बहुमत के लिए 147 सीटें चाहिए। भारतीय जनता पार्टी यहां 206, तृणमूल कांग्रेस 81, कांग्रेस 2, माकपा को एक और अन्य को एक सीट पर जीत या आगे चल रही है। भाजपा को 45.75 प्रतिशत, तृणमूल कांग्रेस को 40.82 प्रतिशत मत मिले हैं।

**तमिलनाडु :-** तमिलनाडु में 234 सीटों में बहुमत के लिए 118 सीटें चाहिए। यहां टीवीके 106, द्रमुक 60 सीटें, अन्नाद्रमुक 47 सीटों, पीएमके 5, कांग्रेस 5 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा को एक सीट मिली है और अन्य पार्टियां 11 सीटें जीती या आगे चल रही है। टीवीके को 34.91 प्रतिशत, द्रमुक को 24.19 प्रतिशत, अन्नाद्रमुक को 21.32 प्रतिशत मत मिला है।

**असम :-** असम में 126 सीटें हैं और बहुमत के लिए 64 सीटें चाहिए। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 102 सीटों पर जीत या बढ़त हासिल है। इसमें भाजपा को 82 सीटें, बोडो पीपुल्स फ्रंट को 10 सीटें और असम गण परिषद को 10 सीटों पर जीत या बढ़ मिली है। वहीं कांग्रेस को 19 सीटें, एआईयूडीएफ को 2, रायजोर दल 2, तृणमूल कांग्रेस को 1 सीट पर जीत या बढ़त मिली है।
यहां सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को 37.91 प्रतिशत तथा सहयोगी पार्टियों बोडोलैंड को 3.74 प्रतिशत, एजीपी को 6.46 प्रतिशत मत मिले हैं। गठबंधन की दृष्टि से यह आंकड़ा 48 प्रतिशत से अधिक होता है।

**केरल :-** केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन 97 के आंकड़े तक पहुंचा है। इसमें कांग्रेस ने 63, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22, केरल कांग्रेस ने 7 सीटों, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने 3, राष्ट्रीय जनता दल ने 1 सीट और अन्य ने पर जीत या बढ़त बनाई है। वहीं वामदलों के नेतृत्व वाले गठबंधन को 36 सीटों पर बढ़त हासिल हुई है। गठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने 26, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 8, रिवोल्यूशनरी मार्क्सिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कम्युनिस्ट मार्क्सिस्ट पार्टी केरल स्टेट कमेटी ने 1-1 सीटों पर जीत या बढ़त बनाई है। अन्य पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी को 3 और अन्य उम्मीदवार 4 पर आगे हैं।

**पुडुचेरी :-** पुडुचेरी की 30 सीटों में बहुमत के लिए 16 का आंकड़ा चाहिए। यहां अखिल भारतीय एन.आर. कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए कुल 18 जीत सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें पार्टी को 12, सहयोगी भारतीय जनता पार्टी को 4, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और लाचिया जननायक काची को 1-1 सीट पर जीत मिली है। वहीं अन्य पार्टियों की बात की जाए तो द्रमुक को 6, कांग्रेस को 1 सीट मिली है। टीवीके को 2, नेयम मक्कल कड़गम को 1 सीट पर सफलता मिली है। इसके अलावा 3 स्वतंत्र उम्मीदवार जीते हैं।

**उपचुनाव :-** विधानसभा उपचुनाव के नतीजे भी भाजपा के पक्ष में आए हैं। पार्टी ने सात में से चार पर जीत दर्ज की है। एक सीट पर उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। कर्नाटक की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। पांच राज्यों की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में महाराष्ट्र की बारामती सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुनेत्रा पवार बड़े अंतर से जीती हैं। राहुरी से भाजपा उम्मीदवार अक्षय कार्डिले, गुजरात के उमरेठ सीट से भाजपा उम्मीदवार हर्षदभाई गोविंदभाई परमार ने जीत दर्ज की है। नगालैंड के कोरीडांग सीट पर भाजपा उम्मीदवार दाओचिर आई. इम्चेन, त्रिपुरा की धर्मनगर सीट पर भाजपा उम्मीदवार जहर चक्रवर्ती ने जीत दर्ज की है। वहीं कर्नाटक के बागलकोट सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार उमेश हुलप्पा ने जीत दर्ज की है, जबकि दावनगेरे दक्षिण सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ शमनूर मल्लिकार्जुन ने जीत दर्ज की है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,49,770/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,300/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,370/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

#### भारत ने एक हफ्ते में दूसरी बार किया लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार ओडिशा तट पर लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया है। इस मिसाइल ने 1,500 किमी. की रेंज में निर्धारित लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाकर समुद्र में देश की सुरक्षा बढ़ाने में बड़ी उपलब्धि दिलाई। डीआरडीओ ने पिछले सप्ताह 02 मई को भी ओडिशा तट पर इसी लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया था। इस टेस्ट ने मिसाइल के उन्नत टर्मिनल मार्गदर्शन प्रणाली की सटीकता को साबित कर दिया। इसने लॉन्च से लेकर आखिरी असर तक मिशन के सभी लक्ष्यों को पूरा किया, जिसमें बीच रास्ते में किए गए दांव-पेच और लगातार तेज रफ्तार से उड़ान भरना भी शामिल था।

#### होर्मुज में फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने में मदद करेगा अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके सैन्य बल से होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने में मदद करेंगे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान, मध्य पूर्व और अमेरिका के हित में, हमने इन देशों को बताया है कि हम उनके जहाजों को इन प्रतिबंधित जलमार्गों से सुरक्षित रूप से बाहर निकालेंगे, ताकि वे स्वतंत्र रूप से और कुशलता से अपना काम कर सकें।

## सुरक्षा व कानून का राज किसी भी सरकार की पहली उपलब्धि : योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने नवचयनित पांच सौ लेखा परीक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच सौ अभ्यर्थियों को लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री योगी ने किसी भी सरकार की पहली उपलब्धि राज्य में सुरक्षा एवं कानून का राज को बताया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा विभाग के 371 लेखा परीक्षकों एवं स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 129 लेखा परीक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए। इन अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले उप्र क्या था और उसके बाद क्या हुआ, यह आप सबने देख है। यह बदलाव किसी एक क्षेत्र में नहीं हुआ है। हर एक क्षेत्र में बदलाव हुआ है। सुरक्षा एवं कानून का राज किसी भी सरकार की पहली उपलब्धि है। वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय अनुशासन देखने को मिला। वित्तीय प्रबंधन न होता रेवड़ी की तरह धन बांटा जाता है। कर्ज के नीचे उप्र के लोग दबाए होते। उन्होंने कहा कि जिस उप्र को 2017 से पहले कोई बैंक कर्ज देने को तैयार नहीं था, उस प्रदेश को आज हम भारत का रेवेन्यू सरप्लस स्टेट नहीं बना पाते। हमे प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता मिली है। उप्र के बजट को आकार के अनुरूप तीन गुना करने में सफलता मिली है। 2017 हमारी नयी नयी सरकार आई थी। खजाने में पैसा नहीं था। मैं भौचक था। कोई बैंक हमारा फोन उठाने को तैयार नहीं था। मैं परेशान था कि इतनी बड़ी आवादी का राज्य कैसे चलेगा। तब हमने तय किया कि हम किसी बैंक के पास नहीं जाएंगे। अपना रिसोर्स तैयार करेंगे।

### बिना बैंक कर्ज के 4,200 करोड़ की गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना हुई पूरी

सीएम योगी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बनाते समय भी हम किसी भी बैंक के पास कर्ज के लिए नहीं गए। विभिन्न खर्चों को जोड़कर कुल मिलाकर 42 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। कई बैंक पैसा लिए खड़े थे। हमने कहा कि अब उप्र रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं और नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में वित्तीय कुप्रबंधन देखने को मिला। जिस महापुरुष ने कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ी उन्हीं के नाम पर बना जेपीएनआईसी सेंटर में लागत बताया गया कि 200 करोड़ और खर्च हुआ साढ़े सात सौ करोड़। यह ही वित्तीय कुप्रबंधन। अब उसे ठीक करते हुए प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं।

## आज के तकनीकी दौर में भविष्य के लिए 'रिसर्च और सरप्राइज' बेहद जरुरी : राजनाथ सिंह

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीव्र तकनीकी क्रांति के वर्तमान युग में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए अनुसंधान पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और अप्रत्याशित नवाचार की रणनीति अपनाने के महत्व पर बल दिया। रक्षा मंत्री 4 मई को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में रक्षा कर्मियों, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में, युद्ध का स्वरूप महज तीन-चार वर्षों में टैंकों और मिसाइलों से बदलकर ड्रोन और सेंसर जैसे क्रांतिकारी उपकरणों में परिवर्तित हो गया है। इसके अलावा, दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी वस्तुएं भी घातक हथियार बनती जा रही हैं। लेबनान और सीरिया में हुए पेजर हमलों ने आधुनिक युद्ध पद्धतियों के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है। ऐसी स्थिति में हमें तैयार रहना होगा। राजनाथ सिंह ने सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और ऐसी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो आवश्यकता पड़ने पर देश को अपने शत्रु पर अप्रत्याशित हमला करने में सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि युद्ध में निर्णायक बढ़त सदैव उसी को मिलती है, जिसके पास अचानक हमला करने की शक्ति होती है। हालांकि हमारे रक्षा बल पहले से ही इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, हमें और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ना होगा। आज के तकनीकी दौर में भविष्य के लिए 'रिसर्च और सरप्राइज' बेहद जरुरी है।

- दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी वस्तुएं भी घातक हथियार बनती जा रहीं

## मां सहित चार बच्चों का हत्यारा आमिर एनकाउंटर में ढेर

- मुठभेड़ में दो पुलिस वाले भी घायल
- हत्यारोपी आमिर का पुराना आपराधिक इतिहास हत्या व रेप के आरोप में दो बार जा चुका था जेल

अम्बेडकरनगर, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले में एक ही परिवार के 4 बच्चों सहित बच्चों की मां की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्यारे आमिर को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हत्यारोपी आमिर का पुराना आपराधिक इतिहास है। वह एक हत्या में और रेप के आरोप में दो बार जेल जा चुका है। इस मुठभेड़ में दो पुलिस वाले भी घायल हुए है।

दरअसल, जिस मां पर बच्चों की हत्या का शक था उसकी लाश पुलिस को नाले में मिली। इस बड़ी हत्या की घटना को लेकर पुलिस की गई टीमें लगी थी। इस पूरी घटना में आमिर नाम के शख्स का नाम आया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश जुट गई थी। मुखिर से पुलिस को सूचना मिली थी की हत्यारा अकबरपुर हाईवे से भागने की फिराक में है। इस पर पुलिस ने आरोपी की घेरा बंदी की। पुलिस से घिरा देख कर आरोपी भगने लगा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया।

आरोपी ने इस दौरान पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस पर आरोपी मुठभेड़ में घायल हो गया जबकि इस दौरान दो पुलिस वाले भी घायल हो गए। पुलिस ने टीम आरोपी हत्यारे के साथ घायल पुलिस कर्मियों को जिला अस्पातल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल पुलिस वाले का इलाज चल रहा है। 5 हत्याओं के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल तेज की तो अकबरपुर के ही रहने वाले आमिर का नाम सामने आया। महिला का पति सऊदी अरब रहता था और काफी दिनों से आया नही था और वहां दूसरी शादी कर ली थी, महिला यहां बच्चों के साथ अकेली रहती थी, आरोपी आमिर चाहता था कि महिला उससे शादी कर ले जिससे महिला की संपत्ति उसकी हो जाय। आमिर हत्या और रेप के मामले में जेल जा चुका है। रेप की घटना के बाद आमिर भी मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार हुआ था, फिलहाल इस समय जमानत पर बाहर था।

**मौसम**

### कई जगह पेड़ उखड़े और ओले भी गिरे

## यूपी में तेज आंधी-पानी से जनजीवन प्रभावित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- यूपी में अगले पांच दिनों तक पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

उत्तर प्रदेश में सोमवार सुबह तेजी आंधी-पानी से जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित हो गया। कई जगह पेड़ गिरने से आवागमन बाधित रहा, जबकि कई जगह ओलावृष्टि हुई और आसमान में अंधेरा छा गया। हालांकि कुछ ही घंटों के बाद आसमान साफ हो गया और धूप निकल आयी। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश में लगातार मौसम बदल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी आंधी पानी से लोगों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सोमवार सुबह आसमान में धूल भरी आंधी चलने से एकाएक मौसम बदल गया। काले बादल छा गये और तेज हवाएं चलने लगीं। राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली में आंधी के साथ बारिश होने लगी। सुबह ही बारिश होने से सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों और शिक्षकों को हुई है। खराब मौसम से विद्यालयों में आज अन्य दिनों के मुकाबले आज कम उपस्थिति दर्ज की गयी है। इस दौरान 80-100 किमी घंटा की गति से हवाएं चलने से कई जगह पेड उखड़ गये। राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम समेत कई क्षेत्रों में पेड़ और बिजली के पोल उखड़ने से जाम की स्थिति बन गयी। गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बरेली में भी जगह—जगह पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित हुआ है। बदायूं में हाइवे पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। कई शहरों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित रही। मौसम के इस रुख से फसलों को नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं तेज हवाओं ने आम की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। तेज आंधी-पानी से तापमान भी कम हो गया है। वहीं मौसम विभाग लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम बदला हुआ है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई जगह गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 4 से 7 मई के बीच हवाओं की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के भी आसार हैं, जबकि वज्रपात को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है।

### प्रतिकूल मौसम में आमजन के बीच रहें अधिकारी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में हुई आंधी-बारिश व विपरीत मौसम की स्थितियों को देखते आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। सीएम ने मौसम से प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी मशीनरी सक्रिय रहे, हर हाल में प्रयास करें कि विपरीत मौसम का न्यूनतम असर हो। जनहानि, पशुहानि, घायलों व आपदा प्रभावितों को 24 घंटे में मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं नहीं होनी चाहिए। सरकार हर प्रतिकूल परिस्थिति में किसानों व समस्त प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत मौसम में कई जनपदों में सड़क दुर्घटनाएं हुईं। राहत-बचाव कार्य तेज गति से हों। घायलों का निकटवर्ती अस्पतालों में त्वरित इलाज किया जाए।

# चार साल की मासूम पर कुत्ते का हमला

- घर के बाहर खेलते समय हमला, अस्पताल में भर्ती



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के दरगाह इलाके में रविवार शाम एक चार साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़े, जिसके बाद कुत्ता भाग गया। घायल बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना दरगाह थाना क्षेत्र के नूरुद्दीनचक गांव में हुई। गांव के एक ग्रामीण की चार वर्षीय बेटी जैनब अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी एक कुत्ते ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। परिजनों के डंडे लेकर दौड़ने पर कुत्ता बच्ची को छोड़कर भाग गया। हमले में जैनब की कमर के निचले हिस्से में गहरा घाव हो गया है। जैनब को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, बच्ची की हालत स्थिर बनी हुई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से इलाके में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

# नवजात की पहली सांस से जुड़ी जिंदगी की डोर

- सीमित संसाधनों में भी 80 फीसदी को मिल रहा जीवनदान
- एसएनसीयू पर ढाई गुना अधिक दबाव, फिर भी टीम बचा रही मासूमों की जान
- ब्लॉक स्तरीय एनबीएसयू में भी मरीजों की संख्या में 95 फीसदी का इजाफा, स्टाफ की कमी बड़ी चुनौती



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रात के दो बजे मेडिकल कॉलेज के प्रसव कक्ष में मची अफरा-तफरी के बीच जब समय से पूर्व जन्मे एक नवजात की सांसें उखड़ने लगीं, तब स्टाफ नर्स सुनीता और चिकित्सीय टीम ने सतर्कता दिखाई। ऑक्सीजन सपोर्ट और त्वरित निगरानी का ही परिणाम था कि धीरे-धीरे मासूम की सांसें सामान्य हो गई। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि मेडिकल कॉलेज की विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) की रोजमर्रा की हकीकत है, जहां सही समय पर सही निर्णय जीवन और मृत्यु के बीच फर्क तय करता है।

**बढ़ता भरोसा, 18 बेड पर 270% ऑक्यूपेंसी**

वर्ष 2015 में महज एक बेड से शुरू हुई एसएनसीयू इकाई आज 18 बेड तक पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते जन-विश्वास का ही नतीजा है कि यहां बेड ऑक्यूपेंसी 270 प्रतिशत है यानि क्षमता से करीब ढाई गुना ज्यादा नवजात भर्ती हो रहे हैं। एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. असद अली बताते हैं कि सीमित संसाधनों और क्षमता से कई गुना अधिक दबाव के बावजूद लगभग 80 प्रतिशत गंभीर नवजात पूर्णतः स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं।

**एनबीएसयू की बढ़ती सक्रियता**

सीएमओ डॉ. संजय कुमार के अनुसार, जिले में नवजात देखभाल की एक मजबूत और समन्वित व्यवस्था तैयार की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ब्लॉक स्तरीय नवजात स्थिरीकरण इकाइयों (एनबीएसयू) में 1666 नवजात भर्ती हुए, जो पिछले साल की तुलना में 95 प्रतिशत अधिक हैं। इनमें से करीब 30 प्रतिशत बच्चे ऐसे थे, जिनका जन्म घर या गैर-पंजीकृत केंद्रों पर हुआ था।

**चुनौतियां और संघर्ष**

इकाई की सफलता के पीछे संघर्ष की भी एक लंबी दास्तां है। 12 नर्सों में से केवल 3 ही एसबीएनसी में प्रशिक्षित हैं और पूरी यूनिट का भार मात्र 3 चिकित्सकों के कंधों पर है। भौगोलिक दूरियां भी एक बड़ी बाधा हैं। मिहींपुरवा जैसी दूरस्थ जगहों से आने वाले मासूमों के लिए 'लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस' संजीवनी साबित हो रही है। हाल ही में 76 किमी दूर से आए एक नवजात को समय पर सीपैप सपोर्ट देकर बचाया गया।

**सुधर रही है शिशु मृत्यु दर**

एसआरएस के आंकड़े इस सकारात्मक बदलाव की पुष्टि करते हैं। प्रदेश में शिशु मृत्यु दर 2015 के 43 प्रति हजार से घटकर अब 37 प्रति हजार रह गई है। विशेषज्ञ इस सुधार के पीछे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और मजबूत होती रेफरल व्यवस्था को अहम मानते हैं।

# रानियांपुर गोबरही में राजन जी महाराज की कथा को लेकर युवाओं की बैठक

## तिथि तय कराने पर बनी सहमति

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़**



विकास खंड विशेश्वरगंज की ग्राम पंचायत रानियांपुर गोबरही स्थित रग्घू बाबा स्थान पर आगामी दिनों में राजन जी महाराज की कथा आयोजित कराने को लेकर गांव के युवाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कथा आयोजन की रूपरेखा, तिथि निर्धारण और ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मौजूद युवाओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गोंडा जनपद के कौड़िया बाजार स्थित पैड़ीबरा में सम्मय माता स्थान पर तीन मई 2026 से प्रारंभ हो रही कथा में पहुंचकर राजन जी महाराज से मुलाकात की जाएगी। इसी दौरान रानियांपुर गोबरही में कथा आयोजन की तिथि तय कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि तिथि मिलते ही आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गांव में कथा आयोजन से धार्मिक वातावरण सुदृढ़ होगा और क्षेत्र के लोगों को आध्यात्मिक लाभ मिलेगा। इसके साथ ही कथा आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर भी सहमति बनी। बैठक में मौजूद लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि तिथि तय होते ही समिति बनाकर जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। बैठक में मुख्य रूप से विवेक कुमार तिवारी, उत्तम तिवारी, राजकुमार दूबे, टी.एन. शुक्ला, वशिष्ठ कुमार तिवारी, गुड्डू पाण्डेय, कमलेश कुमार पाठक, उदय प्रताप तिवारी, राजेश कुमार मिश्रा, ब्रजनाथ पाण्डेय, दीपेश पाण्डेय, संजीत कुमार, बबलू गुप्ता, विवेक मणि तिवारी, के.पी. तिवारी, संतोष तिवारी, बाबू दुबे, सुधीर कुमार तिवारी, अश्विनी तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, विवेक मणि द्विवेदी, मनोज कुमार तिवारी, मदनलाल तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, सोनू शुक्ला, दीपक तिवारी, राम लौटन तिवारी, भुनेश्वर पाण्डेय, राहुल मिश्रा व चंद्र प्रकाश मौजूद रहे।

# युवक ने की आत्महत्या

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटहरनपुरवा दाखिला चंदनपुर में एक 30 वर्षीय युवक ने आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विनोद कुमार पुत्र जिलेराम के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और आगे की कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार बाराबंकी के एक भट्टे पर मजदूरों को भेजने का काम करता था, जिसके एवज में उसे भट्ठा मालिक से कमीशन मिलता था। आरोप है कि भट्ठा मालिक ने विनोद कुमार को उसका बकाया पैसा नहीं दिया था, जिसके कारण वह कथित तौर पर तनाव में था। यह घटना सुबह लगभग 5 बजे गांव के नरेंद्र वर्मा के खेत में लगे आम के पेड़ पर हुई। मृतक ने गमछे का इस्तेमाल कर आत्महत्या की।

# एक युवक, दो महिलाएं हिरासत में, दो फरार

- अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



नगर कोतवाली क्षेत्र के वजीरबाग इलाके में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने एक मकान पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने एक युवक और दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। मौके से दो अन्य युवक अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर की तलाशी ली, जिसके बाद ये गिरफ्तारियां हुईं। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार, वजीरबाग स्थित इस मकान में काफी समय से जुआ और अनैतिक कार्य चल रहे थे। बाहर से भी कई पुरुषों और महिलाओं का आना-जाना लगा रहता था। रविवार देर रात जब इलाके के लोगों को घर में दो महिलाओं के साथ कई पुरुषों के होने की जानकारी मिली, तो वहां भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी नगर और नगर कोतवाल प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर कोतवाल ने बताया कि मोहल्ले वालों की सूचना पर कार्रवाई की गई है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस फरार हुए दो युवकों की तलाश कर रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# खबरें एक नजर में

## एनडीए की जीत पर उतरौला में भव्य विजयोत्सव



**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** असम, पश्चिम बंगाल और पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सफलता के बाद उतरौला नगर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भव्य विजयोत्सव मनाया। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने किया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिसर उत्सव स्थल में तब्दील नजर आया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कार्यकर्ताओं ने नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। 'भारत माता की जय' और पार्टी के समर्थन में लगे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके बाद अध्यक्ष प्रतिनिधि के नेतृत्व में एक विशाल विजय जुलूस निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं का विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस अवसर पर अनूप चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह जीत देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व में जताए गए विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को जनता ने व्यापक समर्थन दिया है, जिसके परिणामस्वरूप एनडीए को यह सफलता मिली है।

## 36 साल पुराने मकान पर विद्युत विभाग ने भेजा नोटिस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नोटिस के संबंध में जब मकान स्वामी तिवारी पुरवा निवासी शिवचंद्र वर्मा से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारा मकान लगभग 36 वर्षों पुराना है जिसका निर्माण हमारे पिताजी के द्वारा कराया गया था उसे समय हमारे मकान के ऊपर कोई भी विद्युत की लाइन नहीं थी बाद में सिटी मोंटेसरी स्कूल के द्वारा इस विद्युत लाइन को अपने ऊपर से हटवा कर मेरे मकान के कोने में स्थापित करवा दिया उसे समय हम लोग अपनी बिटिया के इलाज में परेशान थे बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी उनके विधायक के द्वारा ऐसा कार्य कराया गया हम लोगों ने बहुत कोशिश किया की यह तार है जाए लेकिन नहीं जाता और आज 36 वर्षों बाद विद्युत विभाग ने विगत 20 4 2026 को एक नोटिस भेजा गया है जिसमें यह लिखा गया है की नोटिस मिलने पर आप निर्माण कार्य तुरंत बंद कर दें तथा विद्युत लाइन को अपने खर्चे पर अन्यत्र लगवाने की व्यवस्था करें अन्यथा आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी ऐसे में यह बताना आवश्यक है की जब मकान 36 वर्षों पूर्व बन चुका है आज यह नोटिस क्यों विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व एचटी लाइन के गिरने से जिले के एक पत्रकार की मौत हो गई उसके बाद जिला अधिकारी ने एक फरमान जारी किया जहां भी एचटी लाइन आबादी में या मकान पर से गई हो उसे तत्काल प्रभाव से वहां से हटा दिया जाए अब यह आदेश जिला अधिकारी का विद्युत विभाग को मिला है विद्युत विभाग इस पर उपभोक्ताओं का दोहन करने की मां बन चुक जिस कारण उपभोक्ताओं में खलबली मची हुई है।

# कतर्नियाघाट में दिखा इंडियन स्कॉप्स आउल

## बारिश के बाद पेड़ की खोखलों में बैठा मिला



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में सड़क किनारे एक पेड़ की खोखलों में दुर्लभ इंडियन स्कॉप्स आउल देखा गया। यह उल्लू तेज बारिश के बाद दिखाई दिया, जिसने वन्यजीव प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर और नेपाल के बर्दिया नेशनल पार्क में नेचर गाइड एंजेल ने इस दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने बताया कि यह उल्लू आमतौर पर आसानी से दिखाई नहीं देता है और यह मुख्य रूप से रात के समय सक्रिय रहता है। कुछ महीने पहले, लखीमपुर जिले के गजियापुर साइफन के पास नहर में इसी प्रजाति का एक उल्लू डूबता हुआ मिला था। तब ग्रामीणों ने उस उल्लू की जान बचाई थी, जिससे इस प्रजाति के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी थी।

# यू.पी. बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित

- प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर किया सम्मानित
- आज के कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें: डीएम, सीडीओ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जनपद में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त कराने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, ज्वाईण्ट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर आलोक प्रसाद, डीआईओएस सर्वदानन्द के साथ विभिन्न विद्यालयों के 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की हाईस्कूल परीक्षा-2026 में बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. की सजल श्रीवास्तव को प्रथम, पं. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला इ.का. मटेरा कला की अनामिका वर्मा व अब्दुल कादिर इ.का. अलियाबुल-बुल की जरीना अनवार को द्वितीय, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा के सूर्याश शुक्ला व मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के सुधीर कुमार यादव को तृतीय, आर.डी. बाजपेयी इ.का. महसी की श्रेया बाजपेयी को चतुर्थ, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के विनायक शुक्ला व महिला इ.का. गोकुलपुर की रिद्धिमा सिंह को पंचम, मौलवी अयाज अहमद इ.का. भौखारामाफी के सदफ खान को छठा, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के आकाश पाल, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की आस्था मौर्या व कल्लूराम बाके बिहारी उ.मा. वि. बदरखा के किशन शुक्ला को सातंवा, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा की शिवानी, सिटी मा. इ.का. बहराइच की के अमित कुमार मौर्या, के.बी. इ.का. पयागपुर की साइका, मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के शिवम वर्मा व राजकीय हाईस्कूल सेमरौना के अनुराग द्विवेदी को आठंवा, सिटी मा. इ.का. बहराइच के आशुतोष मिश्रा, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के प्रथम यज्ञसैनी, विजय उ.मा.वि. कन्छर की अनामिका व माधवराज चौरसिया उ.मा.वि. बड़ागांव के अखिलेन्द्र प्रताप चौरसिया को नवां तथा आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इ.का. रूपईडीहा की मिष्ठी अग्रवाल को दसवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर की आतिशबाजी

- पश्चिम बंगाल में सत्य और सनातन की विजय हुई है: आनन्द गौड़

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर वह आतिशबाजी कर जश्न मनाया। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर भारतीय जनता पार्टी बहराइच जिला कार्यालय पर सांसद डॉ आनंद गोंड के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा किया एवं जमकर आतिशबाजी की। सांसद डॉ आनंद गौड ने इस विजय पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि आज पश्चिम बंगाल में सत्य और सनातन की विजय हुई है जो लोग धार्मिक अस्मिता पर ठोकर कर रहे थे उनको बंगाल में मुंहतोड़ जवाब मिला है। सांसद ने कहा कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की विजय केवल बंगाल तक ही नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान में भारतीय जनता पार्टी का पश्चिम लहराएगी आने वाले दिनों में यह विजय विपक्षी पार्टियों के लिए यह संकेत है कि अब यह विजय केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित न रहकर आने वाले दिनों में कश्मीर में भी अपना परचम लहराएगी। इस अवसर पर सांसद आनंद कुमार गौड़, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, राहुल राय, हरिश्चंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार सोनकर, हेमा निगम, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अमित शर्मा, प्रियंका रावत,डिंपल जैन,अमित वर्मा नवोदयन, सतीश सिंह, देवेंद्र मिश्रा,राम कृपाल मिश्रा, अजीत प्रताप सिंह,नन्हे लाल लोधी अनुच्छेद सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आंधी–बारिश बनी काल: पेड़ गिरने से ई–रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)**

सोमवार को तेज बारिश और तेज हवाओं ने उतरौला क्षेत्र में ऐसा कहर बरपाया कि एक परिवार की खुशियां पल भर में उजड़ गई। बदलपुर-धुसवा मार्ग पर फायर स्टेशन के सामने एक दर्दनाक हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बढ़या पकड़ी निवासी 32 वर्षीय तुलाराम पुत्र बेकारू के रूप में हुई है, जो अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार दोपहर करीब एक बजे की है, जब तुलाराम ई-रिक्शा लेकर बदलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। सड़क किनारे खड़ा एक विशाल पेड़ तेज झोंकों के दबाव को सहन नहीं कर सका और अचानक ई-रिक्शा पर आ गिरा। पेड़ के नीचे दबने से तुलाराम को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। किसी तरह पेड़ हटाकर चालक को बाहर निकाला गया, पर उसकी सांसें थम चुकी थीं। जैसे ही यह खबर बढ़या पकड़ी गांव पहुंची, वहां कोहराम मच गया।

# जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए विकास कार्यों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान जनपद के विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से विधानसभा एवं लोकसभावार सड़कों तथा सेतुओं के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क निर्माण, सेतु निर्माण, जर्जर मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावों की व्यवहारिकता, प्राथमिकता एवं बजट संबंधी बिंदुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त प्रस्तावों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास में सड़क एवं सेतु निर्माण की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क भी बेहतर होगा।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाए।

# चकमार्ग विवादों पर आयुक्त का एक्शन प्लान, जल्द खुलेंगे अवरुद्ध रास्ते

- चकमार्गों पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती, आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के आदेश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**




देवीपाटन मण्डल की आयुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के आकस्मिक निरीक्षण के बाद चकमार्गों पर हो रहे अतिक्रमण और अवरुद्ध रास्तों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। तहसील कर्नैलगंज में जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे प्रार्थना-पत्र सामने आने पर *आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल* ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि केवल पैमाइश कर देना पर्याप्त नहीं है। जब तक चकमार्गों पर मिट्टी पटाई या खड़ंजा निर्माण नहीं होगा, तब तक रास्ते स्थायी रूप से अतिक्रमणमुक्त नहीं हो पाएंगे और विवाद की स्थिति बनी रहेगी। इसे देखते हुए राजस्व और विकास विभाग के बीच अनिवार्य समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है। निर्देशों के अनुसार, क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पैमाइश के बाद चकमार्गों की सूची ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित कर शीघ्र निर्माण कार्य कराया जा सके। साथ ही, तहसील स्तर पर लेखपालों से प्राप्त सूची को तहसीलदार के माध्यम से उप जिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा, जहां से वित्तीय प्रबंधन कराकर कार्य सुनिश्चित होगा। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र पंचायतवार चिह्नित चकमार्गों की सूची जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी को भेजी जाए, ताकि बड़े और छूटे हुए चकमार्गों पर भी प्राथमिकता से कार्य हो सके। अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्य के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए आयुक्त ने कहा कि जहां चकमार्गों पर अस्थाई निर्माण हैं, उन्हें न्यायालय के माध्यम से न कराकर सीधे अतिक्रमणमुक्त कराया जाये। आयुक्त ने देवीपाटन मण्डल के सभी जिलाधिकारियों से इस सम्बन्ध में 15 दिनों के भीतर विस्तृत सूचना मांगी है। साथ ही, अवशेष चकमार्गों का सीमांकन कराकर फोटो सहित संकलित आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस सख्ती से साफ संकेत है कि अब चकमार्गों पर कब्जा और रास्तों की बाधा को लेकर प्रशासन शून्य सहनशीलता की नीति पर काम करेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विवाद कम हों और आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# शिक्षित बच्चा ही समृद्ध भारत का निर्माण करेगा : योगी



- बच्चों को पढ़ाएं, शिक्षित-समृद्ध-सशक्त भारत बनाएं
- 9 वर्ष में यूपी में सुधरा शिक्षा का स्तर
- अवैध कब्जे की शिकायत पर सीएम सख्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने फरियादियों से मुलाकात की, आश्वस्त किया कि सरकार हर उचित समस्या का समाधान कराएगी। जनता दर्शन में माता-पिता के साथ आए बच्चों की शिक्षा के बारे में पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को अवश्य पढ़ाइए। शिक्षित बच्चा ही समृद्ध भारत का निर्माण करेगा। अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त हो गए, उन्होंने तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

अभिभावकों के साथ कुछ छोटे बच्चे भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में पढ़ रहे हैं। इस पर जवाब आया कि अभी एडमिशन नहीं कराया है। सीएम ने इसकी वजह जाननी चाही, लेकिन उन्हें संतुष्टिपरक जवाब नहीं मिला तो उन्होंने अभिभावकों से कहा कि प्रदेश में पिछले 9 साल में शिक्षा का स्तर काफी सुधरा है। बेसिक हो या माध्यमिक, हर जगह बच्चों को गुणवत्ता के आधार पर शिक्षा प्रदान की जा रही है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के बच्चों को शिक्षा के साथ ही ड्रेस, कॉपी-किताब, जूते-मोजे आदि के लिए अभिभावकों के खाते में 1200 रुपये दिए जा रहे हैं। बच्चों को ताजा पौष्टिक मिड-डे मील भी मिल रहा है। आप बच्चों का एडमिशन कराइए और हर हाल में स्कूल भेजिए।

### योग्यता है तो नौकरी अवश्य मिलेगी

जनता दर्शन में कुछ युवा भी पहुंचे थे उन्होंने मुख्यमंत्री से नौकरी को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं। फिर बताया कि 9 साल में 9 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है और सभी विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्षता व पारदर्शिता से संपन्न कराई गई है। इस साल भी सरकार कई विभागों में नियुक्ति करने जा रही है। इसके जरिए लाखों युवाओं को नौकरी मिलेगी। आप सिफारिश मत कीजिए। किसी के पास जाने की आवश्यकता नहीं है। हमारी सरकार में सिफारिश नहीं चलती, पारदर्शिता से भर्ती होती है। योग्यता है तो आपको नौकरी अवश्य मिलेगी। मुख्यमंत्री से वार्ता के उपरांत युवाओं ने सकारात्मक भाव के साथ तैयारी करने का विश्वास दिलाया। अवैध कब्जे की भी शिकायत आई। फरियादियों से प्रार्थना पत्र लिया, उसे पढ़ा और अफसरों को देते हुए कहा कि इन मामलों की जांच कराइए। राजस्व, प्रशासन व पुलिस संयुक्त रूप से देखें कि क्या कार्रवाई होनी है। उचित कार्रवाई कराइए, पीड़ित पक्ष को संतुष्ट कराइए और फिर शासन को अवगत कराइए। ऐसी शिकायतें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर 'जनता दर्शन' के माध्यम से विभिन्नजनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।

श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए उन्होने कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें।



## खबरें एक नजर में

### एलयू में फीस बढ़ोतरी पर बवाल, सड़क पर बैठे छात्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में फीस वृद्धि को लेकर सोमवार को छात्रों ने एक बार फिर प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान 'वीसी मुर्दाबाद' और 'फीस वापस लो' जैसे नारे लगाए गए। छात्र तख्तियां लेकर सड़क पर बैठ गए और धरना दिया। इस दौरान छात्रों ने कहा फीस वापसी का निर्णय नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन होगा। युवजन सभा के प्रिंस ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन को 6 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर फीस वापस का फैसला नहीं लिया गया, तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रिंस ने बताया कि उनकी दो प्रमुख मांगें हैं। पहली, पुराना फीस स्ट्रक्चर लागू किया जाए। दूसरी, आंदोलन में शामिल छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और निलंबन बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्र अपराधी नहीं हैं, उन्हें पढ़ने का अधिकार मिलना चाहिए। मौके पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य पहुंचे और छात्रों को शांत कराने की कोशिश की। हालांकि छात्रों ने उनको देख विरोध और तेज कर दिया। एलयू के सदस्यों ने छात्रों को मौके पर कुलपति के आने की बात कहकर शांत कराया। छात्रों के बढ़ते विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट्स की चीफ प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी के साथ नोकझोंक भी हुई।

### जर्जर दीवार गिरने से युवक की मौत, मिस्त्री घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मड़ियांव इलाके में सोमवार सुबह जर्जर दीवार गिरने से 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा भरत नगर स्थित नॉज पैलेस के सामने हुआ। युवक कार का पहिया खोलकर पंक्चर बनवा रहा था, तभी पास की पुरानी ईंट की दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मड़ियांव पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकालकर केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अंकित शर्मा निवासी अतरौली, हरदोई के रूप में हुई है। वह भरत नगर में ग्रीन वैली मटर विक्रेता की दुकान पर काम करता था और वहीं रहता था। पुलिस के मुताबिक, सुबह तेज आंधी और बारिश के बाद अंकित अपने दुकान मालिक की कार का पंक्चर बनवाने के लिए एक मिस्त्री को बुलाकर पहिया खोल रहा था। इसी दौरान पास की जर्जर दीवार अचानक ढह गई। हादसे में पंक्चर मिस्त्री को मामूली चोट आई, जो बाद में वहां से चला गया। परिजनों ने बताया कि अंकित विवाहित था और उसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बरेली से अफीम ला रहा तस्कर लखनऊ में गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एसटीएफ ने नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने पॉलीटेक्निक चौराहे के पास दबिश देकर अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को पकड़ा। एसटीएफ अन्य नेटवर्क को खंगाल रही है। एसटीएफको काफी समय से प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के चलते अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफविशाल विक्रम सिंह के निर्देशन में टीम गठित कर तलाशी शुरू की गई। टीम तस्करों की तलाश में लगी थी तभी एसटीएफको सूत्रों से सूचना मिली कि बरेली से एक तस्कर भारी मात्रा में अवैध अफीम लेकर पॉलीटेक्निक चौराहे की तरफआने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान बिहार के रहने वाले मोहम्मद शहबाज उर्फराजू (24) के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि 2024 में बीएससी केमिस्ट्री कर चुका है। वह कुछ समय नेपाल के पोखरा में सिविल कंस्ट्रक्शन का काम करता था, लेकिन कम आय के चलते उसकी मुलाकात बिहार के राहुल नामक युवक से हुई जो पंजाब के जालंधर में इस तस्करी करता था। आरोपी ने बताया कि राहुल के संपर्क में आने के बाद उसने भी इस धंधे में कदम रखा और जल्द ही ज्यादा मुनाफा कमाने लगा। फिलहाल राहुल की अगस्त 2025 में मौत हो चुकी है, लेकिन उसके बाद भी शहबाज तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा रहा। एसटीएफअब आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही और गिरफ्तारी हो सकती है।

### बिजली घरों के निजीकरण पर 13 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध का ऐलान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को चेतावनी दी है कि वह तत्काल संघर्ष समिति से सार्थक वार्ता करे, अन्यथा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी स्वयं स्वीकार करे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि प्रबंधन की नीतिगत गलतियों और जमीनी हकीकत से कटे निर्णयों के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमराती जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में टकराव नहीं, बल्कि संवाद और समाधान की आवश्यकता है लेकिन संघर्ष समिति ने स्पष्ट कहा कि यदि कॉरपोरेशन के चेयरमैन तत्काल वार्ता नहीं करते हैं, तो वर्तमान अव्यवस्था और उससे उत्पन्न सभी समस्याओं की जिम्मेदारी उन्हें स्वयं लेनी होगी। साथ ही, बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की किसी भी कार्रवाई को तुरंत बंद किया जाए और उत्पीड़न की दृष्टि से की गई समस्त कार्यवाहियां वापस ली जाय। संघर्ष समिति ने पनकी और जवाहरपुर ताप बिजली घरों के परिचालन एवं अनुरक्षण के निजीकरण की प्रक्रिया को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि टेंडर प्रक्रिया वापस नहीं ली गई, तो आगामी 13 मई को प्रदेश भर के सभी बिजली कर्मचारी, अभियंता, जूनियर इंजीनियर काली पट्टी बांधकर पूरे दिन कार्य करेंगे और कार्यालय समय के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# काशी बनी आस्था और आधुनिकता का संगम : जयवीर



- काशी विश्वनाथ मंदिर में रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में धार्मिक पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिल रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या है। मार्च में करीब 65 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह न केवल प्रदेश में बढ़ती आस्था का प्रतीक है, बल्कि सरकार द्वारा विकसित की गई बेहतर व्यवस्थाओं का भी प्रमाण है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, जयवीर सिंह ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर परिसर का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। पूर्ववर्ती सरकारों में जहां श्रद्धालुओं को संकरी गलियों और भीड़भाड़ का सामना करना पड़ता था, वहीं योगी सरकार में विशाल, भव्य और सुव्यवस्थित परिसर ने दर्शन को सहज और सुगम बना दिया है। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के कारण मंदिर तक पहुंच आसान हुई है, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। योगी सरकार ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी है।

आधुनिक शौचालय, पेयजल व्यवस्था, सुचारु कतार प्रबंधन और डिजिटल निगरानी जैसी सुविधाओं ने श्रद्धालुओं के अनुभव को बेहतर बनाया है। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच श्रद्धालु अधिक सहजता और सुरक्षित वातावरण में दर्शन कर पा रहे हैं। वाराणसी में बुनियादी ढांचे के विकास ने भी धार्मिक पर्यटन को गति दी है। सड़कों का चौड़ीकरण, बेहतर परिवहन सेवाएं, घाटों का सौंदर्यीकरण और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था ने शहर की छवि को नया आयाम दिया। गंगा नदी में शुरू हुई क्रूज सेवाओं ने पर्यटकों को काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नए अंदाज में देखने का अवसर दिया है।

### धार्मिक पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

धार्मिक पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। होटल, गेस्ट हाउस, दुकानों और व्यवसायों में तेजी आई है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और स्थानीय लोगों की आय में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में काशी का व्यापक कायाकल्प हुआ है। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के विकास से मंदिर क्षेत्र का विस्तार हुआ है और श्रद्धालुओं को अधिक सुगम, व्यवस्थित और दिव्य दर्शन का अनुभव मिल रहा है। काशी आज आस्था, अध्यात्म और आधुनिक पर्यटन का अद्भुत संगम बन चुकी है। गंगा घाटों का सौंदर्यीकरण, आधुनिक लाइटिंग, स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी ने शहर को वैश्विक पहचान दिलाई है। रोपवे परियोजना, मल्टीलेवल पार्किंग, स्मार्ट सिटी के तहत विकसित ढांचा और रिवरफ्रंट डेवलपमेंट जैसे कार्यों ने काशी को एक समग्र पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

# पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा के पति का निधन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पी.सी. जोशी का सोमवार सुबह लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। उन्होंने सुबह लगभग सात बजे अंतिम सांस ली। इस संबंध में जानकारी स्वयं रीता बहुगुणा जोशी ने अपने एक्स अकाउंट के माध्यम से दी। परिवार के अनुसार, पी.सी. जोशी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एसजीपीजीआई में उनका उपचार जारी था।

सोमवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। पी.सी. जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर थे। उनका विवाह वर्ष 1976 में रीता बहुगुणा जोशी से हुआ था। वे अपने सरल, मिलनसार और अनुशासित व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। परिजनों ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर सोमवार देर शाम प्रयागराज लाया जाएगा। मंगलवार को प्रयागराज में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

पी.सी. जोशी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संदेशों में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की गई हैं।

# जन भवन में छात्रों को सेना व प्रतियोगी परीक्षाओं में करियर के लिए मार्गदर्शन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से सोमवार को जन भवन, लखनऊ में संचालित आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन के विद्यार्थियों हेतु एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना, सेना में भर्ती की प्रक्रिया तथा उनके समग्र भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करना था।

कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, कर्नल अजय पटियाल तथा परिसहाय राज्यपाल पुनीत द्विवेदी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके विभिन्न प्रश्नों का विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। विद्यार्थियों ने सेना में भर्ती, अग्निवीर योजना, एनसीसी की भूमिका, उच्च सैन्य पदों तक पहुँचने के मार्ग, तथा आईपीएस एवं यूपीएससी जैसी सेवाओं से संबंधित जिज्ञासाएँ व्यक्त कीं। डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने विद्यार्थियों को जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी उद्देश्य के प्रति निरंतर चिंतन करने से वह हमारे कर्मों में उतरता है, और धीरे-धीरे आदत बनकर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने सकारात्मक सोच के महत्व पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार करियर का चयन करें तथा उसी दिशा में निरंतर प्रयास करें। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आदर्श माध्यमिक विद्यालय का वर्तमान स्वरूप राज्यपाल महोदया की सकारात्मक सोच एवं प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी जीवन यात्रा के संघर्षों से अवगत कराते हुए बताया कि कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिदिन आत्ममंथन करते हुए यह विचार करना चाहिए कि दिनभर में क्या किया और अगले दिन क्या करना है। विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी, विषय चयन एवं अध्ययन पद्धति पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल बनने की प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिस पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए कर्नल अजय पटियाल ने कहा कि जीवन में वही कार्य करें जो उन्हें वास्तव में पसंद हो, क्योंकि उसी में सफलता के रास्ते स्वतः निर्मित होते हैं। उन्होंने सेना में भर्ती की प्रक्रिया, अग्निवीर योजना तथा सेना के अनुशासन और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना में सबसे बड़ी चुनौती परिवार को पर्याप्त समय न दे पाना है, लेकिन संगठन सदैव सैनिकों के परिवार के साथ खड़ा रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, जिम्मेदारी और आचरण की महत्ता समझाते हुए प्रेरित किया कि वे दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों।


# यूपी कैबिनेट ने नई तबादला नीति समेत कई अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैठक के फैसलों की जानकारी पत्रकारों को दी।

लोकभवन के मीडिया सेंटर में आज पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्य के संसदीय कार्य मंत्री खन्खा ने बताया कि राज्य की तबादला नीति में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब सरकारी कर्मचारियों के तबादले केवल 15 मई से 31 मई के बीच ही किए जाएंगे। कैबिनेट ने एक जनपद, एक व्यंजन योजना को भी मंजूरी दी है। इस योजना के तहत पारंपरिक व्यंजनों के लिए एक विशेष लोगों तैयार किया जाएगा। बेहतर पैकेजिंग पर जोर दिया जाएगा। उसकी ब्रांडिंग की जाएगी। साथ ही प्रेरणा स्थल पर एक व्यंजन महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें खाद्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और तकनीकी जानकारों को आमंत्रित किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिली है। हाईटेंशन बिजली लाइनों के बड़े टावरों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए नई नीति लागू की जाएगी। उन्होंने बताया



कि बताया कि इसके तहत टावर के नीचे की पूरी जमीन और उसके एक मीटर दायरे की भूमि का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा, जबकि तार खींचने वाली जमीन के लिए 30 फीसदी मुआवजा तय किया गया है। पहले इस तरह का मुआवजा नहीं मिलता था, जबकि वर्ष 2018 में पहली बार इस संबंध में नीति बनाई गई थी। मंत्री शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए जालौन में 500 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना उप्र उत्पादन लिमिटेड और कोल इंडिया के संयुक्त सहयोग से विकसित होगी। इसमें 49 फीसदी हिस्सेदारी राज्य सरकार और 51 फीसदी कोल इंडिया की होगी। परियोजना की शुरुआती लागत 10 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा नोएडा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास को देखते हुए बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। यहां 400/220 केवी का नया पावर स्टेशन बनाया जाएगा। इस पर अनुमानित लागत 653 करोड़ रुपये आएगी।

# हर पात्र किसान को मिले केसीसी व बीमा का लाभ : शाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष में केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और बैंकों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री शाही ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए बेहद



महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिनका लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के डाटा का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय पोर्टलों पर फार्मर आईडी का प्रभावी उपयोग कर योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि पात्र किसानों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी गई कि प्रदेश में बड़ी संख्या में केसीसी खातों का नवीनीकरण लंबित है तथा कई खाते एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) की श्रेणी में चले गए हैं। इस पर मंत्री शाही ने निर्देश दिए कि बैंक एवं विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर किसानों को समय से ऋण अदायगी के लिए प्रेरित करें तथा लंबित खातों को नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि 15 मई से विशेष अभियान चलाकर नए केसीसी जारी किए जाएं और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का हालचाल लेने अस्पताल पहुंचे मुस्लिम धर्मगुरु



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय तबीयत बिगड़ने के बाद से लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। उनका हालचाल लेने सोमवार को शाही इमाम ईदगाह, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, शिया मरकज़ी चांद कमेटी के अध्यक्ष और प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी तथा ''ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड'' के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास पहुंचे और कुशलक्षेम जाना। सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए खुदा से दुआ की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री मुईद अहमद, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, अरशद आज़मी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रेम, भाईचारे और समावेशी राजनीति की पक्षधर है और समाज के सम्मानित स्तंभों का यह समर्थन हमारे संघर्ष को नई ऊर्जा देता है। समाज के प्रबुद्ध जनों का यह प्रेम और अपनत्व कांग्रेस की समावेशी और भाईचारे वाली राजनीति की शक्ति है। राय ने कहा कि यह मुलाकात गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की उस अटूट परंपरा का प्रतीक है, जिसे संजोने के लिए कांग्रेस सदैव प्रतिबद्ध रही है।

**बैठक**

### गोबर आधारित कम्पोस्ट व बायोगैस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार

# गोशालाओं को आत्मनिर्भर उत्पादन केंद्र बनाने के निर्देश

- जैविक खेती को बल देने, गोबर खाद से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने पर जोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में कृषि और पशुपालन को एकीकृत कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में योगी सरकार प्रयासरत है। गोबर आधारित कम्पोस्ट, बायोगैस, जीवामृत एवं घनामृत के उत्पादन, उपयोग और विपणन को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रदेश की गोशालाओं को उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करते हुए कम्पोस्ट, जीवामृत और अन्य जैविक उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष 44 ख में पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर गोबर से कम्पोस्ट, बायोगैस, जीवामृत एवं घनामृत के उत्पादन, उपयोग और विपणन को लेकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

योगी सरकार की प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाने के साथ मिट्टी की उर्वरता को पुनर्स्थापित करना है। प्रदेश में उपलब्ध गोबर संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग कर बड़े पैमाने पर जैविक खाद का उत्पादन संभव है और इसके माध्यम से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश की गोशालाओं को उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करते हुए कम्पोस्ट, जीवामृत



एवं अन्य जैविक उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाए।

प्रदेश में अनुमानित रूप से लाखों मीट्रिक टन कम्पोस्ट उत्पादन की क्षमता मौजूद है, जिसके लिए गोशालाओं, डेयरी इकाइयों और किसानों के स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने झांसी, चंदौली, फर्रुखाबाद, कानपुर, बाराबंकी जैसे जनपदों में संचालित सफल बायोगैस एवं जैविक खाद मॉडलों का उल्लेख करते हुए निर्देश दिए कि इन मॉडलों का अध्ययन कर प्रदेशव्यापी विस्तार किया जाए। कम्प्रेस्ड बायोगैस सीबीजी संयंत्रों के विस्तार, गोबर गैस प्लांट्स की स्थापना तथा कृषि अपशिष्ट के समुचित उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि बायोगैस से न केवल ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि उससे निकलने वाली स्लरी जैविक खाद खेतों के लिए उपयोगी होगी, जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोबर आधारित खाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उसका मानकीकरण स्टैंडर्डाइजेशन किया जाए। पैकेजिंग, नमी स्तर एवं गुणवत्ता के स्पष्ट मानक तय किए जाएं ताकि किसानों को विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिल सके। इसके साथ ही सहकारी समितियों के माध्यम से गोबर खाद की उपलब्धता बढ़ाने तथा यूरिया के साथ इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गोबर गैस संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं तैयार की जाएं, जिससे अधिक से अधिक किसान इससे जुड़ सकें। जैविक खाद के उत्पादन के साथ उसके प्रभावी विपणन की व्यवस्था विकसित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि उत्पाद किसानों तक सुगमता से पहुंचे और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कृषि एवं पशुपालन को एकीकृत करते हुए प्रदेश में जैविक खेती को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# युवती लापता, परिजनों का आरोप, चाय में नशीला पदार्थ देकर हुई फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

दुबग्गा थाना क्षेत्र से एक 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती ने घर के सदस्यों को चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, जिसके बाद पूरा परिवार गहरी नींद में सो गया। और इसी दौरान वह घर से गायब हो गई।

दुबग्गा थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती सब्जी मंडी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 मई 2026 की शाम लगभग 5 बजे उनकी 18 वर्षीय बेटी ने परिवार के सदस्यों को चाय बनाकर पिलाई। चाय पीने के बाद घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो गए। शाम करीब 7.30 बजे जब उनकी बड़ी बेटी काम से घर लौटी, तो उसने सभी को जगाया। परिवार के सदस्य जागने पर घर के बाहर मौजूद थे, लेकिन 18 वर्षीय युवती घर में नहीं मिली। परिजनों ने युवती की तलाश आसपास के इलाकों में की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी अरबाज खां उर्फ सैफ खां नामक युवक के संपर्क में थी। यह युवक मूल रूप से जनपद पीलीभीत के पहाड़गंज का निवासी है।

वर्तमान में बालागंज स्थित सफेद मस्जिद के पास नारियल पानी बेचता है। मां का दावा है कि उसी युवक ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है। दुबग्गा पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवती की बरामदगी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और उसकी लोकेशन का पता लगाने के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### किसान नेता ने दर्ज कराई एफआईआर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** किसान यूनियन के नेता मुनेश्वर दयाल कठेरिया ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव ढकिया हम्मीदनगर के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अप्रैल को वह संगठन के कार्यकर्ता सुखबंत सिंह के साथ क्षेत्र के गांव ढकिया हम्मीदनगर में आयोजित एक पंचायत में शामिल होने गए थे। पंचायत के दौरान प्रारंभ में बातचीत शांतिपूर्ण ढंग से चल रही थी और गांव के कई लोग मौके पर मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के निवासी चंचल कुमार मिश्रा, अभिषेक मिश्रा तथा उनके एक अन्य परिजन अचानक आक्रामक हो गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने कथित रूप से जान से मारने की धमकी भी दी और कहा कि यदि गांव में दोबारा दिखाई दिए तो गोली मार देंगे। इस घटना से पंचायत का माहौल तनावपूर्ण हो गया और वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्रार्थी का कहना है कि सार्वजनिक रूप से इस तरह की अभद्रता और धमकी से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और उन्हें मानसिक रूप से आहत होना पड़ा। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि मुनेश्वर दयाल कठेरिया की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्ट्रेट में ज्ञापन आज

**शाहजहांपुर।** देश व प्रदेश में दलित उत्पीड़न की असहनीय घटनाएं निरन्तर बढ़ती जा रही हैं। सांसद अरूण कुमार सागर का परिवार भी इसकी चपेट में है। दलित उत्पीड़न की बढ़ रही घटनाओं के विरोध में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को अनुसूचित जाति जनजाति महासंघ दलित समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों का समूह के बैनर तले आज मंगलवार को 2 बजे खिरनी बाग क्रीड़ा स्थल पर एकत्रित होगा। वहां से चलकर 3 बजे कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### पांच दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का समापन, युवाओं ने सीखी पीडीएस व जनसमस्या निस्तारण की जमीनी समझ



**शाहजहांपुर।** मेरा युवा भारत शाहजहांपुर द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवाओं को जिला पूर्ति विभाग के सहयोग से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली का गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने न केवल राशन कार्ड से संबंधित प्रक्रियाओं जैसे नए कार्ड बनवाना, संशोधन व सत्यापन को समझा, बल्कि जनसमस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण की वास्तविक प्रक्रिया का भी अनुभव प्राप्त किया। समापन से पूर्व वॉलिंटियर्स को राशन कोटे पर ले जाकर राशन वितरण प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला। इस अनुभव ने युवाओं को शासन-प्रशासन की कार्यशैली और जनसेवा की जिम्मेदारियों से परिचित कराया। उप निदेशक माय भारत, माहे आलम ने कहा कि इस प्रकार के अनुभवात्मक कार्यक्रम युवाओं को सिर्फ सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करते हैं, जिससे वे भविष्य में सुशासन एवं समाज सेवा में प्रभावी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में अंकिता वर्मा, विकास कोली, कुमारी वैष्णवी, दिव्यांशी मिश्रा एवं शगुन सक्सेना ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लेखाकार सोनम सचान, तथा मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। उपनिदेशक माहे आलम ने कहा कि यह पहल युवाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित कर रही है।

### गुब्बारा बना जानलेवा, सांस की नली में फंसने से 5 साल के मासूम की मौत

**कांट, शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के खपटी गांव में एक दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। गुब्बारे का टुकड़ा सांस की नली में फंस जाने से पांच वर्षीय मासूम कनिष्क की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव निवासी श्यामा के घर उनके भाई सूरज की शादी की तैयारियां चल रही थीं। सोमवार को बारात जानी थी, जिसको लेकर घर में खुशी का माहौल था और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। दोपहर करीब तीन बजे मासूम कनिष्क अन्य बच्चों के साथ घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान उसे एक गुब्बारा मिला और वह उसे फुलाने लगा। तभी अचानक गुब्बारा फट गया और उसका एक टुकड़ा कनिष्क की सांस की नली में फंस गया। घटना के बाद बच्चा मौके पर ही गिरकर छटपटाने लगा। साथ खेल रहे बच्चों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और टुकड़ा निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। आनन-फानन में मासूम को पास के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मां राजमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। देर शाम मासूम के शव को दफना दिया गया। वहीं, प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने बताया कि इस मामले की कोई आधिकारिक सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

### खुदागंज मेन हाईवे पर छुट्टा गौवंश का आतंक, हादसों का बढ़ा खतरा, जिम्मेदारों की अनदेखी से लोगों में रोष



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के मेन हाईवे पर इन दिनों छुट्टा गौवंश गंभीर समस्या बनकर उभर रहा है। सड़क पर झुंड बनाकर बैठे और इधर-उधर घूमते ये पशु राहगीरों और वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा पैदा कर रहे हैं। दिन के समय तो लोग किसी तरह सतर्क रहकर निकल जाते हैं, लेकिन रात में स्थिति बेहद चिंताजनक हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कम रोशनी और तेज रफ्तार के चलते अक्सर वाहन चालक अचानक सामने आ रहे गौवंश से टकरा जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। खासकर बाइक सवार और छोटे वाहन चालक सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस लापरवाही को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि छुट्टा गौवंश को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और हाईवे को अवरोध मुक्त बनाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# बजाज चीनी मिल के सुपरवाइजर ने की आत्महत्या

- एमडी सहित तीन अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप
- मृतक की पत्नी ने बजाज ग्रुप के एमडी और यूनिट हेड समेत तीन लोगों के खिलाफ दी तहरीर
- मृतक के पास से बरामद हुआ सुसाइड नोट

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना बंडा क्षेत्र के अंतर्गत बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड मकसूदापुर में कार्यरत एक गन्ना सुपरवाइजर ने मिल अधिकारियों के कथित उत्पीड़न से तंग आकर संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतक के पास से बरामद सुसाइड नोट और पत्नी द्वारा दी गई तहरीर ने मिल प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। मृतक की पत्नी ने बजाज ग्रुप के एमडी और यूनिट हेड समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम भौरखेड़ा निवासी मनोज कुमार गंगवार (42) मकसूदापुर चीनी मिल के गन्ना विभाग में साल 2010 से कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ समय से मिल के उच्च अधिकारी उन पर अनुचित दबाव बना रहे थे। मृतक की पत्नी नीरज ने थाना बंडा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बजाज ग्रुप के एमडी, यूनिट हेड और एक अन्य अधिकारी उनके पति को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि मनोज को पूर्व में एक बार नौकरी से निकाल भी दिया गया था और आए दिन पुनः निकालने की धमकियाँ दी जा रही थीं, जिससे वे गहरे मानसिक तनाव में थे। मृतक मनोज कुमार ने मौत को गले लगाने से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें





उन्होंने अपनी दुखद स्थिति को साझा करते हुए इन अधिकारियों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ही पत्नी नीरज ने पुलिस को बताया कि मनोज के मोबाइल फोन में ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है, जिसमें अधिकारियों द्वारा दी जा रही धमकियों के साक्ष्य हैं। मृतक ने अपने पत्र में पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि उनकी मौत के बाद उनके बच्चों को न्याय दिलाया जाए और मिल से मिलने वाले पीएफ व बीमा के पैसे का भुगतान कराया जाए ताकि परिवार का गुजारा हो सके। इधर मनोज की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। उनके पीछे पत्नी नीरज के अलावा दो नाबालिग बच्चे, पुत्री सृष्टि और पुत्र सक्षम हैं। जहां पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।पत्नी ने कहा कि कंपनी के अधिकारियों के द्वारा उनके पति पर आए दिन काम को लेकर दबाव डाला जाता था जिसने उनके हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ हत्या के लिए उकसाने की धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सुसाइड नोट और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। थाना पुलिस प्रदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। सुसाइड नोट और ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इधर इस पूरे प्रकरण पर चीनी मिल प्रबंधन के किसी भी अधिकारी ने अभी तक अपना पक्ष नहीं रखा है और आरोपी अधिकारियों ने अपने अपने मोबाइल फोन बंद कर रखे हैं। परिजनों के मुताबिक मनोज रोजाना की तरह देर शाम को घर आया और उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और सुबह जब परिजनों ने काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं सुनी तो उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा तो मनोज मृत अवस्था में अपनी चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों के अनुसार वह रविवार को वह अपनी पत्नी और बच्चों को जिला पीलीभीत के बीसलपुर में छोड़कर आया था जहां उसके दोनों बच्चे एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई करते हैं और पत्नी नीरज उन्हीं के साथ रहती थी। सुबह उसकी जेब से तीन सुसाइड नोट बरामद हुए जिसमें एक जिलाधिकारी शाहजहांपुर और पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर और एक अपने दोनों बच्चों के नाम लिखा मिला है। परिजनों के मुताबिक मनोज ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न




**मदनापुर, शाहजहांपुर।** असम और पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक विजय का भाजपाइयों ने जश्न मनाया। 5 राज्यों में हुए विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने असम में तीसरी बार और पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक विजय दर्ज की। विजय की खुशी में मंडल मदनापुर भाजपा नेता और कार्यकर्ता ब्लॉक मदनापुर में एकत्र होकर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख महेशपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा शाहजहांपुर महानगर आनंद प्रताप सिंह, पंकज निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, मंडल महामंत्री सचिन चैहान, दीपू, सरोज कुमार शुक्ला, प्रधान शक्ति सिंह, सनी सिंह, सत्येंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प. बंगाल में बहुमत मिलने पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी छुड़ाकर मनाई खुशी

**पुवायां,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नगर के राजीव चैक पर आतिशबाजी छुड़ाकर खुशी जाहिर की। नगर के राजीव चैक पर बड़ी संख्या में भाजपाई एकत्रित हुए। पश्चिम बंगाल, असम, पुंडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी छुड़ाकर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विनायक अग्रवाल, जिला मंत्री विपिन शुक्ला, नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा, राजेश शुक्ला, मिथुन मिश्रा, ब्रजेन्द्र प्रजापति, आदित्य चैहान, उपेंद्र चैहान, अवनीश मौर्य, सर्वेश शर्मा, मदनपाल, आभा गुप्ता, मधु सिंह सहित सम्मानित सभासद गण एवं पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर मनाया गया जश्न

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में खुदागंज नगर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।

जश्न के दौरान पूरा नगर 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह और मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जनता का भरोसा भाजपा के प्रति



लगातार बढ़ रहा है, जिसका परिणाम यह जीत है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं, जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह ने भी अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस जीत का जश्न मनाया। उन्होंने आतिशबाजी कर खुशी जताई और कहा कि यह जीत विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में दीपक राठौर, कृपाशंकर रस्तोगी, रमेश कोठारी, सौरभ गुप्ता नीटू, प्रकाश राठौर, बालकृष्ण राठौर, मुकेश राठौर, शिवोम शर्मा, रनजीत सिंह, लखपत सिंह, रामासरे कोहली और तुलसीराम कोहली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री के कैंप कार्यालय पर जश्न



**शाहजहांपुर।** पश्चिम बंगाल, असम,पंडुचेरी में भाजपा को प्रचंड जीत हासिल करने पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के कैम्प कार्यालय पर पार्टी जनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सभी ने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शानदार जीत हासिल की, वहीं पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर उस मिथक को भी तोड़ दिया कि बंगाल में भाजपा की जीत मुश्किल है। आज के परिणामों ने यह साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश में पहले से भी प्रचण्ड बहुमत जनता भाजपा को देगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, भूपेंद्र सिंह भन्नू, अनिल तिवारी, आलोक प्रताप सिंह, मनिल बाजपेयी, अमित बाजपेयी, विनोद गुप्ता आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क के निर्माण की मांग

- सुबोध कनौजिया ने सीएम को भेजा पत्र, की मांग

**शाहजहांपुर।** सक्रिय कार्यकर्ता भाजपा, पूर्व प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख बंडा सुबोध कनौजिया, एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि शाहजहांपुर अंतर्गत गुजरती शारदा नहर, हरदोई ब्रांच की पश्चिमी पटरी पर स्थित मकसूदपुर से कोरोंकुइंया पुल होते हुए शाहजहांपुर, पलिया हाईवे तक का मार्ग वर्तमान में कच्चा एवं जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग के पक्कीकरण से क्षेत्र के ग्राम कुइयां मोहलिया, बारीबरा, भांभी, अजोधापुर, नटिउरा, कुआं डांडा, ररूआ, डिमरई, भगौतीपुर, कैथ, बहेड़ा, सुहेला, सिंगापुर खास, जिगनियां मुजफ्ता, नगरिया, कनपरा, नौहा, नवावपुर गंगा आदि के निवासियों को जनपद मुख्यालय तक सुगम एवं त्वरित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, यह मार्ग स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सेवाओं (पुलिस-एंबुलेंस) की उपलब्धता एवं पहुंच को सुदृढ़ करेगा तथा क्षेत्र के किसानों, मजदूरों एवं विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करेगा। इसके अतिरिक्त, संबंधित क्षेत्रवासियों को अपनी तहसील पुवायां तक पहुंचने में भी अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत उक्त मार्ग के पक्कीकरण, निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

### तीन राज्यों में जीत पर झूमे भाजपाई, बांटी मिठाई



**तिलहर - शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों में भरी सफलता से उत्साहित पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने जनप्रतिनिधियों के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सोमवार दोपहर नगर के मुख्य बाजार चौराहे बिरियागंज पर भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों और समर्थकों ने एकत्र होकर एक दूसरे को बधाई देते हुए परस्पर मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। पश्चिम बंगाल, पांडचेरी तथा असम में पार्टी को भारी सफलता मिली है। जीत के इस जश्न के दौरान सांसद अरुण कुमार सागर, निगोही ब्लाक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, रजनी सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, अरुण यादव चैनू, आशीष शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित साहू, सुशील बाबू गुप्ता, जयप्रकाश द्विवेदी, मनमोहन सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प. बंगाल में बीजेपी की प्रचंड जीत पर मनाया विजय दिवस

**शाहजहांपुर।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर लोधीपुर क्षेत्र में अनेक संगठनों ने मिलकर हर्षोल्लास से विजय दिवस मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर,पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। राष्ट्रीय शक्ति दल की अध्यक्ष सावित्री शर्मा ने कहा कि बंगाल में परिवर्तन लाने में महिलाओं की सबसे ज्यादा भूमिका रही। ममता एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी सबसे अधिक बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार हुए। ममता सरकार ने अपराधियो का ही साथ दिया। महिलाओं ने ममता सरकार को उखाड़ फेका हैं।अपनादल एस के प्रदेश सचिव, पंचायत मंच शिव नंदन सागर ने कहा लोकतंत्र जनता जनार्दन से बड़ा कोई नहीं होता। पश्चिम बंगाल ममता सरकार में तुष्टिकरण और साम्प्रदायिकता की राजनीति करना, सत्ता और कुर्सी के लिए घुसपैठियों को खुली छूट देना



हिन्दुओं पर अत्याचार अत्यधिक होना टीएमसी की हार होने का मुख्य कारण बना। सरकार से त्रस्त जनता ने परिवर्तन कर दिया। जो सरकारें जनता की हितैषी नहीं रहेगी उनका यही हाल होगा। उपस्थित लोगों में मीनू मिश्रा, शशि प्रभा, प्रकाशबती, बेदप्रथा, ममता पाठक, अनुराधा अवस्थी, हेमा कश्यप, सतरूपा मिश्रा,नीलम मिश्रा, सरस्वती पाल, वैष्णवी शर्मा, सुधाशर्मा, संगम शर्मा, कमलेश सागर, विंदू सिंह, सहकार भारती के संयोजक अभिनव कश्यप, मदन लाल कश्यप, राजेश कुमार कश्यप, अशोक कुमार सिंह, स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत के जिला प्रमुख अरविंद मिश्रा, अवधेश दीक्षित, जगजीत शर्मा, श्रम संविदा सहकार समिति, सदर के अध्यक्ष आर बी लाल, प्रमोद सक्सेना, धर्म बीर वर्मा,देश राज, चमनलाल, अयोध्या प्रसाद मौर्या, देवेश त्रिपाठी आदि लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और मुंह मीठा कराया।

# रामचंद्र मिशन आश्रम में शांति, श्रद्धा और साधना का संगम

- बाबूजी महाराज जयंती समारोह के दूसरे चरण का शुभारंभ
- देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने किया गुरुसत्ता को प्रणाम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बाबूजी महाराज जयंती समारोह के दूसरे चरण का आज सुबह ध्यान साधना के साथ इस आध्यात्मिक उत्सव का शुभारंभ हुआ। देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ध्यान साधना कर मानवता के कल्याण और विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। ध्यान आरंभ होने से पूर्व प्रकृति ने अपने प्रचंड रूप में तेज आंधी और मूसलाधार वर्षा का आवरण ओढ़ लिया,किंतु यह प्राकृतिक बाधा भी साधकों की आंतरिक साधना को विचलित न कर सकी। वर्षा की तीव्र धाराओं के मध्य, जब आकाश गर्जन कर रहा था और धरती जल से सराबोर थी, तब भी हजारों अभ्यासियों ने अडिग संकल्प के साथ ध्यान साधना जारी रखी। मौसम की विपरीत परिस्थितियों में भी पूज्य दाजी ने स्वयं वर्षा के मध्य उपस्थित होकर साधकों का मार्गदर्शन किया और उन्हें ध्यान कराया। वह क्षण केवल एक



आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और आध्यात्मिक दृढ़ता का दिव्य उत्सव बन गयाकृजहां प्रकृति का कोलाहल, अंतर्मन की शांति के समक्ष नतमस्तक हो उठा, मानो प्रकृति स्वयं इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की साक्षी बन गई हो।

इस मौके पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि जब तक हम अपने हृदय में अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा नहीं पैदा करेंगे तब तक हमारी आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। श्रद्धा कोई ऐसा भाव नहीं है जिसे प्रयास से उत्पन्न किया जा सके। श्रद्धा आत्मा की स्मृति है। हमारे भीतर का कुछ हिस्सा पहले से ही घर की दिशा जानता है। जो तड़प हम ध्यान के दौरान महसूस करते हैं,ध्यान के बाद की शांति में महसूस होती है जब जीवन बाहर से पूर्ण लगता है, वास्तव में वह आत्मा की अपने मूल घर की याद है। यह श्रद्धा का प्रारंभिक रूप है जो अभी पूर्ण रुप से विकसित नहीं हुई है लेकिन स्पष्ट रूप से जीवित है। श्रीमद्भगवतगीता में श्री कृष्ण कहते हैं कि मनुष्य जिसके प्रति श्रद्धा रखता है, वही बन जाता है। दाजी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप यह जाने कि आपका हृदय कहाँ स्थिति है, आपका अंतर्ममन किस पर भरोसा करता है। हृदय जिस पर सबसे गहन भरोसा करता है, वह न केवल जीवन की दिशा तय करता है, बल्कि आत्मा के स्वरूप को भी गढ़ता है। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया। इस मौके बाबूजी महाराज के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, श्रीगोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, डॉ. अनुराधा अग्रवाल, सुरेंद्र सिन्हा, श्वेता, शालिनी श्रीवास्तव, रीना, मधु भानु, सौरभ, नेहा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत द्वारा जारी किया गया रिकवरी वारंट के तहत जनपद पीलीभीत के थाना दयुरिया से रिकवरी से संबंधित अभियुक्त मुनेंद्र कुमार पुत्र संत कुमार निवासी ग्राम जेवा थाना पुवायां को हिरासत में ले लिया। जिसे रिकवरी वारंट दिखाते हुए तीन लाख बीस हजार रुपए जमा करने हेतु बताया गया। जिसमें अभियुक्त द्वारा कोई भी धनराशि जमा करने से इनकार कर दिया गया। जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल धीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### धार्मिक स्थल पर निर्माण की शिकायत पर सीओ व कोतवाल पहुंचे, निर्माण सामग्री को कब्जे में लेकर प्रधान के सुपुर्द किया

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बराह मोहब्बतपुर गांव में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा धार्मिक स्थल पर रात में निर्माण करने की आशंका के चलते प्रशासन हरकत में आ गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री को कब्जे में ले लिया। रविवार देर रात समुदाय विशेष के लोगों द्वारा धार्मिक स्थल पर अवैध निर्माण करने की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थल पर वर्षों से जिंदबाबा का मेला लगता है। यहां केवल एक कब्र मौजूद थी। लेकिन पिछले करीब एक वर्ष से स्थल को चारों ओर से घेरकर निर्माण कार्य गुपचुप तरीके से ध कराया जा रहा था। आरोप है कि पहले दीवार बनाई गई, उसके बाद गेट लगाया गया था। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार की रात लिंटर डालकर गुंबद निर्माण करने की तैयारी चल रही थी जिसकी उन लोगों को भनक लग गई। सूचना पर सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चर्चा की पुलिस ने निर्माण कर बंद कराकर निर्माण सामग्री को बिरसिंहपुर चौकी पर कब्जे में लेकर रख लिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिना वैध अनुमति या विभागीय स्वीकृति के किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण न कराया जाए और प्रशासन निष्पक्ष जांच करें। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। निर्माण सामग्री को कब्जे में लेकर ग्राम प्रधान की सपुर्दगी की में दे दिया गया है। लोगों को कड़ी हिदायत दी गई है यदि किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### आंधी, बारिश क्या आई, लाइट के लिए तरसा गई

**शाहजहांपुर।** हल्की हवा और बूंदाबादी होने पर भी लाइट चली जाती हैं, तो वहीं सुबह को आंधी चलने और बारिश होने के कारण घंटों के लिए लाइट चली गयी, जिससे लोगों को पीने के पानी के साथ ही मोबाइल भी चार्ज करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। यह हाल देहात क्षेत्र में ज्यादा देखने को मिलता हैं। शहर की बात करें तो यहां पर आंधी और बारिश रुकने के कुछ देर बाद लाइट आ जाती हैं। लेकिन देहात क्षेत्र में इसका बहुत बुरा हाल हैं। यहां पर यदि हल्की बूंदे भी पड़ने लगे तो लाइट घंटों के लिए बाधित हो जाती हैं, गांव की बात करें तो वहां पर तो 12-12 घंटे के लिए लाइट गायब हो जाती हैं, जिससे लोगों की दिनचर्या की खराब हो जाती हैं। वर्तमान में बिना लाइट के कोई भी काम संभव नही हैं। आदमी आज के समय में लाइट पर पूरी तरह निर्भर हो गया, ऐसे में यदि इतनी खराब व्यवस्था है तो सिस्टम पर सवाल खड़े होना लाजिमी हैं। पुवायां में सोमवार को सुबह हल्की हवा चली और बारिश हुई। बिजली तुरंत काट दी गयी। इसके बाद दोपहर तक लाइट का कोई लता पता नही था। विजली विभाग के अधिकारियों का कहना था कि बडागांव फीडर पर फाल्ट है एक-दो घंटे में लाइट आ जाएगी। लेकिन दोपहर तक लाइट नही आई। जिससे लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा इनवर्टर भी डाउन हो गए, जिससे अंधेरे में रहना पड़ा। मोबाइल भी आफ हो गए। दोपहर बाद कहीं लाइट सही हुई जाकर। यदि गांव की बात करें, तो वहां पर 6 बजे तक लाइट नही आई थी। गांव के लिए भी वर्तमान में बिजली पर अत्याधिक निर्भर हो गए। सरकार भी उन्हें 18 घंटे लाइट देने की वादा कर रही हैं, लेकिन हकीकत कुछ ओर ही है। वहीं पुरानी लाइनें, वहीं ट्रांसफार्मर और उतने ही कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा हैं, जबकि कनेक्शन पहले से तीन गुने ज्यादा हैं, तो ऐसे भी व्यवस्था बेहतर होना बहुत ही मुश्किल हैं। ना ही कर्मचारी बढ़ाए जा रहे और न ही ट्रांसफार्मर बढाए जा रहे हैं, तो ऐसे भी दिक्कत होना लाजिमी है। जिस पर जिम्मेदार लोगों को ध्यान देने की जरूरत है।

# अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध होगा एक्शनः सीडीओ

- सीडीओ ने विकास भवन में किया निरीक्षण, कर्मचारियों की लगाई हाजिरी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सीडीओ का चार्ज संभालने के बाद नवागत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी का लापरवाह विभागों व कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन जारी है। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार को विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था



एवं पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में स्वच्छता सुनिश्चित की जाए तथा समस्त अभिलेख-पत्रावलियाँ व्यवस्थित रूप से संधारित की जाएं। साथ ही सभी कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने के लिए कड़ाई से निर्देश दिए गए। सीडीओ द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित विज्ञापन, सूचनाएं कार्यालय के बाहर प्रदर्शित कराई जाएं, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी सहजता से प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उनके वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश भी जारी किए गए। सीडीओ ने सभी विभागों को शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## एंटी करप्शन टीम ने एएमओ रिश्वत कांड मामले में दर्ज किए बयान

- टीम के नवीन मंडी पहुंचते ही मचा हड़कंप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रिश्वत लेने के मामले में पकड़े गए आरएफसी केंद्र के एएमओ मुनेंद्र नाथ पटेल मामले में एंटी करप्शन टीम ने नवीन मंडी स्थल पहुंचकर केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों एवं शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए। मंडी में एंटी करप्शन की टीम पहुंचने से अफरा तफरी मच गई। गौरतलब है कि बीती 22 अप्रैल को मदनापुर क्षेत्र के गांव चाहरपुर निवासी किसान एवं प्राथमिक विद्यालय शिक्षक सौरभ सिंह की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने आरएफसी केंद्र के एएमओ मुनेंद्र नाथ पटेल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन की टीम ने मीरानपुर कटरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी मुनेंद्र नाथ को कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। इस मामले में सोमवार दोपहर एंटी करप्शन की एक टीम तिलहर नवीन मंडी स्थित आरएफसी क्रय केंद्र पर पहुंची। चर्चा है कि टीम के सदस्यों ने मुनेंद्र नाथ के साथ काम करने वाले केंद्र प्रभारी एवं कर्मचारी के बयान दर्ज किए। इसी के साथ उन्होंने शिकायतकर्ता सौरभ सिंह चौहान को भी मौके पर बुलाकर कई बिंदुओं पर जानकारी ली। लगभग आधा घंटे तक जांच पड़ताल करने के बाद एंटी करप्शन की टीम चली गई। इस दौरान मंडी समिति में एंटी करप्शन टीम आने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं गरम रही।

## आंधी-पानी से बिजली गुल, खुदागंज में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**सुबह आई तेज आंधी-बारिश से 33 हजार लाइन में फाल्ट, दिनभर बिजली के लिए तरसे लोग**

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र में सोमवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। खराब मौसम के चलते 33 हजार वोल्ट लाइन में फॉल्ट आ गया, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बिजली गुल होने के कारण लोगों को पूरे दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। घरों में पंखे और कूलर बंद पड़े रहे, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी और दिनभर बेचैनी का माहौल बना रहा। वहीं, बिजली कटौती का असर पानी की व्यवस्था पर भी साफ देखने को मिला। बिजली न होने से मोटरें नहीं चल सकीं और छतों पर रखे पानी के टैंक खाली हो गए, जिससे लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ी। कई घरों में पीने के पानी तक की समस्या खड़ी हो गई। दिनभर लोग बिजली बहाल होने का इंतजार करते रहे, लेकिन सप्लाई शुरू न होने पर विभाग के खिलाफ नाराजगी बढ़ती नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार मौसम खराब होते ही बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है, जिससे आम जन ता को बार-बार परेशानी उठानी पड़ती है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द फॉल्ट ठीक कर सप्लाई बहाल करने के साथ-साथ स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से राहत मिल सके।

## कटरा नगर पंचायत उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना





**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव में मतदान के लिए ब्लॉक मुख्यालय से एडीएम वित्त और चुनाव पर्यवेक्षक की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ पोलिंग पार्टियों रवाना की गई। मंगलवार को होना है मतदान। सोमवार सुबह से ही तिलहर ब्लाक मुख्यालय पर अधिकारियों की आवाजाही और गहमा-गहमी का माहौल दिखाई देना शुरू हो गया।एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उपचुनाव के लिए 16 वार्डों में 33 मतदान बूथ बनाए गए हैं जिनके लिए 40 पोलिंग पार्टियों रवाना की गई है। इनमें सात पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने बताया प्रत्येक मतदान केंद्र पर एफआरएस तकनीक से मतदाता की पहचान की जाएगी और इस तकनीक का पहली बार चुनाव में उपयोग किया जा रहा है।प्रत्येक बूथ पर पोलिंग पार्टी में एक महिला कर्मचारी को पहचान करने के लिए रखा गया है। मतदान क्षेत्र को 4 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज, एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह, एसडीएम चित्रा निर्बाल, एसडीएम प्रियंका चैधरी को बनाया गया है। मतदान मंगलवार सुबह 7.00 से शाम 5.00 बजे तक चलेगा। उपचुनाव के पर्यवेक्षक बनाए गए एग्रीकल्चर विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता है।

## सड़क घटना में बाइक चालक की मौत होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

एक बाइक सवारी युवक को दूसरे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवारी युवक टक्कर लगने से घायल हो गया। घायल युवक के परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने लापरवाह पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टक्कर मारने के जुर्म में बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना न्यूरिया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम कैम निवासी ज्ञानवती ने थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि उसका पुत्र जगराज सिंह 29 अप्रैल




2026 की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल से धनकुना अड्डा सामान लेने जा रहा था। मझोला-धनकुना रोड पर सामने से आ रही एक बाइक के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जगराज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सिंधौली में ऐपजा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी का पत्रकारों ने किया जोरदार स्वागत, पत्रकारिता पर हुई विस्तृत चर्चा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड सिंधौली सभागार में आज ऐपजा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी का आगमन हुआ, जहां स्थानीय पत्रकारों ने उनका जोरदार एवं गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में सारथी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना होती है और इसे निष्पक्ष, निर्भीक तथा जिम्मेदारी के साथ निभाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने आ रही चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में



ऐपजा जिला अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी ने भी पत्रकारों के हितों को लेकर अपने विचार रखे। वहीं जिला सचिव नवीन मिश्रा ने पत्रकारों से हर परिस्थिति में डटकर कार्य करने और चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। इस दौरान मिथुन चक्रवर्ती, शेर सिंह यादव, विनोद यादव, हारून खान, अभिषेक नायक सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। बैठक का समापन संगठन को आगे बढ़ाने के संकल्प और आपसी विचार-विमर्श के साथ हुआ।

## कुत्ते से टकराई बाइक, एक गंभीर घायल, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के राजनपुर रोड पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अचानक सामने कुत्ता आ जाने से एक बाइक अनियंत्रित हो गिर गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। युवक किसी काम से तिलहर की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक कुत्ता सामने आ गया और बाइक अनियंत्रित हो गिर गई। घायल की पहचान अनिकेत सिंह 27 पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम धानी नगला , थाना पचदौरा , जनपद हरदोई के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तलाश गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना-खुटार पर दिनांक सूचना 01-04-2025 समय 13:05 बजे वादिनी श्रीमती किरण देवी पत्नी राम किशोर निवासीः ग्राम-मुरादपुर, थाना-खुटार,जनपद- शाहजहांपुर मोबाइल नंबर 7087822689 ने अपनी पुत्री उषा देवी उर्फ अंजली उम्र 14 वर्ष, घर से बगैर बताए कहीं चले जाने के संबंध में थाना- खुटार पर मु.अ.सं.170/25 धारा 137(2)बीएनएस पंजीकृत किया गया है। जिसकी विवेचना ए.एच.टी.यू. प्रभारी शाहजहांपुर द्वारा संपादित की जा रही है।

नाम- **उषा देवी उर्फ अंजली**
उम्र- **करीब 14 वर्ष**
लंबाई- **5 फीट**
हुलिया- **रंग- गेहुआ, आंख, नाक, कान, दोहरा मजबूत शरीर, गोल चेहरा।**
कपड़े- **लाल रंग की फ्रॉक वाली कुर्ती पहने हुए है।**



**नोट-** जिस किसी सज्जन को उक्त महिला के संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो नीचे लिखे नंबरों पर जानकारी देने की कृपा करें।
मोबाइल नंबर- **9454404211**

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**
**सै.अजहर उस्मान**
ब्लाक संवाददाता-खुदागंज, शाहजहांपुर
**मो.9557922440**

**आवश्यकता है**
ब्लाक जैतीपुर और सेहरामऊ दक्षिणी में हि.दै 'समृद्धि न्यूज' अखबार को संवाददाता की।
**संपर्क करें-**
**9415572885, 9984927542**

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

- बाइक व स्कूटी में रिंगरोड पर हुई भीषण टक्कर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रिंग रोड पर बाइक और स्कूटर की भीषण टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार शाम को कोतवाली के नगरिया मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में रिंग रोड स्थित पुल से 50 मीटर पहले एक बाइक और स्कूटर में आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे अपाचे बाइक सवार 30 वर्षीय युवक सौरभ की मौत हो गई। वहीं उसके साथी पुनीत को गंभीर हालत में



मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। तिलहर की ओर से शाहजहांपुर की तरफ जा रहे स्कूटर सवार जयजय राम पुत्र खेमकरण निवासी ग्राम गोपालपुर कोतवाली तिलहर को भी गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के एसआई जगेंद्र पाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर करने के बाद समाचार भेजे जाने तक मृतक सौरभ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है।

## पीडब्ल्यूडी के जेई और ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, जेई और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

**पूरनपुर।** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार के द्वारा पुलिया के निर्माण में मानकों की अनदेखी करने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया।
ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग के जेई की ठेकेदार की मिली भगत से पुलिया के निर्माण में मानको की अनदेखी की गई।
ग्रामीणों ने विरोध कर पूरियां निर्माण होने के बाद पुलिया के पास मिट्टी नहीं डालने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ करवाई करने की मांग की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके अजीतपुर बिल्हा के ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा पूलिया का निर्माण कराया गया है।
ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता की ठेकेदार से मिलीभगत के चलते पुलिया के निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई । पुलिया का निर्माण पुरा होने के बाद पुलिया के समीप मिट्टी और पक्की रोड नहीं बनाई गई है । जिससे लोगों को पुलिया से आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। गांव के राममूर्ति, सुमेर, लालाराम, भगवान शरण, मुकेश, पूतू लाल, विक्रम वर्मा, विक्रांत कश्यप, ओमकार समेत दर्जनों ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के जेई और ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से पुलिया के निर्माण में मानकों की अनदेखी करने पर जेई और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायाँ, शाहजहांपुर

**पत्र संख्याः-** 85/न.पा.परि.पु./ ई-टेन्डिरिंग/2026-27 **दिनांक** 04.05.2026

**(अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पुवायाँ, शाहजहांपुर द्वारा ई-निविदा के सूचना के माध्यम से निकाय निधि/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से आनलाईन सम्पत्ति कर प्रबंधन (कर निर्धारण, डिमांण्ड जनरेशन, बिल प्रिंट, भुगतान, रिपोर्ट) प्रणाली हेतु आनलाईन बिलिंग साफ्टवेयर का कार्य कराया जाना है। जिसके अन्तर्गत सम्पत्ति पंजीकरण, बिल जनरेशन, भुगतान व रिपोर्ट आदि शामिल हैं। इस हेतु ई-निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्य हेतु निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त उक्त कार्य हेतु निविदा शुल्क रुपया 790/-DD/NEFT/RTGS के माध्यम से नगर पालिका परिषद पुवायाँ, शाहजहांपुर के पक्ष में खाता संख्या 740701010050044 बैंक शाखा पुवायों, के नाम देय होगा। निविदा शुल्क की प्रति एवं जमानत धनराशि निविदा दर का 2 प्रतिशत एफ.डी.आर. ई-निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जीएसटी सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आनलाईन सम्पत्ति कर प्रबंधन (कर निर्धारण, डिमांण्ड जनरेशन, बिल प्रिंट, भुगतान, रिपोर्ट) प्रणाली हेतु आनलाईन बिलिंग साफ्टवेयर का कार्य। | 7,90,000 | 16,000.00 | 790.00 | 2 माह |

| क्र.सं. | कार्य का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा प्रकाशन/डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि | 06-05-2026 (01:00PM) |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि | 25-05-2026 (02:00PM) |
| 3. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 25-05-2026 (04:00PM) |

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदा शुल्क नगर पालिका परिषद पुवायाँ, शाहजहांपुर के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पुवायाँ खाता संख्या-740701010050044 आईएफएससी UBIN0574074 शाखा पुवायाँ, शाहजहांपुर के माध्यम से एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा जमा की जा सकती है। जिसकी स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रुप में निविदा का 2 प्रतिशत एफडीआर/एनएससी संलग्न करना अनिवार्य है।
3. फर्म का पिछले तीन वर्ष का आयकर रिटर्न कम से कम 1 करोड़ से अधिक हो।
4. फर्म विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग-भारत सरकार में जीआईएस मैपिंग एवं सर्वे कार्य के लिये पंजीकृत होनी चाहिये।
5. फर्म द्वारा 3 से अधिक निकायों में आनलाईन टैक्सेशन का सफलतापूर्वक कार्य कराया गया है।
6. फर्म के पास उत्तर प्रदेश की निकायों में जीआईएस एवं नियमावली-2024 के अनुसार किये जा रहे टैक्सेशन कार्य के अनुभव को प्रथम वरीयता दी जायेगी।
7. आनलाईन टैक्स एप्लीकेशन का रख रखाव एक वर्ष तक फर्म को करना होगा।
8. फर्म ISO 9001-2015 प्रमाणित होनी चाहिये।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पुवायाँ**
**शाहजहांपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद पुवायाँ**
**शाहजहांपुर।**

# फसल बीमा कराने को कृषकों को किया जन जागरूक

- मौसम की क्षतिपूर्ति के भुगतान वितरण कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत सोमवार को विकास भवन सभागार में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की खरीफ-2025 एवं रबी 2025-26 मौसम की क्षतिपूर्ति के भुगतान वितरण के सन्बन्ध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें विधायक ददरौल अरविंद सिंह, विधायक तिलहर सलोना कुशवाहा, विधायक



जलालाबाद हरिप्रकाश वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, चैयरमेन जिला सहकारी बैंक डीपीएस राठौर द्वारा कृषकों में हीरदेश कुमार सिंह को धनराशि 46732.00, दलवीर सिंह को धनराशि 27686.00, गंगासरन को 14419.00 धनराशि, राजेन्द्र सिंह यादव को धनराशि 15158.00, रेनू यादव को धनराशि 7324.00, प्रेमश्री को धनराशि 22671.00, छिद्दू बक्श को धनराशि 8942.00 ,रमन लत्ता को धनराशि 18207.00, शेरपाल सिंह को धनराशि 4650.00, सुख पाल को धनराशि 5200.00, को क्षतिपूर्ति धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया गया एवं जनपद में क्षतिपूर्ति की कुल धनराशि 864646.85 का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, जिला समन्वयक इफको टोकिया शमी आलम आदि उपस्थिति रहें।

उप कृषि निदेशक द्वारा कार्यक्रम में आए कृषकों को फसल बीमा कराने से क्या-क्या लाभ होता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही कृषकों से आग्रह किया कि अपनी फसल का बीमा जरूर कराये, जिससे आपको आपकी फसल की क्षति होने पर क्षतिपूर्ति मिलें।

## अब महंगाई का मौसम

अब एक आम समोसा 30 रुपए में मिलेगा। आम बाजार में, रेहड़ी-पटरी पर बिकने वाली चाय का एक कप 20-25 रुपए में मिलेगा। छोले-भटूरे की एक प्लेट के दाम 250 रुपए तक होंगे। मसाला-डोसा 210 रुपए में मिलेगा। एक औसत रेस्तरां और ढाबे पर पीली दाल की आधी प्लेट 110-120 रुपए में मिलेगी। यदि किसी बेहतर रेस्तरां, होटल में गए, तो भोजन की एक थाली 400 रुपए में मिलेगी। यह कोई नई बात नहीं है। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सरकार और तेल कंपनियों को महंगाई बढ़ानी ही थी, क्योंकि भारत तेल-गैस के सबसे बड़े आयातक देशों में एक है। देश के पांच राज्यों में चुनाव अभी सम्पन्न हुए हैं, तो व्यावसायिक गैस, 5 किलो के गैस सिलेंडर, सीएनजी, पीएनजी आदि के दाम इतने बढ़ा दिए गए हैं कि कारोबारी और आम आदमी की अर्थव्यवस्था ही बिखर जाएगी। हमने कुछ उत्पाद गिनाए हैं, अलबत्ता महंगाई तो चौतरफा होगी। बहुत जल्दी पेट्रोल, डीजल और रसोई की एलपीजी गैस के दाम भी बढ़ा दिए जाएंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने खुलासा किया है कि तेल कंपनियों को 20 रुपए पेट्रोल प्रति लीटर और 100 रुपए डीजल प्रति लीटर के घाटे झेलने पड़ रहे हैं। यह दाम बढ़ाने का एक तार्किक संकेत है। जब ईरान युद्ध के हालात नहीं थे और कच्चे तेल की कीमत भी 71-72 डॉलर प्रति बैरल थी, उस दौर में तेल कंपनियों ने जो मुनाफे कूटे थे, उन्हें न तो साझा किया गया और न ही देश को खुलासा किया गया। जब आपात-स्थितियां आती हैं और कच्चा तेल महंगा होने लगता है, तो केंद्र सरकार भी तेल कंपनियों की प्रवक्ता बन जाती है। यह देश को स्वीकार्य नहीं है। अब देश भर में 19 किलो का व्यावसायिक गैस का सिलेंडर 3000 रुपए से अधिक का हो गया है। प्रवासी मजदूरों, किराएदार छात्रों, दिहाड़ीदार और गरीबों की रसोई का आधार 5 किलो गैस का सिलेंडर भी 879 रुपए का कर दिया गया है। शायद सरकार नहीं जानती अथवा जानबूझ कर अनजान बन रही है, क्योंकि 5 किलो वाले सिलेंडर पर जमकर कालाबाजारी चल रही है और यह सिलेंडर 1000 रुपए से अधिक के दाम पर बेचा जा रहा है। आम आदमी बेचारा क्या करे? गरीब-गुरबों की सरकार है, यह तो महज एक नारा है। इसी साल व्यावसायिक गैस सिलेंडर तीन बार महंगा किया जा चुका है, लिहाजा फैमिली डाइनिंग का खर्च 30 फीसदी सीधा बढ़ गया है। यही नहीं, ईरान-अफगानिस्तान से आने वाला पिस्ता 32 फीसदी और केसर 37 फीसदी महंगे हो चुके हैं। युद्ध और अन्य कारणों से इनकी उपलब्धता भी बहुत कम है, लिहाजा मिठाइयों के दाम भी 20-100 रुपए तक बढ़ गए हैं। ईरान और अमरीका ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर नाकेबंदी कर रखी है, नतीजतन तेल-गैस-खाद की आपूर्ति नगण्य है। भारत में खाद की कीमतें भी आसमान छूने को हैं, लिहाजा इस वित्त वर्ष में सरकार पर 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सबसिडी का बोझ पड़ेगा। खाद पर सरकार के सामने दो विकल्प हैं। वह या तो खाद के दाम बढ़ाए अथवा 1.5-2 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी का बोझ झेले। किसान एक ताकतवर वोट बैंक है, लिहाजा सरकार को सबसिडी का रास्ता ही चुनना पड़ेगा। बजट में ऐसी सबसिडी का कोई प्रावधान नहीं है। बहरहाल हम भी मानते हैं कि ईरान युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा और अन्य संकट पैदा कर दिए हैं। यूरोपीय देश भी चिलचिला रहे हैं। अमरीका में ही पेट्रोल 38 फीसदी और डीजल 49 फीसदी तक महंगे हो गए हैं, जबकि अमरीका खुद तेल-निर्यातक देश है। चीन में भी तेल की कीमतें 20 फीसदी तक बढ़ी हैं। संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश में पेट्रोल के दाम 30 फीसदी और डीजल के दाम 72 फीसदी बढ़ाए गए हैं। भारतीय मुद्रा में बात करें, तो पेट्रोल की कीमत 156 रुपए प्रति लीटर हो चुकी है। हमें खुदरा में इससे सस्ता तेल मिल रहा है। आखिर कब तक मिलता रहेगा? और महंगाई बढ़ती है, तो आम आदमी भी क्या करे? उसके आर्थिक संसाधन भी सीमित हैं। सरकार को ही कोई रास्ता निकालना पड़ेगा। ईरान बनाम अमरीका-इजरायल युद्ध से पूरा विश्व प्रभावित हुआ है। शांति के मार्ग पर चलने वाले देशों को मिलकर इस लड़ाई को बंद करवाना होगा। अमरीका को अपनी हठ छोडऩी होगी। ट्रंप को युद्ध समाप्त करने के लिए चीन, रूस और भारत को दबाव बढ़ाना होगा। युद्ध में दोनों पक्षों का नुकसान ही होता है। इसलिए युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। अमरीका को भी यह याद रखना चाहिए कि उसके भी लाखों करोड़ों डालर इस युद्ध में नष्ट हो चुके हैं। ईरान में भी बहुत तबाही हुई है।

# वैश्विक रोजगार की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश

*सोनी सिंह*

उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में अब इसे वैश्विक स्तर तक विस्तार देने की ठोस रणनीति अपनाई गई है। सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को अब न केवल देश के भीतर, बल्कि विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। सेवायोजन निदेशालय के माध्यम से संचालित 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरा है, जिसने राज्य के युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के द्वार खोल दिए हैं।

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने की प्रक्रिया अब व्यवस्थित और संस्थागत रूप ले चुकी है। इस कार्य के लिए मिशन द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से आधिकारिक रिक्रूटिंग एजेंसी का लाइसेंस प्राप्त किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विदेशों में रोजगार की प्रक्रिया सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से संचालित हो।

प्रदेश के हजारों युवाओं को इजराइल जैसे देशों में निर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। लगभग 9000 निर्माण श्रमिकों का चयन किया गया, जिनमें से 6004 श्रमिक विदेशों में जा चुके हैं। इससे प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 1400 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा रेमिटेंस की प्राप्ति होगी। जो राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगें।

इसके अतिरिक्त, 1336 श्रमिकों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया जारी है और फरवरी 2026 में भी 245 श्रमिकों का चयन किया गया है। इन श्रमिकों को आवश्यक औपचारिकताओं जैसे पुलिस वेरिफिकेशन और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद विदेश भेजा जाएगा। रोजगार मिशन की पहल केवल निर्माण क्षेत्र तक सीमित नहीं है। वर्तमान में 5000 केयरगिवर्स को इजराइल और जापान में तथा 1000 नर्सों को जर्मनी में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा की गई पहल से उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अंतरराष्ट्रीय अवसर मिल रहे हैं।

इसके अलावा प्रदेश के कुशल, अर्द्धकुशल एवं तकनीकी कामगारों को दुबई और ओमान जैसे देशों में लगभग 2000 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया है। यह विविधता इस बात का संकेत है कि प्रदेश के युवाओं की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

प्रदेश में रोजगार सृजन के लिए रोजगार मेलों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। सेवायोजन निदेशालय द्वारा आयोजित इन मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।



*वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2026 तक 13,698 रोजगार मेलों और कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 17,26,163 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इन रोजगार मेलों ने युवाओं और नियोक्ताओं के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य किया है। रोजगार के साथ-साथ सही मार्गदर्शन भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा बड़े पैमाने पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2026 तक 29,172 काउंसलिंग कार्यक्रमों में 33,11,737 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई, जिससे वे अपने कैरियर को सही दिशा में आगे बढ़ा सकें। रोजगार मिशन के तहत 'इंडस्ट्री कनेक्ट' कार्यक्रमों का आयोजन कर उद्योगों और युवाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। 22 अगस्त 2025 को ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों, शिक्षण संस्थानों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस तरह के कार्यक्रमों से उद्योगों की आवश्यकताओं और युवाओं के कौशल के बीच सामंजस्य स्थापित होता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और स्किल गैप को कम करने में मदद मिलती है। प्रदेश में आयोजित रोजगार महाकुंभ कार्यक्रमों ने भी रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगस्त 2025 में लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ में 16,212 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें से 1612 युवाओं को यू0ए0ई और ओमान जैसे देशों में रोजगार के अवसर मिले है। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित इंटरनेशनल प्लेसमेंट इवेंट और वाराणसी में आयोजित काशी सांसद रोजगार महाकुंभ में भी हजारों युवाओं का चयन हुआ। प्रदेश में रोजगार के अवसरों का दायरा लगातार बढ़ रहा है।*

वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2026 तक 13,698 रोजगार मेलों और कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 17,26,163 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इन रोजगार मेलों ने युवाओं और नियोक्ताओं के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य किया है।

रोजगार के साथ-साथ सही मार्गदर्शन भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा बड़े पैमाने पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2026 तक 29,172 काउंसलिंग कार्यक्रमों में 33,11,737 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई, जिससे वे अपने कैरियर को सही दिशा में आगे बढ़ा सकें।

रोजगार मिशन के तहत 'इंडस्ट्री कनेक्ट' कार्यक्रमों का आयोजन कर उद्योगों और युवाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। 22 अगस्त 2025 को ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों, शिक्षण संस्थानों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस तरह के कार्यक्रमों से उद्योगों की आवश्यकताओं और युवाओं के कौशल के बीच सामंजस्य स्थापित होता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और स्किल गैप को कम करने में मदद मिलती है।

प्रदेश में आयोजित रोजगार महाकुंभ कार्यक्रमों ने भी रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगस्त 2025 में लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ में 16,212 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें से 1612 युवाओं को यू0ए0ई और ओमान जैसे देशों में रोजगार के अवसर मिले है। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित इंटरनेशनल प्लेसमेंट इवेंट और वाराणसी में आयोजित काशी सांसद रोजगार महाकुंभ में भी हजारों युवाओं का चयन हुआ। प्रदेश में रोजगार के अवसरों का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

वाराणसी में आयोजित इंटरनेशनल मोबिलिटी कॉनक्लेव में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, रिक्रूटिंग एजेंसियों और सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मंच पर सुरक्षित और नैतिक प्रवासन पर विशेष चर्चा की गई।

इसके अलावा यूरोपियन यूनियन के साथ संयुक्त कार्यशाला का आयोजन कर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत किया गया। इस प्रकार के प्रयास यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रदेश के युवाओं को विदेशों में सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार मिले। महिलाओं को रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए 'पिंक रोजगार महाकुंभ' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2765 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें से 79 महिलाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मिले। यह पहल दर्शाती है कि योगी सरकार महिलाओं को भी वैश्विक रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुंबई और पुणे में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से देश के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों और रिक्रूटिंग एजेंसियों से संवाद स्थापित किया गया। टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स और अन्य संस्थानों के साथ बैठकें कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर चर्चा की गई। साथ ही प्रशिक्षण संस्थानों के मॉडल का अध्ययन कर उन्हें उत्तर प्रदेश में लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया गया।

उत्तर प्रदेश में रोजगार की परिकल्पना अब केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह वैश्विक स्तर तक विस्तारित हो चुकी है। योगी सरकार के नेतृत्व में रोजगार मिशन ने युवाओं को नई दिशा और नए अवसर प्रदान किए हैं। विदेशों में रोजगार, रोजगार मेले, करियर काउंसलिंग और उद्योगों से सीधा संवाद सभी उद्यम मिलकर एक मजबूत रोजगार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रही हैं।

इसी गति से इस प्रयास से आने वाले समय में उत्तर प्रदेश न केवल देश के भीतर, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी कुशल मानव संसाधन का प्रमुख केंद्र बन जाएगा। यह पहल न केवल युवाओं के जीवन में बदलाव लाएगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

विचार

# उन्नत तकनीक के साथ शाहजहांपुर में समृद्ध होते किसान

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के किसानों की आय में वृद्धि करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश की कृषि व्यवस्था में विविधता लाने और पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का समावेश करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में राज्य का उद्यान विभाग इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य यह है कि प्रदेश का किसान अपनी मेहनत और उन्नत कृषि विधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

औद्यानिक फसलों, जैसे फल, सब्जी, और फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी, तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का व्यापक प्रभाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है और किसान परंपरागत फसलों के स्थान पर नकदी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

प्रशासनिक स्तर पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन जिला प्रशासन के कुशल निर्देशन में अत्यंत प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं किसानों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला रही हैं। जनपद शाहजहाँपुर में इस मिशन के अंतर्गत किए गए प्रयास एक मिसाल बनकर उभरे हैं। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप, प्रशासन ने किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रेरित किया और उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।



इसी क्रम में शाहजहाँपुर के ग्राम गंगसरा पुवायाँ के एक प्रगतिशील किसान श्री गोविन्द सिंह की सफलता की गाथा उल्लेखनीय है। पूर्व में पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने के कारण उन्हें बढ़ती लागत और घटती आय जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रदेश सरकार की औद्यानिक विकास की योजनाओं और एकीकृत बागवानी विकास मिशन की जानकारी मिलने के बाद, उन्होंने जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अपनी खेती की दिशा बदली। उन्होंने पारंपरिक फसलों के स्थान पर 2.00 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद की बागवानी शुरू की। सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान और तकनीकी सहायता ने उनके इस निर्णय को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत अमरूद की उच्च गुणवत्ता वाले पौधों का रोपण निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया। इस परियोजना में प्रति हेक्टेयर लगभग 1.50 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता ने किसान का मनोबल बढ़ाया। जब फसल तैयार हुई, तो विपणन की समस्या को दूर करने के लिए भी प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के तंत्र ने सहयोग किया। उद्यान विभाग और मण्डी समितियों के समन्वय से फसल को सीधे प्रक्षेत्र से ही व्यापारियों द्वारा क्रय कर लिया गया, जिससे किसान को बिचौलियों से मुक्ति मिली और उपज का उचित मूल्य प्राप्त हुआ। श्री गोविन्द सिंह को समस्त खर्चे निकालने के बाद लगभग 2.00 से 2.25 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत आय में वृद्धि है, बल्कि यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे सरकारी योजनाओं का सही उपयोग खेती को एक लाभकारी व्यवसाय बना सकता है।

इसी प्रकार, प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पॉलीहाउस और शेडनेट हाउस जैसी आधुनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए भारी सब्सिडी प्रदान की जा रही है। शाहजहाँपुर के ही एक अन्य कृषक श्री अमरीक सिंह ने इस तकनीक का लाभ उठाते हुए अपने प्रक्षेत्र पर पॉलीहाउस की स्थापना की। जिला प्रशासन के माध्यम से उन्हें न केवल वित्तीय सहायता मिली, बल्कि आधुनिक खेती के गुर भी सिखाए गए। पॉलीहाउस तकनीक के माध्यम से बेमौसमी सब्जियों और उच्च मूल्य वाली फसलों का उत्पादन संभव हुआ है, जिससे किसान को वर्ष भर निश्चित आय प्राप्त होती है। सरकार की इन नीतियों ने कृषि क्षेत्र में विविधता लाने के साथ-साथ युवाओं को भी कृषि की ओर मोड़ा है।

आज क्षेत्र के अन्य किसान भी पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी और नकदी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे प्रदेश में एक नई आर्थिक क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से आत्मनिर्भर किसान, समृद्ध प्रदेश का विजन वास्तविक रूप में साकार होता दिख रहा है, जहाँ सही योजना, समर्पण और प्रशासनिक सहयोग से किसान अपनी तकदीर स्वयं लिख रहे हैं।

साहित्य



## लोकतंत्र की आहुति...!

**संजय एम तराणेकर**

*चुनाव में कोई हारा है और कोई है जीता,*
*लोकतंत्र की आहुति में योगदान दें सीखा।*
*झालमुड़ी का करिश्मा नहीं रहा हैं फीका,*
*खाई किस-किसने, लगे किसी को तीखा।*

*यहाँ हर कदम पर भय का था वातावरण,*
*महिलाओं ने बेधड़क किया मतदान वरण।*
*जिसने दिया भयमुक्त करने का आश्वासन,*
*वहीं पाएगा कुर्सी, राज्य में अपना शासन।*

*यूं जनता ने अपना भी फैसला लिख दिया,*
*निराश न जाने किस-किसको कहाँ किया।*
*किसी के नेतृत्व ने हारने का रेकार्ड बनाया,*
*विजय देखों वन टाइम इतिहास लिखाया।*

*यहाँ पे निराश मैंने किसी को भी नहीं किया,*
*हिमंता को पुनः विकास का जिम्मा दे दिया।*
*विपक्षी को प्रसाद में केरलम उपहार दिया,*
*वोट की ताकत ने रंग दिखा सबको रिझाया।*





## राशिफल

**मेष:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभ:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन:-** बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# बंगाल की जनता ने उगाया भाग्योदय का नया सूर्य

*जितेन्द्र तिवारी*

सुदूर अमरीका में जा बसे एक भारतवंशी मित्र ने मुझे कल रात (मतगणना से पूर्व) एक संदेश भेजा। क्या मोदी-शाह भारतीय बंगाल को पुनः भारत में विलय करा पाएंगे? भारत भूमि से बहुत दूर एक भारतीय की चिंता ने पश्चिम बंगाल की वास्तविक स्थिति को एक लाइन में व्यक्त कर दिया था। मैंने उन्हें आश्वस्त किया था, बंगाल में भाजपा अभी नहीं तो कभी नहीं का आह्वान करके मैदान में उतरी थी। इससे अनुकूल परिस्थिति हो ही नहीं सकती। बाकी बंगाल और बंगाली समाज का भाग्य!

बंगाल की जनता का वंदन... साफ कहें तो बंगाल के हिन्दुओं का अभिनंदन कि उन्होंने अपने आत्मबोध को जगाया और जिस धरती ने पूरे भारत को क्रांति और अखंडता का संदेश दिया थाए उसका स्वाभिमान फिर से जगाया। चार मई की शाम होते-होते बंगाल से आने वाले ढोल नगाड़ों के नाद और उड़ते गुलाल ने केवल एक राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश की राष्ट्रभक्त और रामभक्त लोगों के मन को भाव विभोर कर दियाए उल्लास से भर दिया। यह भले एक राज्य के शासन के लिए चुनाव हो पर इस परिणाम का बहुत दूरगामी प्रभाव होगा।

बंगाल की वह धरती जिसने इस देश की आजादी का महामंत्र वन्देमातरम् दियाए जहां से पैदा हुई क्रांति की ज्वाला ने देश में ज्वार पैदा कियाए जिस धरती पर जन्मे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जैसे महान क्रांतिकारी ने आजाद हिन्द का सपना जन-जन की आखों में जगायाए मां काली के भक्त परमहंस रामकृष्ण दास के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने विश्व गगन पर हिन्दुत्व की आध्यात्मिक शक्ति का नाद गर्व से कहो हम हिन्दू हैं गुंजाया, उस बंगाल के बारे में यह संशय, यह चिंता, पिछले 33 साल के कम्युनिस्ट कुशासन और अब 15 साल में ममता बनर्जी के तुष्टीकरण शासन से उपजी थी।

मुझे अच्छे से याद है कि जब ममता बनर्जी कम्युनिस्टों की हिंसक और खूनी सरकार के खिलाफ संघर्ष कर रही थीं तब वे हिंसा के शिकार कुछ लोगों को दिल्ली लेकर आई थीं। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के सभागार में हुए उस आयोजन का संचालन मैंने (इन पंक्तियों के लेखक) ही किया था, जिसमें उन लोगों को प्रदर्शित किया गया था जिनके हाथ कलाइयों से काट दिए गये थे। उनका कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को वोट दिया था। उस समय ममता बनर्जी कांग्रेस से अलग होकर केन्द्र में अटल जी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार का समर्थन कर रहीं थीं। ममता बनर्जी ने जो उन दिनों संघर्ष किया, उसके लिए उन्हें जितनी प्रताड़ना सहनी पड़ी, उसी के लिए मैंने उस दिन उन्हें बार-बार बंगाल की शेरनी कहकर संबोधित किया था।

उस संघर्ष के बल पर कम्युनिस्टों के खूनी राज को उखाड़ कर सत्ता में पहुंची बंगाल की वह शेरनी मात्र 5 साल बाद ही अपनों के लिए ही खूंखार होने लगी थी। सत्ता पाने के बाद ममता बनर्जी का एक दूसरा ही रूप सामने आयाए जो तुष्टिकरण की पराकाष्ठा तक पहुंच गया था। मां, माटी और मानुष का नारा लगाकर सत्ता में पहुंचीं ममता बनर्जी के लिए अब मुल्ला, मुअज्जिन और मदरसा ही सब कुछ हो गए थे। यही वजह है कि कभी भारत की स्वतंत्रता की आवाज उठाने वाली धरती से यह सुनाई देने लगा था कि यह मिनी पाकिस्तान है या यह बांग्लादेश है। जो बाबर कभी बंगाल की धरती तक नहीं पहुंचा, उसके नाम पर बाबरी मस्जिद बनाने की कसम खाने वाले वहां पैदा होने लगे थे। बंगाली महिलाओं की इज्जत दांव पर लगी थी और एक महिला मुख्यमंत्री की यह निर्लज्ज टिप्पणी थी कि अगर सुरक्षित रहना है तो रात के अंधेरे में घर से न निकलो।

मां काली का भक्त हिन्दू समाज चुप रहकर, भौचक होकर आश्चर्य से देख रहा था कि वोट बैंक की राजनीति में अंधी हो गई ममता बनर्जी को उनकी पीड़ा क्यों नहीं दिख रही है। आखिर क्या वजह है कि हिन्दू स्वाभिमन का उद्घोष जय श्रीराम का नारा ममता के कानों में शीशे के घोल सा महसूस होता है। बंग भंग के आंदोलन से लेकर नोआखली के दंगों और विभाजन की त्रासदी को सहकर भी जो बंगाली समाज परम्परागत रूप से राष्ट्रभक्ति के रस में सराबोर रहा, उसके लिए यह सारी परिस्थितियां असहनीय थीं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने उनकी पीड़ा को समझा। उसने पाया कि ममता बनर्जी एक तरफ तुष्टिकरण, दूसरी तरफ भ्रष्टाचार और तीसरे परिवारवाद के चंगुल में पड़कर केवल बंगाल ही नहीं बल्कि एक प्रकार से राष्ट्रवाद और भारत का भी अहित करने लगीं हैं। तब नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व, अमित शाह की कुशल कूटनीति और पूरे भाजपा संगठन और उसके कार्यकर्ताओं के अनथक परिश्रम ने बंगाल की राष्ट्रभक्त जनता के मन में विश्वास पैदा किया। उस विश्वास को पाकर ही बंगाल की राष्ट्रभक्त जनता ने अपने ऊपर से उस शासन को उखाड़ फेंका जिसमें वे घुट-घुट कर जी रहे थे। वे खुलकर अपने राष्ट्रभक्त होने काए हिन्दू होने काए रामभक्त होने का और यहां तक कि भारतीय होने का गर्व नहीं व्यक्त कर पा रहे थे। वे एक प्रकार से अघोषित मुस्लिम व्यवस्था के तले पिसता हुआ सा महसूस कर रहे थे। चार मई को जो परिणाम आया है वह इस बात की आश्वस्ति प्रदान करता है कि भारत का बंगाल हमेशा भारत का ही बंगाल रहेगा। बंगाल की संघर्षशील, क्रांतिकारी और राष्ट्रभक्त जनता ने लगभग 50 साल तक तीन धाराओं (कांग्रेस, कम्युनिस्ट और तृणमूल) में चलकर देख लिया है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार बंगाल की धरती पर राष्ट्रवाद का नया स्रोत फूटा है, जिससे निकली धारा में उस राज्य के भविष्य के बारे में कोई संशय नहीं रहेगा और भारत के भाग्योदय का सूर्य भी और प्रखरता से चमक उठेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने मलवा औद्योगिक क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण




**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मलवा औद्योगिक क्षेत्रांतर्गत यूपी सीडा द्वारा निर्माणाधीन नाले का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन नाले के किनारे मिट्टी इकट्ठी होने पर उसके ससमय निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों द्वारा नाला सड़क से नीचे बनाए जाने की बात पर निर्देश दिए की नाले का स्लोप सड़क से ऊपर हो जिससे दो पहिया और चार पहिया वाहन नाले के ऊपर न जा सकें। कैंची मोड़ के निर्मित नाले के संबंध में पीडी एन एच आई को निर्देशित किया की नाले की समस्या का निस्तारण कराएं और टेंडर डॉक्यूमेंट में क्या था के साथ रिपोर्ट बनाकर अवगत कराएं। यह सुनिश्चित करें की इस बरसात से पहले इस समस्या का समाधान हो जाए जिससे हमारे उद्यमियों को इसका लाभ मिले। इस अवसर पर एडीएम बिन्दकी प्रियंका अग्रवाल, जीएमडीआईसी अजय कुमार गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### बकरी, भैंस चोर समझ युवक को पीटकर किया मरणासन्न, मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बुधईयापुर में बीती रात बकरी व भैंस चोर समझ कर गांव वालो ने लाठी डन्डो व धारदार हथियार मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में सोमवार की सुबह मौत हो गयी। वहीं मृतक के महिला समेत 14 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफतहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुये अपनी तहकीकात शुरू कर दी। वहीं घटना की जानकारी होने पर सोमवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा निवासी रामसजीवन का पुत्र कमलेश कुमार खुद का सटरिंग का काम करता था बताते है कि बीती रात किसी का फोन आने पर वह घर से निकल पड़ा और मलवां थाने के बुधईयापुर पहुंच गया। जहां लोगो ने भैंस व बकरी चोर समझ उसे लाठी डन्डो व धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 व सरकारी एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। इलाज दौरान सोमवार की सुबह कमलेश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। मृतक के छोटे भाई सुमेश ने बताया कि उसका भाई का सटरिंग का काम करता था। रात लगभग 12 से एक के बीच किसी महिला का फोन आया। जिस पर भाई घर वालो से बिना बताये निकल गया और पहले से ही घात लगाये बैठे गांव वालो ने उसके भाई को लाठी डन्डा व धारदार हथियार मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी इलाज दौरान मौत हो गयी। मृतक का भाई सुमेश उर्फछोटू ने थाने में दी गयी तहरीर में बताया कि तारा देवी पत्नी मानसिंह ने धोखे से उसे गांव बुलाया और जिस पर ससुर राजबिहारी तारावती का भतीजा गोरे लाल, विमल एवं कमल सिंह, अवध बिहारी, छैलबिहारी, अभिमन्यू, आशीष, विमलेश उर्फमुन्नर, धनंजय, राजेन्द्र, एवं रमाकान्त को नामजद करते हुये अन्य अज्ञात लोगो के खिलाफतहरीर दी है।

### मिशन शक्ति केंद्र की पहल से गुमशुदा युवती बरामद



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के नेतृत्व में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गुमशुदगी नं0 03/2026 से संबंधित गुमशुदा अतिमा कुशवाहा पुत्री छत्रपाल कुशवाहा उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी ग्राम बुड़ेरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के पिता छत्रपाल कुशवाहा को सूचना दी गई, जिस पर वह थाना पनवाड़ी में उपस्थित हुए। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र की पहल के तहत गुमशुदा अतिमा कुशवाहा की काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान अतिमा कुशवाहा द्वारा बताया गया कि वह अपने पिता छत्रपाल कुशवाहा के साथ ही जाना चाहती है। गुमशुदा अतिमा कुशवाहा को उसकी इच्छानुसार उसके पिता छत्रपाल कुशवाहा के साथ थाना हाजा से सकुशल एवं सम्मान पूर्वक रुखसत किया गया। उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### भाजपा की प्रचंड जीत पर जगम्मनपुर में मना विजय उत्सव, कार्यकर्ताओं में दिखा जोश



**रामपुरा (जालौन)।** पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के अवसर पर ग्राम जगम्मनपुर के पंचायत भवन में उत्साह और उल्लास के बीच विजय उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा जीत को संगठन की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने कहा कि यह जीत देश की जनता के विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के प्रति विश्वास की जीत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इसी ऊर्जा के साथ जनसेवा में जुटे रहें। कार्यक्रम में सुनील शर्मा (पूर्व जिला उपाध्यक्ष), राम लखन औदीच्य (वरिष्ठ भाजपा नेता), प्रज्ञादीप गौतम (ग्राम प्रधान जगम्मनपुर) ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं ने जनता का भरोसा जीता है। मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, हरेन्द्र सिंह चंदेल, अमर सिंह पाल, रज्जन पाल (ग्राम प्रधान मई), कन्हैया महाराज, भरत भदौरिया (मंडल अध्यक्ष) तथा रामू मिझौना सहित अनेक कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया और भविष्य में संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश दिया।

### इंडिया हेल्पर फाउंडेशन में नई जिम्मेदारी, संतोष चौहान बने प्रदेश सचिव

**माधौगढ़ (जालौन)।** सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय संस्था इंडिया हेल्पर फाउंडेशन ने संगठन विस्तार के तहत संतोष सिंह चौहान (दाऊ) को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव संतोष सिंह चौहान ने कहा कि वह फाउंडेशन के साथ जुड़कर पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक अभियानों को प्रदेश स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि संतोष सिंह चौहान के अनुभव और कार्यशैली से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य होंगे। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और समर्थकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, 8 श्रद्धालुओं की मौत, 2 गंभीर

- दो घायलों ने हैलट कानपुर में इलाज दौरान दम तोड़ी
- डीएम, एसपी ने कालपी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली

**कालपी, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**



झांसी-कानपुर हाईवे पर कालपी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें 8 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग अयोध्या से रामलला के दर्शन कर वापस ललितपुर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार ललितपुर के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी (49) अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जब उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हूपुर मोड़ के पास पहुंची, तभी चालक को अचानक झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चार घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें दो और व्यक्ति ने दम तोड़ दी मृतकों की सख्या 8 हो गई मृतको में शशिकांत त्रिपाठी, कृष्णकांत नायक, दीपक तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज भोंडले, देशराज नामदेव, उमेश, ब्रजभूषण आदि हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर की मदद से कार को काटकर घायलों को बाहर निकाला। कुछ लोग करीब 20 मिनट तक कार में फंसे रहे। बताया जा रहा है कि कार में कुल 10 लोग सवार थे और सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य किया गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां इमरजेंसी में कुछ समय तक वार्ड बॉय न होने के कारण इलाज में देरी भी हुई। बाद में घायलों को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी विनय कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को आई झपकी बताया जा रहा है। साथ ही यह भी सामने आया है कि कई यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे में जान-माल का अधिक नुकसान हुआ। घायलों में जो कानपुर हाईलाइट किए गए थे उसमें दो लोगों की और मौत हो गई जिसमें मृतकों की संख्या आठ हो गई घायलों में हरिमोहन और अंशुल शामिल है जिनका उपचार समाचार लेकर जाने तक कानपुर हैलट में चल रहा था।

### शादी समारोह में जाते समय बाइकों की भिड़ंत में 3 की मौत



**कुलपहाड़/ महोबा।** एक शादी समारोह में जाते समय नगर के जैतपुर रोड मुढारी तिगेला के पास दो मोटर साइकिल आमने–सामने भिड़ंत हो जाने से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने एम्बुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन लोगों की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने महोबा रिफर कर दिया। जहां जांच के बाद तीन वाइक सबारो को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय पुत्र भूमानी दीन 35 अपने भतीजे उमेश और साजन के साथ बाइक में सवार होकर बेलाताल में भांजे संदीप की शादी में शामिल होने जा रहे थे। नगर कुलपहाड़ के मुढ़ारी तिगैला के पास बाइक की दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में उमेश पुत्र कैलाश उम्र 30 निवासी सुगिरा, रामपाल पुत्र सेतु उम्र 55 निवासी नैगवाँ, बलदाऊ पुत्र छेनुआ उम्र 25 निवासी गुढ़ा अजनर की मौत हो गई है। जबकि बाइक सवार बाबू , साजन व चन्द्रभान घायल होने पर उपचार को भर्ती कराया है।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग का स्वागत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




पहुंचे भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश रविकांत गर्ग का सिविल लाइंस स्थित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में जनपद के व्यापारियों, उद्यमियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष को फूल मालाओं से लाद दिया व प्रतीक चिन्ह देकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। रविकांत गर्ग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में व्यापारी पूर्णतया सुरक्षित है कोई भी अधिकारी नौकरशाह क्षेत्रीय माफिया गुंडा किसी व्यापारी के साथ उत्पीड़न का कार्य नहीं कर सकता यदि किया तो हमारी सरकार व हमारा संगठन उसको छोड़ने वाली नहीं है। व्यापारियों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे तमाम कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से समझाया और कहा कि व्यापारी बिना किसी दबाव के बिना किसी भय के व्यापार करें हमारा संगठन पूरी तरह व्यापारियों के साथ है और देश व प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा की हम गारंटी प्रदान करते हैं साथ में समस्त व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज गंगोत्री से गंगासागर तक भगवा लहरा गया है इसकी सभी व्यापारी भाइयों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं सभी व्यापारी भाइयों का इसमें अहम योगदान है। संगठन के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि अप्रैल माह का जीएसटी कलेक्शन 02 लाख 47000 करोड़ हुआ है। यह अभी तक का सबसे बड़ा जीएसटी कलेक्शन है। यह व्यापारियों की मेहनत और ईमानदारी की वजह से संभव हो सका है। व्यापारी सदैव देश एवं प्रदेश का विकास चाहता है जीएसटी और इनकम टैक्स में अहम योगदान करता है उसके बदले में सरकार से सिर्फ अपनी सुरक्षा की गारंटी और व्यापार में सुगमता चाहता है अधिकारी उसका उत्पीड़न ना करें बस यही कुछ मुद्दे है जो व्यापारी को आश्वस्त करेंगे और यदि व्यापारी सुरक्षित रहेगा तो आने वाले दिनों में इससे भी ज्यादा बढ़-चढ़ कर सरकार को राजस्व प्राप्त होगा और देश एवं प्रदेश का विकास होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल, जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, जिला मंत्री सुनीता गुप्ता, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला कोऑर्डिनेटर चंद्रप्रकाश गुप्ता बबलू, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, संरक्षक सुरेश चंद्र गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, केशव राम त्रिपाठी, डॉ दीपक गुप्ता, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, पवन कुमार गुप्ता, टीटू गुप्ता बहुआ, गंगा प्रसाद वैश्य सहित सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

### डेढ़ करोड़ की लागत से बने गौशाला का हुआ वर्चुअली उद्घाटन



**विजयीपुर, फतेहपुर।** यमुना कटरी क्षेत्र में लंबे समय से अन्ना (छुट्टा) मवेशियों की समस्या से जूझ रहे किसानों और स्थानीय निवासियों को अब बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसी क्रम में विजयीपुर विकास खंड के रायपुर भसरौल गांव में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित स्थाई गौशाला (वृहद गौ संरक्षण केंद्र) का आज विधिवत वर्चुअल उद्घाटन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया, जबकि कार्यक्रम की अगुवाई क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान ने की इस मौके पर विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाना है। यह गौ संरक्षण केंद्र न केवल पशुओं के संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि क्षेत्र में कृषि कार्यों को भी सुरक्षित बनाएगा कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद व्रत गंगवार, खंड विकास अधिकारी जय प्रकाश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे अधिकारियों ने बताया कि यह गौशाला आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जहां मवेशियों के लिए चारे, पानी और स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इससे यमुना कटरी क्षेत्र में घूम रहे अन्ना मवेशियों को सुरक्षित स्थान मिलेगा।

### पश्चिम बंगाल जीत पर भाजपा कार्यालय जश्न



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में 5 राज्यों में 3 राज्यों में जबरदस्त जीत पर जश्न मनाया गया, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी गई, सम्पूर्ण कार्यालय ढोल नगाड़े से गूंजता रहा, मतगणना के प्रारंभ में ही मिल रहे रुझानों की जानकारी पर कार्यकर्ताओं में जोश भर गया, धीरे–धीरे सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि असम व पांडुचेरी के साथ ही पश्चिम बंगाल विजय हमारे विचारों की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीकारोक्ति का पुख्ता प्रमाण है, देश के सेवा सुशासन का सफर अब और भी सफलता व तेजी से विकास पथ पर दौड़ेगा। इस दौरान जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, सुशीला मौर्य, पुष्पराज पटेल, कुलदीप भदौरिया, पंकज त्रिपाठी, ओम मिश्रा, अरिमर्दन सिंह, रेखा सरोज, सुमित द्विवेदी, प्रदीप बाजपेई, छोटू महराज प्रसून तिवारी, गौरव शुक्ला, प्रवीण सिंह, विवेक श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, संजय लाला, वन्दना द्विवेदी, आशीष तिवारी, ज्योति प्रवीण, अभिषेक शुक्ला, संजना द्विवेदी, रिंकू लोहारी, अमित तिवारी, जसवंत गिहार, राजेश सिंह रवी श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लेखपाल की समस्याओं का किया जाएगा समाधानः डीएम

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद का पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन तहसील महोबा सदर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार महोबा आदि एवं जनपद के समस्त लेखपालों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी ने लेखपालों की विभिन्न समस्याओं, कार्यगत चुनौतियों एवं समाधान से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व कार्यों की गति और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है।

जिलाधिकारी ने संगठन द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रूप से विचार करते हुए आश्वस्त किया कि उचित स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने लेखपालों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्रीय कार्यों को पारदर्शिता, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा करें, जिससे आमजन को बेहतर सेवाएँ मिल सकें।

अधिवेशन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएँ जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर प्रशासनिक स्तर से आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर शिवभान जिलाध्यक्ष , लोकेन्द्र सिंह यादव जिलामंत्री समस्त लेखपाल व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने थाना कुलपहाड़ विवेचकों के साथ की समीक्षा बैठक

- सीओ रविकांत गोंड ने विवेचना निस्तारण व कानून-व्यवस्था पर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कुलपहाड़, महोबा, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना स्तर पर संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यक्षा एप के प्रभावी उपयोग, अपराधियों के क्रिमिनल वेरिफिकेशन, डिजिटल साक्ष्य संकलन हेतु ई-सक्षया के समुचित प्रयोग, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण (60/90 दिवस के भीतर), अपराध की रोकथाम प्रिवेंशन ऑफ क्राईम एवं लंबित एन बी डब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) की शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित किए जाने के संबंध में विशेष बल दिया गया। प्रत्येक बिंदु की प्रगति का विस्तृत अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि सभी प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। क्षेत्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि अपराधियों की प्रभावी निगरानी एवं सत्यापन की कार्यवाही सतत रूप से की जाए तथा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर लंबित एन बी डब्ल्यू की तामीली शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। साथ ही अपराध की रोकथाम हेतु संवेदनशील स्थानों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक पुलिसिंग कार्यवाही को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इसके उपरांत क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना परिसर में नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ संवाद स्थापित किया गया। संवाद के दौरान उन्होंने पुलिस सेवा के मूल कर्तव्यों, अनुशासन, जनसंपर्क, टीम वर्क एवं आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा उनके व्यवहारिक परीक्षण रजिस्टर का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें ईमानदारी, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के पुत्र सार्थक सिंह का जन्म दिनांक- 12.01.2022 को निज निवास- ग्राम व पोस्ट कुसुम्भी विकास खण्ड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर में हुआ था जिसकी मुझे जानकारी न होने की वजह से पुत्र सार्थक सिंह का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा सका था अब जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। यदि जन्म तिथि एवं जन्म स्थान में कोई कानूनी वाद विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं मेरी होगी। सर्वेश कुमार पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी- ग्राम व पोस्ट कुसुम्भी विकास खण्ड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी की पुत्री आन्या तिवारी की जन्म दिनांक- 21.06.2022 को निज निवास- ग्राम पहाड़पुर पोस्ट पमरौली विकास खण्ड बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर में हुई थी जिसकी मुझे व मेरी पत्नी पूनम देवी को जानकारी न होने की वजह से पुत्री आन्या तिवारी का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा सके थे अब जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। यदि जन्म तिथि एवं जन्म स्थान में कोई कानूनी वाद विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं मेरी होगी। पंकज कुमार पुत्र महेन्द्र नाथ तिवारी निवासी- ग्राम पहाड़पुर पोस्ट पमरौली विकास खण्ड बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के पुत्र प्रियांशू सिंह का जन्म दिनांक- 29.09.2020 को निज निवास- ग्राम व पोस्ट कुसुम्भी विकास खण्ड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर में हुआ था जिसकी मुझे जानकारी न होने की वजह से पुत्र प्रियांशू सिंह का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा सका था अब जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। यदि जन्म तिथि एवं जन्म स्थान में कोई कानूनी वाद विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं मेरी होगी। सर्वेश कुमार पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी- ग्राम व पोस्ट कुसुम्भी विकास खण्ड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी के पुत्र नमन तिवारी पुत्र विनय शंकर तिवारी का जन्म दिनांक- 28.11.2022 को निज निवास- ग्राम पहाड़पुर पोस्ट पमरौली विकास खण्ड बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर में हुआ था जिसकी मुझे व मेरे पति विनय शंकर तिवारी को जानकारी न होने की वजह से पुत्र नमन तिवारी का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा सके थे अब जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। यदि जन्म तिथि एवं जन्म स्थान में कोई कानूनी वाद विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं मेरी होगी। काजल देवी पत्नी विनय शंकर तिवारी निवासिनी- ग्राम पहाड़पुर पोस्ट पमरौली विकास खण्ड बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।


# एसडीएम, बीडीओ रखेंगे गांवों में रोड रेस्टोरेशन की गुणवत्ता पर नजरः डीएम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

- जल जीवन मिशन में ढिलाई पर डीएम ने फिर लगायी फटकार
- रोड रेस्टोरेशन व जलापूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश




सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कार्यों की प्रगति का गहन परीक्षण करते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को प्रत्येक गांव में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अधिशासी अभियंता व कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सामने आया कि विभिन्न पैकेजों में पाइपलाइन बिछाने के बाद कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं और उनका रोड रेस्टोरेशन कार्य अभी भी लंबित हैए जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी शेष गांवों में प्राथमिकता के आधार पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा में यह भी पाया कि जीवीपीआर के 212 गांवों के सापेक्ष 26 गांवों में जलापूर्ति अभी शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लंबित गांवों में निर्धारित मानव संसाधन लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए और शीघ्र ही शेष ग्रामों में जलापूर्ति प्रारंभ की जाए। जहां कहीं पाइप लाइन लीकेज, अधूरे कनेक्शन या तकनीकी बाधाएं हैं, उन्हें अभियान चलाकर तत्काल दूर कर लम्बित कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। अपर जिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता नियमित रूप से प्रतिदिन आकस्मिक रूप से ग्रामों का भ्रमण कर जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराए। अभियंताओं के शिथिल पर्यवेक्षण पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगेए संबंधित उप जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से गांवों का स्थलीय निरीक्षण करें और जलापूर्ति कार्यों की वास्तविक स्थिति की निगरानी स्वयं करें। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सला पेयजल परियोजना के सभी 11 प्वाइंट्स पर रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इन सभी प्वाइंट्स पर रोस्टर तैयार कर उसे अंकित किया जाएए जिसमें यह दर्शाया जाए कि प्रत्येक स्थान पर प्रतिदिन कितने घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही हैए ताकि किसी भी दशा में जलापूर्ति बाधित न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गांव में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण होने के साथ.साथ उसकी गुणवत्ता की जाँच भी की जानी आवश्यक है। सभी बीडीओ और एसडीएम यह सुनिश्चित करें की शेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्यए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवालए अधिशाषी अभियंता अंचल गुप्ता आदि संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा

पत्रांक-64/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-04.05.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना से नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 05.05.2026 से 11.05.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 12.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**प्रवेन्द्र कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

# सत्यवान सावित्री की कथा नारी शक्ति का प्रतिबिंब

- नौटंकी के माध्यम से सत्यवान सावित्री कथा का किया गया चित्रण, दो दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी



बीती रात पूर्णिमा सेवा संस्थान, बाराबंकी के तत्वावधान में तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय 'सत्यवान सावित्री: नौटंकी के माध्यम से नारी शक्ति का प्रतिबिंब' का भव्य समापन श्रीराम जानकी मंदिर सभागार, गोकुल नगर, बाराबंकी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.बी. शर्मा (पूर्व सदस्य, टी.जी. बोर्ड, उत्तर प्रदेश सरकार) ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ नारी शक्ति के महत्व को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हैं। इसी क्रम में महंत श्री हृदय शंकर मिश्रा ने कहा कि सत्यवान सावित्री की कथा भारतीय संस्कृति में नारी के अदम्य साहस, समर्पण और धर्मनिष्ठा का प्रतीक है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. राम कुमारी मौर्य (पूर्व प्रत्याशी, भाजपा) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के आत्मबल और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नौटंकी का मंचन कलाकारों द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से सावित्री और यमराज के बीच संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया तथा जीवन-मूल्यों, सत्य, निष्ठा और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर श्री प्रेम चन्द त्रिवेदी, उमेश त्रिवेदी, काशी प्रसाद त्रिवेदी, श्रीमती सुनीता शर्मा, कुलदीप शर्मा, ज्ञानेन्द्र कुंवर सिंह, श्रीमती सुषीला, अमर सिंह, डॉ. आर.के. वर्मा, अर्चना मिश्रा, दीपक दास, कुलदीप वर्मा, रमा देवी, रेनू गुप्ता, शोभा रानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा त्रिवेदी ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया तथा ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक चेतना एवं जागरूकता को निरंतर बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, परिजनों ने लगाई मदद की गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर किशोरी की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,उक्त गांव निवासी पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पौत्री 17 अप्रैल 2026 को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद से किशोरी का कोई पता नहीं चल सका है, जिससे परिजन काफी परेशान हैं। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद काफी खोजबीन की गई।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 2200 लीटर अवैध शराब कराई नष्ट



**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़, बाराबंकी।** थाना सुबेहा पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित अभियोगों में बरामद कुल 2200 लीटर अवैध देशी शराब का किया गया विनिष्टीकरण। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्या0 24 हैदरगढ़ के आदेश के अनुपालन में थाना सुबेहा पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के विभिन्न 223 अभियोगों में बरामदशुदा 2200 लीटर अवैध देशी शराब के विनिष्टीकरण की कार्यवाही नियमानुसार की गयी। इस मौके पर आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी आबकारी मय टीम व थाना प्रभारी निरीक्षक सुबेहा श्री बेचू सिंह यादव, अमित यादव फौजदारी लिपिक न्यायालय सं0-24 हैदरगढ उपस्थित रहें।

# डीएम ने निर्माणाधीन सभागार व पुस्तकालय का किया स्थलीय निरीक्षण

रायबरेली समृद्धि न्यूज़



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज अवध केसरी राणा बेनी माधव बख्श सिंह की स्मृति में निर्माणाधीन सभागार एवं पुस्तकालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार प्रगति पर है। शेष धनराशि शासन से समय पर प्राप्त होते ही कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा। परियोजना के प्रथम चरण (फेज-01) का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील दत्त, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन के सहायक प्रोजेक्ट अभियंता संदीप कुमार, जूनियर इंजीनियर विनय वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने 12 किसानों को क्षतिपूर्ति के डमी चेक किए वितरित

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित कृषकों को देय क्षतिपूर्ति का वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर आज महात्मा गांधी सभागार विकास भवन मे माननीय सदर विधायक श्रीमती अदिति सिंह की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे लाभान्वित कृषकों मे से 12 किसानो को क्षतिपूर्ति के डमी चेक का वितरण किया गया । क्षतिपूर्ति से लाभान्वित सभी किसानो को क्षतिपूर्ति का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के माध्यम से रबी वर्ष-2025-26 के 434 किसानो को रू0-2768324 डी0बी0टी0 के माध्यम से किसानो के खातों मे भेजा गया इसके साथ ही खरीफ-2025 की अवशेष क्षतिपूर्ति की धनराशि रू0-1026553 सभी लाभान्वित कृषकों को सीधे खाते में भेजा जायेगा। उप कृषि निदेशक रायबरेली द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों की क्षति की स्थिति मे देय क्षतिपूर्ति की स्थितियों एवं फसलों की प्रीमियम दरो के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा कृषि विविधीकरण एवं मत्स्य पालन को बेहतर तरीके से करते हुए किसानो की आय बढ़ाने पर बल दिया गया। माननीय विधायक सदर रायबरेली द्वारा किसानो सम्बोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान सरकार की प्राथमिकता मे सम्मिलित है तथा क्षतिपूर्ति का भुगतान इस बार रिकार्ड समय मे सरकार द्वारा किसानो के हित में किया गया है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि खेती में प्राकृतिक कारणो के जोखिमों को रोका नही जा सकता है किन्तु फसल बीमा से आच्छादित रहने पर विपरीत परिस्थितियों मे क्षतिपूर्ति के माध्यम से कुछ सीमा तक उसकी भरपाई की जा सकती है।

जनपद के अधिक से अधिक किसानो को इस योजना से जुडने का आह्वाहन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य मो0 इरफान, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अग्रणी जिला प्रबन्धक विमल कुमार दुबे समेत बीमा कम्पनी के कर्मचारी सहित किसान उपस्थित रहे।

## 45 लीटर अवैध कच्ची शराब व 150 किलो लहन बरामद कर किया नष्ट

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 2 रोबिन आर्य द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा सदर तहसील के मिल एरिया थाना अंतर्गत संदिग्ध ग्राम - मालिन का पुरवा एवं पचखरा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 45 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 150 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

## खबरें एक नजर में

### एडीएम ने तीन अभियुक्तों को छः माह के लिए किया जिला बदर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 3 अभियुक्तों को जिला बदर किया है उनमें जिले के शमशाद पुत्र फहीमुद्दीन, निवासी-अरगवां, थाना-गौरीगंज एवं देवेन्द्र कौशल उर्फ राजन पुत्र कंचन लाल, निवासी-पूरबगांव, थाना-भाले सुल्तान शहीद स्मारक को आदेशित तिथि 23 अप्रैल तथा अभियुक्त मारूक अहमद उर्फ राजा पुत्र महमूद अहमद, निवासी-पूरे हसन मजरे हरकरनपुर थाना-जामों को आदेशित तिथि 24 अप्रैल से 6 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है। इसके साथ ही अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं, जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए हैं।

### खंभा टूटने से बाधित हुई बिजली आपूर्ति आंशिक बहाली की मांग तेज

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम व पोस्ट मंगौली में बीते 1 मई को आए आंधी-तूफान के चलते एक बिजली खंभा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, टूटा हुआ खंभा ग्राम सभा के अंतिम घर के पास स्थित है और उसके आगे कोई कनेक्शन नहीं है। ऐसे में पूरे गांव की लाइन बंद होना आवश्यक नहीं है। मौके पर एबीसी वायर जमीन पर पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि टूटे खंभे वाले हिस्से का कनेक्शन अस्थायी रूप से काटकर या उसे पहले वाले खंभे पर सुरक्षित रूप से व्यवस्थित कर दिया जाए, ताकि बाकी पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति तत्काल चालू की जा सके। खंभे का स्थायी मरम्मत कार्य बाद में भी किया जा सकता है। गर्मी के इस मौसम में बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य और दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आज आवश्यक जरूरत बन चुकी है, और लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने से नुकसान बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र निर्णय लेकर आंशिक रूप से ही सही, लेकिन पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बहाल करने की अपील की है, ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके।

### पट्टे की जमीन पर कब्जे के विरोध में युवक से मारपीट, कई नामजद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के ग्राम देवपुरा मजरे शहरी इस्लामपुर में पट्टे की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी पीर गुलाम पुत्र फिदा हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मई 2026 को दोपहर करीब 3 बजे गांव के ही कुछ लोग उसकी पट्टे की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी मारपीट की।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को देर रात निमंत्रण से लौट रहे 55 वर्षीय किसान दिलेराम की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना अमेठी-दुर्गापुर मार्ग पर गुंगवाछ के पास हुई, जहां उनकी मोपेड को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दिलेराम ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, दिलेराम शनिवार शाम टीकरमाफी में एक रिश्तेदारी के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर शाम घर लौटते समय गुंगवाछ के पास उनकी मोपेड को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल दिलेराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## पांच वारण्टी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वारण्टी के धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक सोमवार को मोहनगंज पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न वादों, अभियोगों में 5 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामदास यादव पुत्र राम गुलाम निवासी ग्राम पूरे लक्ष्मण प्रसाद मजरे सैम्बसी, शोभावती पत्नी रामदास यादव निवासी ग्राम पूरे लक्ष्मण प्रसाद मजरे सैंबसी, राजा प्रसाद पुत्र सुखराम निवासी ग्राम चेतरा बुजुर्ग, सुषमा पत्नी राजा प्रसाद निवासी ग्राम चेतरा बुजुर्ग व अंकित कुमार पुत्र गंगा प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम पूरे बाबा मजरे भदमर सभी अभियुक्त निवासी थाना क्षेत्र मोहनगंज शामिल हैं।

# जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

अमेठी, समृद्धि न्यूज़



कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# शौच को निकली युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

अमेठी समृद्धि न्यूज़



कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत शनिवार शाम को एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। युवती घर के पास स्थित खेत में शौच के लिए गई थी, तभी गांव के ही दो युवकों ने उसे अकेला पाकर जबरन पकड़ लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई भी की। सदमे में रही पीड़िता ने रात परिवार को घटना की जानकारी दी और रविवार सुबह थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया और नामजद आरोपियों शिव और प्रदीप को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच टीम आसपास के लोगों से पूछताछ भी कर रही है ताकि घटना के हर पहलू की पुष्टि की जा सके। थाना प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# नेशनल हाईवे पर कार व बाइक में टक्कर, बाइक सवार की मौत

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़



चन्दापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुसौती चौराहे के प्राथमिक विद्यालय दुसौती के पास बाइक और कार की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई ।अमेठी जनपद के जायस थाना क्षेत्र के सुक्खा सिंह का पुरवा मजरे उड़वा हेमराजपुर निवासी 26 वर्षीय सोमनाथ पुत्र रामप्रसाद अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या गाड़ी नंबर यूपी33 बी जेड 0041 से निमंत्रण में धर्म धाम के पास लालगंज गया था वहां से वापस लौटकर किसी काम से रायबरेली की ओर जा रहा था रायबरेली जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के दुसौती चौराहा प्राथमिक विद्यालय के पास मोहनगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी घटना में सोभनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं घटना को अंजाम देकर कार सवार कार संख्या यूपी 32 आर टी 9747 का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शल को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वहीं दोनों गाड़ियां मौके पर समाचार लिखे जाने तक वहीं पर पड़ी रही।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भयंकर था की बाइक सवार 50 मीटर तक घसीटता हुआ कार के साथ चला गया लोगों ने बताया कि नहर के पुल से लेकर दुसौती चौराहे तक कई दुर्घटनाएं घट चुकी हैं यहां पर कोई सांकेतिक बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है जिसकी वजह से अक्सर दुर्घटनाएं घटा करती हैं एन एच के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोग मर रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल और असम जीत पर झूम उठे भाजपा कार्यकर्ता

- भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में मनाया जश्न
- बड़ी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज, सीतापुर



पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को लेकर सीतापुर जिले में भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए। जहां असम में भाजपा सरकार की पुनः वापसी हुई है, वहीं पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार को हराकर भाजपा सरकार बनाने जा रही है। सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता टीवी के सामने बैठे थे और चुनाव परिणाम पर नजर रख रहे थे। दोपहर होते-होते तस्वीर साफ हो गई कि असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने जा रही है। यह आसार नजर आते ही भाजपा कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुट गई। इसके बाद अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ नारेबाजी करते हुए लालबाग अटल चौक पहुंचे। यहां पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

# रबी 2025-26 के अर्न्तगत कृषकों की बीमित क्षेत्रफल में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति का वितरण किया गया

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर




नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की उपस्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 के अर्न्तगत कृषकों द्वारा बीमित क्षेत्रफल में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति का वितरण किया गया, जिसमें खरीफ 2025 के अर्न्तगत 53814 कृषकों द्वारा बीमा कराया गया था एवं रबी 2025-26 के अर्न्तगत 56107 कृषकों द्वारा बीमा कराया गया था, विगत माह मार्च एवं अप्रैल में हुई असामयिक वर्षा के कारण जिन कृषकों को व्यक्तिगत रूप से फसलों का नुकसान हुआ है, ऐसे 1534 कृषकों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से बीमा कम्पनी के स्तर पर 481 आवेदन अब तक स्वीकृत हुए जिनकी कुल धनराशि 17.32 लाख रूपये की क्षतिपूर्ति स्वीकृत हुयी है तथा 869 कृषकों के आवेदन अभी बीमा कम्पनी के स्तर पर स्वीकृत हेतु लम्बित है। स्वीकृत आवेदन में से कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री द्वारा कृषक रविन्द्र प्रताप ग्राम सेमउरा विकास खण्ड ऐलिया को देय धनराशि 27934 रू0, श्री चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा ग्राम आम्बा विकास खण्ड बेहटा देय धनराशि 16523 रू0, श्री राजकुमार ग्राम बसन्तीपुर विकास खण्ड लहरपुर देय धनराशि 17796 रू0, श्री अमित कुमार तिवारी ग्राम दादाबाद विकास खण्ड महोली देय धनराशि 12233 रू0 एवं कृषक श्री गोविन्द कुमार सिंह निवासी ग्राम जरावां विकास खण्ड रामपुरमथुरा देय धनराशि 26121 रू0 इस प्रकार कुल धनराशि 100,607.00 रू0 की क्षतिपूर्ति वितरित की गयी।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक ए0के0 सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सहायकों की भर्ती दलालों की सहारे की गई सूत्र

**सीतापुर।** जनपद के विकासखंड गोंदलामऊ में तैनात सीडीपीओ अजीत वर्मा पर आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि भर्ती पूरी तरह से मनमाने ढंग से कराई जा रही है और इसमें पारदर्शिता का अभाव है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नियुक्तियों के लिए दलाल सक्रिय हैं, जो प्रत्येक आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए 15 से 20 हजार रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि इस लेनदेन में विभागीय स्तर पर भी मिलीभगत हो सकती है। सूत्रों का यह भी दावा है कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि पूर्व में हुई आंगनवाड़ी भर्तियों में भी बड़े पैमाने पर पैसों के आधार पर चयन किया गया था।

# बंगाल की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने कई जगह आतिशबाजी छुड़ाने के साथ मिठाई बांटकर जश्न मनाया। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा बंगाल में भय पर पीएम मोदी के भरोसे की जीत हुई है। इस जीत ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार किया है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व ने ऐसी रणनीति बनाई जिसने बंगाल में भय का माहौल समाप्त किया और लोग बेझिझक होकर वोट देने के लिए घर से निकले। कन्नौज के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक भी पश्चिम बंगाल में डटे रहे। वहां के कार्यकर्ताओं और आम जनता को विश्वास दिलाना चाहती हूं कि उन पर हुए एक-एक अत्याचार और जुल्म का बदला लेते हुए गुंडो को जेल भेजा जाएगा।

इसके बाद मोहल्ला बनवारी नगर के मोड़ पर जमकर आतिशबाजी चलाई गई और अर्चना पांडेय ने सभी को मिठाई खिलाई। इस दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, रामानंद वर्मा,नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, सभासद पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, प्रदीप चौहान, संजीव चौहान अंकित शर्मा, विधानसभा संयोजक मनोज ठाकुर, श्यामू चौहान, हिमांशु चौहान, मोनू शुक्ला, गौरव दुबे,देवेश दिक्षित, अमित गुप्ता, विवेक दुबे, रवि चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा सभासद हिमांक त्रिपाठी के आवास पर ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर गौरव वर्मा,रमेश चंद्र शर्मा, संजीव शुक्ला, अभिषेक वर्मा, डॉ वीपी पाण्डेय, मुकेश शर्मा, प्रभात मिश्रा, महेश शर्मा एडवोकेट, रवि शर्मा, चंद्र शेखर शर्मा, दिनेश दुबे, कल्लू वर्मा,दीपक शर्मा, विमल शर्मा सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

मोहल्ला कोलियान के नुक्कड़ पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा के नेतृत्व में मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुमन पाराशर, नरेश वर्मा, भास्कर चतुर्वेदी, माधव गुप्ता, सुशीन दुबे गुड्डू, अजय मिश्रा व अमित भारतीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा की जीत पर जश्न

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। तीन राज्यों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर कार्यकर्ताओं ने छोटी हनुमान गढ़ी भिटरिया चौराहे पर एकत्र होकर भाजपा का झंडा लहरा कर खुशी मनाई। इस दौरान विशेष रूप से पशिचम बंगाल के चुनाव परिणामों को लेकर कार्यकर्ताओं में अधिक उत्साह नजर आया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनता का फैसला बताया। साथ ही, भाजपा द्वारा राज्य में पहली बार मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को ऐतिहासिक बताया गया। कार्यकर्ताओं ने इस जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

# महिलाओं ने मिठाई बांटकर मनायी जीत की खुशी

- बंगाल में यह जीत सिर्फ पार्टी की नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत है: अरुणा शाक्य

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पश्चिम बंगाल में भाजपा की भारी जीत की खुशी में स्थानीय भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने तालग्राम चौराहे के पास जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों के साथ नाच-गाने का माहौल रहा और मिठाइयां बांटकर सभी को जीत की खुशी साझा की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री अरुणा शाक्य ने कहा महिला शक्ति ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब हम एकजुट होते हैं तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं होता। बंगाल की जनता ने ममता शासन से मुक्ति का संदेश दिया है। यह जीत माताओं-बहनों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुमन पाराशर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। बंगाल में यह जीत सिर्फ पार्टी की नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत है। संध्या त्रिपाठी ने कहा आज का यह जश्न हमारी भावी लड़ाइयों के लिए ऊर्जा का स्रोत बनेगा। महिलाएं अब राजनीति के हर मोर्चे पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान उमा शर्मा, उषा, पूनम शर्मा, सावित्री पांडेय, ममता, प्रीति दुबे, मोहनी दुबे, रेखा पांडेय, जूली, मोनिका, ज्योति सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## आंधी तूफान से शाकभाजी किसान को भारी नुकसान

**जैदपुर, बाराबंकी।** तेज आंधी तूफान और बारिश से क्षेत्र के शाकभाजी किसानों को बड़ा नुकसान हुआ। सोमवार की सुबह आये तूफान से जर्जर पेड़ों के गिरने से आवागमन बाधित हुआ। जैदपुर-हरख रोड पर मेहंदीपुर गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर विशालकाय गुलमोहर का पेड़ गिर पड़ा,जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि बाइक सवार ने समय रहते भागकर अपनी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार,विकासखंड हरख क्षेत्र में रविवार को अचानक तेज आंधी और झमाझम बारिश शुरू हो गई।इसी दौरान जैदपुर से हरख की ओर जा रहा एक बाइक सवार खराब मौसम से बचने के लिए सड़क किनारे रुक गया। तभी तेज हवा के झोंके के कारण पास में खड़ा गुलमोहर का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा।

# दुकान के अंदर फांसी पर लटका मिला टेंट व्यवसायी का शव

- कर्जदारों से परेशान होकर की आत्महत्या
- मृतक के बेटे ने कोतवाली में दी तहरीर
- बरामद हुआ मृतक द्वारा लिखा सुसाइड नोट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के पश्चिमी बाईपास पर उस समय सनसनी फैल गई, जब सोमवार की सुबह दुकान के अंदर टेंट व्यापारी का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने कर्जदारों से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। नौगाई गांव निवासी मखदूम अली (52) पुत्र सकूर खान की नगर के पश्चिमी बाईपास पर मिलन टेंट हाउस के नाम से दुकान है। रविवार की रात किसी समय उन्होंने अपनी दुकान के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह उनका शव दुकान के अंदर लटकता देख लोगों में हड़कंप मच गया। मृतक के पुत्र आमिर ने बताया कि रविवार की रात करीब साढ़े 12 बजे उनके पिता मखदूम अली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे और पिता का शव लटकते देखा, तो उन्हें सौ शैया अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसके पिता ने सुसाइड नोट लिखकर कर्जदारों से परेशान होकर जान देने के बात कही है, जिसमें उन्होंने विजय गिहार, सौरभ दिवाकर, बच्चा गिहार, आशू दिवाकर, आकाश दिवाकर, विमलेश तिवारी और मोनू टेंट वालों का जिक्र करते हुए उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को दी तहरीर में उपरोक्त लोगों पर आत्महत्या करने के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि आत्महत्या का मामला संज्ञान में आया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं प्राप्त हुआ है। केवल परिजनों ने सुसाइड नोट होने की बात कही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव राजू टेंट ने मृतक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कई लोगों पर उसका काफी पैसा बकाया था जो मांगने के बावजूद नहीं दे रहे थे। इसके कारण वह कर्जदार हो गया था। आखिरकार तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। इसके लिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।

# आजाद समाज पार्टी ने किया स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आंदोलन की दी चेतावनी

ग्राम कुंअरपुर बनवारी में आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में ÷जाति तोड़ो, बहुजन समाज जोड़ो÷ विषय पर आयोजित विशाल जनसभा में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी गई।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने स्मार्ट मीटरों के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है और यदि इसे नहीं रोका गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा शिक्षा वह शक्ति है, जो समाज को सशक्त बनाती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा के बल पर सदियों पुरानी सामाजिक विषमता को समाप्त करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज की लड़ाई केवल आजाद समाज पार्टी ही मजबूती से लड़ रही है और सांसद चन्द्रशेखर आजाद सड़क से संसद तक जनता की आवाज उठा रहे हैं।जिला महासचिव चांद खां ने कहा कि पार्टी तेजी से लोगों की पहली पसंद बन रही है। वहीं जिला उपाध्यक्ष अनन्त शाक्य ने सरकार पर भेदभावपूर्ण कार्यशैली का आरोप लगाया। साथ ही आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, अजीत गौतम, ब्रजेश कुमार, विधानसभा सचिव अनुज कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, नेम सिंह खटिक, विशाल राज, आंशिक व रजनेश सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दलित युवक के घर दबंगों का उत्पात, गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम लोधापुर उर्फ नन्दलालपुर गांव निवासी युवक ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। शिवम पुत्र महिपाल सिंह के अनुसार गांव के ही कुछ लोग शराब के नशे में उसके दरवाजे पर पहुंचे और बिना किसी कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और परिवार की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अक्सर उसे जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करते हैं और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। घटना से परिवार दहशत में है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### श्रद्धालुओं में उमड़ा उत्साह, भक्ति में डूबा माहौल



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर मे सर्विस रोड़ पर नर्वेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा क्षेत्र में चल रही तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही कथा स्थल पर भक्तों का आगमन शुरू हो गया और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। कथा व्यास रामनुज पाण्डेय ने तीसरे दिन भगवान शिव के विवाह की लीलाओं एवं उनके दिव्य चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और संकीर्तन से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालु झूमते हुए भगवान शिव के नाम का गुणगान करते नजर आए। कथा वाचक रामानुज पाण्डेय ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान की भक्ति से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मन को शांति मिलती है। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम के अंत में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। जिसमे कथा मे नीरज गुप्ता, रूबी गुप्ता, प्रीति, लाली, सालनि गुप्ता,टिंकू, मनोरमा देवी पाल,आदि लोग सैंकड़ो भक्त मौजूद रहें।

### कृषि विज्ञान केंद्र में युवा शक्ति को किया जागृत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के वैज्ञानिको की टीमों ने भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे उर्वरको के संतुलित उपयोग जनजागरण अभियान के क्रम में युवा शक्ति को प्रशिक्षित एवं जागृत किया केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक टीम ने उतरांवा सूरतगंज में कृषको एवं महिलाओं को रासायनिक उर्वरको के संतुलित उपयोग के बारे में जानकारी दी. इस कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ राम बटुक सिंह सहित डॉ समीर कुमार पांडेय,डॉ भाष्कर प्रताप सिंह उपस्थित रहे। एक अन्य कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के किसान भवन पर युवाओं को उर्वरको के अधिक प्रयोग से स्वास्थ्य एवं वतावरण पर हो रहे नुकसान के बारे में बताया साथ ही साथ इससे बचने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में भारतीय गन्ना अनुशंधान संसथान लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ दिलीप कुमार एवं वैज्ञानिक डॉ संजय गोस्वामी जी ने प्रतिभाग किया. कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ रूपन रघुवंशी, डॉ रिंकी कुमारी एवं डॉ अर्चित शुक्ल ने युवाओं को हरी खाद एवं वैकल्पिक खादों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

# अनौगी में फार्मेसी परीक्षा शुरू, पहले दिन 53 ने दी परीक्षा

**महामाया आई टी पॉलिटेक्निक सात फार्मेसी कॉलेजों का बना परीक्षा केंद्र**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



एमएम आईटी पॉलिटेक्निक में परीक्षा देते परीक्षार्थी

क्षेत्र के अनौगी स्थित एमएम आईटी पॉलिटेक्निक में सोमवार से फार्मेसी की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। जनपद के सात कॉलेजों के लिए यहां परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पहले दिन द्वितीय पाली में 55 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 53 ने परीक्षा दी, जबकि दो अनुपस्थित रहे। केंद्र अधीक्षक आर.एस. कमल ने बताया कि परीक्षा कड़ी निगरानी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जा रही है। परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। परीक्षा में गौतम बुद्ध पैरामेडिकल एंड फार्मेसी कॉलेज, बाबू सिंह महाविद्यालय, रामबेटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बालाजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मां भगवती कॉलेज ऑफ फार्मेसी, श्री कोमिल सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी और हर्षल प्रखर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र- छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में अवधेश गौतम, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (भूमि संरक्षण विभाग) मौजूद रहे। वहीं सहायक केंद्र अधीक्षक के रूप में अंकित द्विवेदी और नीरज कुमार ने जिम्मेदारी संभाली। आंतरिक उड़ाका दल में मारिया, राजीव कुमार, सत्यम वर्मा, मनीष पाल, चंद्रशेखर, अभिषेक वर्मा और शिवांगी सहित अन्य लोग तैनात रहे।

## पूर्व प्रधान के घर मे घुसा बारिश का पानी, वर्तमान प्रधान पर लगाया आरोप

**जैदपुर बाराबंकी।** सोहिलपुर में पूर्व प्रधान के घर में बारिश का पानी घुस गया ।ऊंची इंटरलॉकिंग के कारण वर्तमान प्रधान पर आरोप लगाया है ।जानकारी के मुताबिक विकासखंड हरख क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोहिलपुर में पूर्व प्रधान धर्मानंद यादव ने वर्तमान प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं ।उनका कहना है कि उनके घर के सामने बनी इंटरलॉकिंग सड़क ऊंची होने के कारण बारिश का पानी घर में घुस गया। धर्मानंद यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके घर के सामने इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया गया था ।यह इंटरलॉकिंग उनके घर के स्तर से काफी ऊंची हो गई है ।सोमवार को सुबह करीब 10 बजे हुई बारिश के कारण इंटरलॉकिंग का सारा पानी उनके घर में भर गया,जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, इंटरलॉकिंग का स्तर घरों से काफी ऊंचा है।

## राजकीय आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन की उठाई महासंघ ने आवाज



**गुरसहायगंज कन्नौज।** राजकीय इंटर कॉलेज में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन भुगतान में हो रही देरी को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने गंभीर चिंता जताई है। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने अपर शिक्षा निदेशक, लखनऊ मनोज द्विवेदी को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के कई जनपदों में राजकीय आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की पिछले 5 महीनों से समय पर वेतन नही मिल पा रहा है। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने बताया कि कर्मचारियों को लगभग 5 माह से वेतन का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर एजेंसी द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे राजकीय आउटसोर्सिंग कर्मचारी को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उनके दैनिक जीवन और कार्यक्षमता पर भी पड़ रहा है। महासंघ के पदाधिकारियों ने मांग की है कि संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी कर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन का भुगतान समय से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगे आंदोलन के लिए बाध्य हो सकता है। महासंघ ने प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि आउटसोर्सिंग राजकीय कर्मचारियों की समस्या के लिए निदेशालय में राजकीय अपर निदेशक सतीश कुमार सिंह से भी भेंट की वार्ता करके उन्हें समस्या से अवगत कराया इसके अलावा कोषागार निदेशालय पहुंचकर भी इस संबंध में वार्ता की और समस्या के निस्तारण की मांग उठाई इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तम कुमार शुक्ला के साथ साहिल वर्मा प्रचार मंत्री जिला औरैया के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# अवैध खनन से नहर नालिया क्षतिग्रस्त किसानों की सिंचाई प्रभावित

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

अवैध मिट्टी खनन से नहर-नालियां क्षतिग्रस्त, किसानों की सिंचाई प्रभावित हो गई है। कोतवाली टिकैतनगर क्षेत्र के रामसनेहीघाट इलाके में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि परमिशन की आड़ में खनन माफिया किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने वाली सरकारी नहरों और नालियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, खमौली गांव में प्रतिष्ठित मिट्टी खनन ठेकेदार मोबीन द्वारा माइनर के किनारे खेतों से मिट्टी निकाली जा रही है। इस दौरान नहर से जुड़े सरकारी नालों को भी खोदकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिनसे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता था।

नालियों के कट जाने से किसानों को अब अपने खेतों तक पानी पहुंचाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सिंचाई के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध खनन पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। मिलीभगत या लापरवाही के चलते मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़कों पर खुलेआम दौड़ रही हैं, जिससे यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

# सौ शैया अस्पताल का आईसीयू वार्ड होगा क्रियाशील

- गंभीर मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने 1सौ शैया अस्पताल में स्थित आईसीयू वार्ड को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने अवगत कराया कि आईसीयू के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है, जिसकी सूचना शासन और महानिदेशालय को पहले ही दे दी गई थी। हालांकि, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध चिकित्सा कर्मियों के माध्यम से रोस्टरवार ड्यूटी तैयार कर आईसीयू वार्ड को तत्काल क्रियाशील कर दिया गया है। अब गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

डॉ. स्वदेश गुप्ता ने कहा कि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिले के चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आईसीयू के क्रियाशील होने से स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## जमीन पर कब्जे के विरोध पर महिला से मारपीट, केस दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के ग्राम महानगर मजरे शरीफाबाद में जमीन पर कब्जे के विरोध को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी शैलेश तिवारी पत्नी राधाकृष्ण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मई 2026 की शाम करीब 5 बजे गांव के ही कुछ लोग उनकी कोठी (बांस) काटकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, बचाव के लिए आई उनकी देवरानी कविता पत्नी बलराम तिवारी को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। घटना को आसपास के लोगों ने भी देखा है । पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर चोटहिल का मेडिकल परीक्षण करवाते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

- कार्यकर्ताओं ने जमकर गोले धागे नारेबाजी कर एक दूसरे को खिलाई मिठाई

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर गोले दागो एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मोदी जिंदाबाद योगी जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाए। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर जमकर पटाखे छुड़ाये और गोल दाग कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए ।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिदिन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई है यह कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है अब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और यहां भी चौमुखी विकास कराया जाएगा। इस मौके पर नीरज मिश्रा राकेश कौशल हीरो गुप्ता टीटू गुप्ता विकास गुप्ता शहीद कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार जीतू तिवारी भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने नगर में जश्न मनाया जहां एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नारेबाजी भी की गई खुशी में कार्यकर्ताओं ने जमकर एक दूसरे को बधाई दी और पश्चिम बंगाल की जीत पर जश्न मनाया इस मौके पर नगर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल राजा तिवारी सहीत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंधी तूफान में नगर में गिरे पेड़, विद्युत आपूर्ति रही बाधित

- विद्युत टीम की कड़ी मशक्कत के बाद चालू हुई आपूर्ति

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार की सुबह अचानक तेज बारिश के साथ आंधी तूफान आने के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर पेड़ टूट कर गिर गए उसके अलावा तेज बारिश हुआ आंधी के बाद विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई जिसको सुचार करने के लिए विद्युत टीम को खांसी में मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार की सुबह नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अंधकार छा गया तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई जिससे नगर के कई मोहल्ले में पर टूटकर गिर गए और विद्युत आपूर्ति के बाधित हो गई तार टूटने के चलते के चलते सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई मौसम ठीक होने के बाद अगर अभियंता राजकुमार की विद्युत टीम ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अनुरक्षण का कार्य शुरू किया मोहल्ला गांधीनगर में मदन मोहन इंटर कॉलेज के पास एक तेरे टूट कर नीचे गिर गया जिससे बड़ा हादसा भी टल गया विद्युत टीम की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 2:00 बजे विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा चालू की गई अवर अभियंता ने बताया कि आंधी तूफान बरसात और तेज हवाओं के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी जिसको ठीक करने के लिए विद्युत टीम लगाई गई और आपूर्ति को सुचार किया गया।

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 21/11/2022 को अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश YUVI TRIVEDI पुत्र DEEPAK TRIVEDI अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम VIRAJ TRIVEDI पुत्र DEEPAK KUMAR TRIVEDI है। अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **दीपक कुमार त्रिवेदी पुत्र राज किशोर त्रिवेदी निवासी पक्कापुल नाला स्मित सुमाल, तहसील सदर, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

हमने पुत्र प्रताप सिंह चौहान के गलत चाल चलन के कारण सभी संबंध समाप्त कर उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। गलत कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। अरुण कुमार पुत्र श्याम मुरारी सिंह, उमा देवी पत्नी अरुण कुमार सिंह निवासी अपर दुर्गा कॉलोनी भोलेपुर फतेहगढ़ फर्रुखाबाद।




# भ्रष्टाचार के आरोप में डीएम ने राजस्व निरीक्षक व लेखपाल सहित चार को किया निलंबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर विभिन्न तहसीलों में तैनात चार कार्मिकों के विरुद्ध गंभीर आरोपों के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। यह कदम प्रशासन की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

जनपद की तहसील सदर में कार्यरत राजस्व निरीक्षक विमल कुमार श्रीवास्तव को एंटी करप्शन टीम द्वारा उनके आवास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान उनके साथ एक अन्य व्यक्ति पवन सक्सेना उर्फ ऋषभ को भी हिरासत में लिया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय (भूलेख अनुभाग) द्वारा तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखी जा रही है। इसी क्रम में तहसील कायमगंज में तैनात राजस्व निरीक्षक विजय पाल सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें प्रथम दृष्टया अनियमितता एवं अनुचित आचरण के संकेत मिले। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी कायमगंज द्वारा जांच कराई गई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी कार्यालय (भूलेख अनुभाग) द्वारा उन्हें भी



जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर

तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, तहसील अमृतपुर में कार्यरत लेखपाल उत्कर्ष दुबे के विरुद्ध पैमाइश कार्य में अनावश्यक विलंब एवं लापरवाही बरतने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जांचोपरांत आरोपों की पुष्टि होने पर उन्हें भी निलंबित किया गया है। वहीं, ग्राम विकास अधिकारी मानेंद्र सिंह को शौचालय के केयरटेकर के भुगतान को अनावश्यक रूप से लंबित रखने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के कारण निलंबन की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

जिलाधिकारी डॉ. अकुर लाठर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जनपद में भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं कदाचार किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को पारदर्शी, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें। साथ ही यह भी कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे शासन-प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। यह कार्रवाई न केवल संबंधित कर्मचारियों के लिए चेतावनी है, बल्कि समस्त शासकीय तंत्र के लिए एक स्पष्ट संदेश भी है कि , भ्रष्टाचार एवं लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# चोरों ने मंझना गांव में तीन घरों को बनाया निशाना, लाखों का माल किया पार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के मंझना गांव में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया है। इन वारदातों में चोर नकदी, एक अंगूठी और एक मोबाइल फोन चुरा ले गए। एक खाली मकान से महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हुए हैं। इस घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार मंझना निवासी बबलू पुत्र सुरेश चंद ने बताया कि उनके घर में चोरों ने तब सेंध लगाई जब मकान का मुख्य गेट हवा के लिए खुला था। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी से एक बैग चुरा लिया। जिसमें तीन हजार रुपये नकद और एक अंगूठी थी। उस



घटना की जानकारी देती पीड़िता

समय बबलू की माता मुनी देवी घर में मौजूद थीं। इसी तरह, कन्हैया लाल के घर में भी चोरी हुई। उनका परिवार छत पर सो रहा था, तभी चोरों ने पास में रखा एक मोबाइल फोन चुरा लिया। वहीं चोरों ने पास के एक खाली मकान को भी निशाना बनाया। पतिराम के इस मकान का गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और घर में रखे कुछ कागजात चुरा ले गए। चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ितों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# करंट लगने से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**

बिजली के पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर जनपद के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के मझारा गांव निवासी 27 वर्षीय रामदीन रविवार रात घर के बाहर बिजली के पोल के पास खड़ा था, तभी पोल में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रुप से झुलस गया। परिजन उसे आनन-फानन में उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो

घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि रामदीन तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करता था। चैत्र नवरात्र के दौरान उसकी शादी का रोका हुआ था और गोद भराई की रस्म भी पूरी हो चुकी थी। हालांकि, शादी की तारीख अभी तय नहीं हुई थी। रामदीन अपने ममेरे भाई की 29 अप्रैल को होने वाली शादी में शामिल होने के लिए घर आया हुआ था। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बीमारी से जूझ रही बीएससी छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान



मृतका का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव मनपुरा में लंबे समय से बीमारी से जूझ रही बीएससी की छात्रा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मनपुरा निवासी बृजेश कुशवाहा की 20 वर्षीय पुत्री संध्या जो बीएससी की छात्रा थी और पांच भाई-बहनों में तीसरे स्थान पर थी। बताया जा रहा है कि वह पिछले कई वर्षों से बीमारी से ग्रसित थी और उसका उपचार भी निरंतर चल रहा था। बीमारी के चलते वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहती थी।जब घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कार्यों में व्यस्त थे, उसी दौरान संध्या अपने कमरे में चली गई। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को आशंका हुई। जब दरवाजा खोला गया तो वह दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी मिली। यह दृश्य देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। घटना के तुरंत बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही थाना अमृतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस द्वारा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, संध्या स्वभाव से शांत थी, लेकिन लंबे समय से बीमारी के कारण वह चिंतित और उदास रहती थी।

# डॉ. पी रथ पुनः बने सीपी इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर डॉ. पी. रथ ने पुनः कमान संभाली। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशक अंजू राजे, उप-प्रधानाचार्य नवीन शाक्य एवं प्राइमरी हेड शिवानी दीक्षित ने उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञानफोर्ट स्कूल याकूतगंज में आयोजित वीवीएम विद्यार्थी विज्ञान मंथन लेवल-1 एवं 2 के सम्मान समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मानवी कटियार, राधिका अग्रवाल, आराध्या शुक्ला एवं श्रेष्ठा यादव ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विज्ञान भारती मेले में मानवी कटियार का चयन प्रदेश स्तर के लिए हुआ, जबकि अन्य तीन विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट



प्रधानाचार्य डॉ. पी. रथ का स्वागत करती उपनिदेशक

**मानवी कटियार प्रदेश स्तर के लिए चयनित**

स्थान प्राप्त किया। विद्यालय ने विज्ञान मेले में सौर ऊर्जा का उपयोग- धातु डिस्क द्वारा सोलर कुकर विषय पर कार्यशील मॉडल उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया। जिससे सौर ऊर्जा के पर्यावरण-अनुकूल उपयोग का संदेश दिया गया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, एमडी ज्योत्सना अग्रवाल एवं उपनिदेशक अंजू राजे ने विद्यार्थियों की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. पी रथ ने विद्यार्थियों को विज्ञान क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया, जबकि उप-प्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस सफलता में अनुज चतुर्वेदी, ज्योति प्रधान, मोहम्मद निहाल सहित समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने समरसेविल की केबिल की चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात अज्ञात चोरों ने किसान के खेत में लगी समरसेविल की केबिल काटकर चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बांसमई निवासी अर्जुन सिंह पुत्र राम अवतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उनके खेत भरने के साधन समरसेबल के बाहर लगी केबिल अज्ञात चोर काट ले गए। जब मैं खेत पर पहुंचा तो देखा उसके समरसेबल से केबिल कटी हुई थी। पीड़ित ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### ससुराल आया युवक लापता, पिता ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दो दिन पूर्व ससुराल आया युवक लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। कायमगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला कूंचा गंगा दरवाजा निवासी विजयपाल राठौर पुत्र नेकराम राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 27 वर्षीय पुत्र शिवम राठौर अपनी ससुराल नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी आनंद राठौर पुत्र नमालु के यहां आया था, जो बीते दिन दोपहर नवाबगंज कस्बे में बाजार करने आया था। तब से वह है घर वापस नहीं लौटा, पीड़ित ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला और ससुराल में भी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। तब गायब हुए युवक के पिता विजयपाल राठौर थाने पहुंचे और थाना पुलिस को पुत्र के गायब होने की तहरीर दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को मौखिक यह भी बताया कि उसका पुत्र कस्बा नवाबगंज में सेल्समेन का कार्य करता था जो कायमगंज से जनरल स्टोर की सौदा लेकर कस्बा नवाबगंज में बेंचता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### दहेज हत्या के मामले में पति सहित सास-ससुर पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त मनोज पुत्र लालाराम, रामगुनी पत्नी लालाराम, लालाराम पुत्र बीजलाला निवासीगण नौसरा राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 6 मई की तिथि नियत की गई है। विगत तीन वर्ष पूर्व थाना राजेपुर पुलिस को छोटे लाल पुत्र जयराम निवासी उड़नपर अरवल हरदोई ने दी तहरीर में दर्शाया था कि मैंने अपनी पुत्री का विवाह मनोज के साथ दो साल पहले किया था। शादी में दहेज की मांग में एक अपाचे मोटर साइकिल और नगद रुपए की मांग की थी। मैंने अपनी क्षमता के आधार पर दहेज दिया था। उसके मोटर साइकिल, नगद रुपए के लिए साथ मारपीट कर एक वर्ष पहले घर से निकाल दिया था, तो पुत्री अनुजा मेरे घर आ गई थी। इसके बाद मनोज अपने रिश्तेदारो के साथ आकर समझौता कर अनुजा को बुलाकर घर ले गए। इसके बाद फिर मारपीट की। 24 फरवरी 2023 को शाम करीब पांच बजे मुझे सूचना मिली कि तुम्हारी बेटी को मारपीट कर मार डाला। बेटी की लाश मकान के बाहर मिली तो हम लोगों ने देखा बेटी के बेल्टों के निशान मिले। गला फटा हुआ था। काफी चोटे के निशान थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अभियुक्त मनोज, रामगुनी, लालाराम को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 6 मई की तिथि नियत की गई है।

# बंगाल, असम, पांडुचेरी की जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के दिन पश्चिम बंगाल एवं असम में भारतीय जनता पार्टी एवं पांडिचेरी में भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता आवास विकास तिराहे पर जीत का हर्ष व्यक्त किया।

जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा के नेतृत्व में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील कुमार शाक्य, सतपाल सिंह, दिनेश कटियार, डॉ0 भूदेव सिंह एवं एकत्रित कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद एवं भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने



जीत पर जश्न मनाते भाजपाई

आतिशबाजी छुड़ाई और मिष्ठान वितरण व झालमुढी वितरित की।

जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के नतीजे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल की जनता ममता बनर्जी के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी थी। ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति को वहां की जनता ने सिरे से खारिज दिया। भाजपा ने 2016 के विधानसभा चुनाव में मात्र तीन सीट, 2021 के चुनाव में 77 सीट और 2026 के चुनाव में करीब 200 सीटों पर जीत हासिल करते हुए प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और विकास की जीत है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा भाजपा अपनी विचारधारा और सिद्धांतों से कभी भटकती नहीं है, जिसके परिणाम स्वरूप लंबे समय तक संघर्ष करने के बाद भाजपा बंगाल के अंदर सरकार बनाने जा रही है, विकास व सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता ने बंगाल की जनता का दिल जीत लिया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह राठौड़, अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, जितेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता, मुकेश गुप्ता, कुलदीप पाल, विकास पांडे, प्रबल त्रिपाठी, अंकित गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, मयंक गुप्ता, अमन अवस्थी, अतुल सिंह चौहान, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, नितिन प्रताप सिंह, प्रांजल अग्निहोत्री, पीयूष त्रिपाठी, कृष्ण मुरारी राजपूत, देवेंद्र परमार, सुनील तिवारी, शिवम दुबे, अभिषेक बाजपेई, पल्लव सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्युत करंट से संविदा लाइनमैन की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत लाइन ठीक करते समय संविदा कर्मी लाइनमैन के करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम फतेहपुर रॉव साहब निवासी सुशील पुत्र स्व. ओमकार विद्युत विभाग में संविदा पर लाइनमैन के पद कार्यरत है। वह साथी प्रशांत के साथ ग्राम जेरागौर में लाईन ठीक करने गया था, पोल से नीचे उतरने के बाद सुशील पुनः पोल पर चढ़ गया और तार सही करने लगा, तभी बिजली का जोरदार करंट लगने से सुशील नीचे जा गिर गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। प्रशांत ने गांव वालों की मदद से सुशील को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मानसिंह पटेल ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार के अनुसार, कुछ वर्ष पहले उनके पिता का भी निधन हो चुका है। हाल ही में 19 मार्च को उनकी शादी कन्नौज जनपद के छिबरामऊ क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी संतोषी के साथ हुई थी घटना के वाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## तेज बारिश से कच्चा नाला कटा, खेतों में भरा पानी



खेतों में भरा पानी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सोमवार सुबह हुई तेज बारिश के कारण क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। नगर का पानी गांव टिलियां के पास स्थित एक कच्चे नाले से होकर गुजरता है। तेज बहाव के चलते यह नाला कट गया, जिससे आसपास के खेतों में पानी भर गया और मक्का की खड़ी फसल जलमग्न हो गई। नाला कटने से किसान रामनिवास, कुलदीप, रमेश चंद्र और रामजीलाल सहित कई अन्य किसानों की फसलें डूब गईं। खेतों में कई फीट तक पानी भर जाने से फसलें खराब होने की आशंका है, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। किसानों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि कई वर्षों से चली आ रही है। रामनिवास और रमेश चंद्र ने बताया कि वे कच्चे नाले को पक्का कराने की मांग कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस, जनप्रतिनिधियों और पालिका प्रशासन से कर चुके हैं। हालांकि हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। रमेश चंद्र के अनुसार नगर पालिका से शिकायत करने पर उन्होंने इसे अपने कार्यक्षेत्र से बाहर का मामला बताकर जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। किसानों का आरोप है कि यदि समय रहते नाले को पक्का करा दिया जाता, तो आज उनकी फसलें बर्बाद नहीं होतीं। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से नाले का स्थायी समाधान करने और फसल नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि नाले की सफाई जल्द ही कराई जाएगी।

# मूसलाधार बारिश से राजकीय बीज भंडार के बाहर हुआ जलभराव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश के बाद ब्लॉक परिसर स्थित राजकीय बीज भंडार के बाहर भारी जलभराव हो गया। इससे बीज लेने आए किसानों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण नगर पंचायत पर जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं। तेज बारिश के कारण बीज भंडार का मुख्य प्रवेश मार्ग पूरी तरह पानी में डूब गया, जिससे यह तालाब जैसा दिखने लगा। निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी भर गया। वर्तमान में रबी की फसलों की तैयारी के चलते किसान बीज संबंधी कार्यों के लिए लगातार यहाँ आ



राजकीय बीज भंडार परिसर में भरा पानी

रहे हैं, जिससे यह जलभराव उनके लिए बड़ी समस्या बन गया है। बीज भंडार पहुंचे किसानों ने अपनी परेशानी व्यक्त की। दीपक शाक्य, राम नाथ मिश्रा, शिव रतन और हर्ष कुमार जैसे किसानों ने बताया कि हल्की बारिश में भी यहाँ ऐसी ही स्थिति बन जाती है। उन्हें कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर बीज के भारी कट्टे ले जाने में कठिनाई हो रही है। किसानों ने यह भी बताया कि जलभराव के कारण परिसर में फिसलने और चोट लगने का डर बना रहता है। इसके अलावा, भंडार के गेट तक पहुँचने के लिए उन्हें लंबा चक्कर काटना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहे हैं। स्थानीय किसान रामकुमार ने कहा हम दूर-दराज के गांवों से खाद और बीज लेने आते हैं, लेकिन यहाँ की अव्यवस्था देखकर निराशा होती है। प्रशासन को जल निकासी का स्थायी समाधान करना चाहिए। इस मामले पर गोदाम के प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि जल निकासी के लिए नाले की सफाई की आवश्यकता है। जलभराव के कारण दिन भर बीज भंडार का कार्य प्रभावित रहा और लोगों को गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ा। स्थानीय निवासियों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि राजकीय बीज भंडार जैसे सार्वजनिक महत्व के स्थान पर जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था की , ताकि भविष्य में उन्हें ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# फसल की रखवाली करने गए किसान की जलकर मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

फसल की रखवाली करने गए किसान की झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे एक किसान की जलकर मौत हो गई। जबकि एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान ने अज्ञात लोगों पर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया।

क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी पचास वर्षीय किसान ओमकार बहेलिया कंपिल निवासी संतोष पाठक की खेती बटाई पर करता था। ओमकार गांव निवासी राम अवतार यादव के साथ रविवार रात गांव सूरजपुर स्थित खेतों में मक्का की फसल की रखवाली करने गए थे। रामावतार के खेत में पेड़ के नीचे एक झोपड़ी पड़ी है। प्रतिदिन की भांति दोनों किसान रात में उसी झोपड़ी में सो गए। बीती रात किसी पहर झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे ओमकार की जलकर मौत हो गई। जबकि साथी रामअवतार यादव गंभीर रूप से झुलस गए। रामावतार शोर मचाते हुए घर की तरफ दौड़ पड़े। रस्ते में ग्रामीणों ने उन्हें झुलसा देख स्वजनों को सूचना दी। स्वजनों ने आनन फानन में उन्हें सोमवार सुबह सीएचसी कायमगंज भेज दिया। सोमवार सुबह घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए। मृतक के सिर के पास से एक जली टॉर्च मिली है। घटना के अनुसार मृतक जिस अवस्था में सोया

**घायल किसान ने अज्ञात लोगों पर लगाया हत्या का आरोप**

सोमवार सुबह सीएचसी पहुंचे राम अवतार ने बताया कि बीती रात किसी पहर तीन अज्ञात लोगों ने झोपड़ी में आग लगा दी। इसके बाद हमलावरों नी उन्हें झोपड़ी से नहीं निकलने दिया। वह जैसे तैसे जान बचाकर वहां से भाग निकले। जबकि साथी की जलकर मौत हो गई। घटना बरसात होने के बाद की है। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड घटनास्थल से लगभग एक किमी की दूरी पर सड़क पर खड़ी रही। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामला संदिग्ध है। घटना की जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।



घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस



अस्पताल में भर्ती वृद्ध

था उसी अवस्था में जलकर मर गया। उसे हिलने तक का मौका नहीं मिला। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने भी गांव व घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल कर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक की पत्नी गीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के चार पुत्र रामनिवास, मुकेश, स्वदेश दो पुत्रियां शारदा व पिंकी हैं। मृतक के बड़े पुत्र रामनिवास ने बताया कि उनके पिता की किसी के साथ कोई रंजिश नहीं थी। मृतक व घायल किसान के स्वजनों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देकर हत्या करने का आरोप लगाया।

# इंस्पेक्टर व तीन दरोगा सहित पांच के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट व लूट के मामले में पीड़ित ने इंस्पेक्टर व तीन दरोगा सहित पांच के खिलाफ याचिका दायर की है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम हैदरपुर निवासी मोहित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह ने इंस्पेक्टर व तीन दरोगा सहित पांच के खिलाफ याचिका दायर की है। जिसमें कहा कि एक मुकदमा धारा 173(4) न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के आदेश पर थाना मऊदरवाजा में पंजीकृत कराया था। प्रार्थी उपरोक्त मुकदमे में वादी मुकदमा है। प्रार्थी के बयान मु.अ.सं. 06/2026 धारा 318(4), 115(2), 352, 351(3) व 109 बी.एन.एस. में कई दिनो से विवेचक द्वारा अंकित नहीं किए जा रहे थे। प्रार्थी द्वारा पुलिस अधीक्षक को व्यक्ति रूप से मिलकर 27 अप्रैल 2026 को एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया था तो पुलिस अधीक्षक ने अगले दिन 28 अप्रैल को बयान अंकित कराने हेतु थाना मऊदरवाजा में हाजिर होने को कहा था। जब प्रार्थी दोपहर 1:20 बजे थाना मऊदरवाजा में हाजिर हुआ तो वहां पर मौजूद एस.एच.ओ. व दरोगा इमरान और अपराध संख्या 86/2026 के अनियुक्त सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह पहले से ही मौजूद थे। इन लोगों ने जैसे ही मुझे देखा तो आगबबूला हो गए और कहा कि कोर्ट से आदेश कराकर हमको एफ.आई.आर. लिखने को मजबूर करता है, तभी एक साथ ही एस.एच.ओ. अजब सिंह व एस.आई. वीरेन्द्र सिंह थाने के अंदर प्रार्थी को घसीटकर ले गए और वहां पहले से ही नौजूद दरोगा इमरान और सुरेन्द्र ने प्रार्थी के साथ थाने के अंदर ही मारपीट की और इसी दौरान एच.एच.ओ. अजब सिंह व एस.आई. वीरेन्द्र सिंह प्रार्थी की टांगो पर खड़े हो गए और इमरान ने प्रार्थी के गुप्तांगों में लात मारी। सुरेन्द्र सिंह ने भी प्रार्थी के साथ थाने में ही मारपीट की और प्रार्थी की जेब में रखे हुए 3250 रुपया लूट लिए। प्रार्थी ने कहा कि यह रुपये में अपनी मां के की दवा के लिए लाया था। एस.एच.ओ. अजब सिंह व एस.आई. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि और भी कुछ हो तो उसे भी लूट लो। मरपीट की गई और प्रार्थी के 3250 रुपया एस.एच.ओ. अजब सिंह व एस.आई. वीरेन्द्र सिंह, दरोगा इमरान व सुरेन्द्र सिंह ने लूट लिए और प्रार्थी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# बाल विवाह व बाल श्रम रोकने के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्री

जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में खंड विकास अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेश पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास खण्ड बढ़पुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण हेतु बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, गुड टच बैड आदि के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें खंड विकास अधिकारी योगेश पाण्डेय ने कहा कि हम सब का दायित्व है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का प्रचार-प्रसार सभी विभाग मिलकर करें और अपने आसपास के बच्चों का उचित संरक्षण एवं देखरेख करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित कराएं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी व विद्यालय के शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक त्रैमास पर बाल संरक्षण के संबंध में बैठक का आयोजन करें और उसमें बाल श्रम, बाल विवाह, ट्रैफिकिंग आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम वासियों को जागरूक करें।

इसके साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी को पहले खुद में बढ़ाएं फिर दूसरों को लाभान्वित कराएं। संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बच्चों में हो रहे मनोवैज्ञानिक बदलावों को लेकर चर्चा की एवं कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातें अवश्य करें। जिससे कि बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना न घटित हो। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक करने को कहा और बताया कि कराकर गांव समुदाय में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों को योजना से लाभान्वित कराने हेतु कहा गया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुड टच बैड टच की जानकारी दें और उसे सिखाएं कि अगर उसके साथ कोई बैड टच करता है तो उसकी जानकारी अपने माता पिता को जरूर दें। पहली ही घटना का विरोध करें, जिससे कि समय रहते बड़ी घटना को होने से रोक जा सके।

बैठक में मुख्य सेविका राशि कटियार, स्वास्थ्य विभाग से शिवम कटियार, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# एनसीसी कैडेट्सों को विदाई समारोह में वितरित किये गये सी-प्रमाण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी अधिकारी व कैडेट्स

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ में सोमवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।सी-प्रमाण पत्र परीक्षा 2025-26 में सफल रहे 58 कैडेट्स को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। समारोह कर्नल एस मलिक, वीएसएम कमान अधिकारी, 12 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा मेधावी कैडेट्स को सी-प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं तीन वर्ष के कठिन एनसीसी प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें बधाई दी।

कर्नल मलिक ने कहा कि सी-प्रमाणपत्र एनसीसी का सर्वोच्च प्रमाणपत्र है जो नेतृत्व, अनुशासन एवं देशभक्ति के गुणों का विकास करता है। उन्होंने कैडेट्स से एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आवाह्न किया। सी-प्रमाणपत्र सशस्त्र बलों, सीएपीएफ, राज्य पुलिस एवं अन्य सरकारी सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत लाभकारी है। यूनिट के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



नाला साफ करते सफाई कर्मचारी

## बारिश के चलते हुआ जलभराव, ईओ ने करवाई नाले की सफाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बारिश होने के चलते जल भराव के कारण नाला चोक हो गया। जिससे सड़कों पर पानी बहने लगा। नगर पालिका परिषद की टीम के साथ अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा पहुंचे। सोमवार को रात्रि में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण हुए जल भराव व ट्रांसपोर्ट चौराहा पर स्थित क्रॉस पास लाइन नाला में लगी रोक को कर्मचारियों की सहायता से रस्सा, सरिया, बाँस आदि की मदद से खुलवाकर जल के बहाव को सुचारु कराया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, सफाई नायक बृजेंद्र सिंह व सुभाष चंद्र कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे।

# आंधी-बारिश से गेहूं व तंबाकू की फसल को भारी नुकसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बरसात के पानी में डूबी गेहूं की फसल

सोमवार सुबह आई तेज आंधी-बारिश ने क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल व तंबाकू की फसल को हुआ है। किसानों ने दिन में कटी तंबाकू को ढेर लगाकर मोमिया से ढकने का प्रयास किया, लेकिन फिर हुई बारिश के चलते फसल भीग गई। सोमवार सुबह हुई जोरदार बारिश से शहर और ग्रामीण इलाकों में जलभराव हो गया। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा और खेतों में पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई। सुबह तेज हवाओं के साथ आसमान में काले बादल छा गए और फिर बारिश शुरू हो गई। कमालगंज थाना क्षेत्र के कोहनी नगला गांव में बेमौसम बरसात ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। गांव निवासी दफेदार सिंह की कटी हुई गेहूं की फसल खेत में पानी में डूब गई, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान दफेदार सिंह ने बताया गेहूं की इस फसल में लगभग हजारों रुपये की लागत आई थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। उनके परिवार में कमाने वाला कोई अन्य सदस्य नहीं है और उनके जिम्मे तीन बेटियों की शादी की भी चिंता है। किसान पहले से ही आलू की फसल में नुकसान झेल चुके हैं और अब गेहूं की फसल खराब होने से उनकी आर्थिक स्थिति और भी कमजोर हो गई है। बेमौसम बारिश ने उनकी कमर तोड़कर रख दी है, जिससे परिवार के सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। किसानों के अनुसार खेतों में पड़ी तंबाकू के लाल पड़ने का खतरा बढ़ गया है। इससे बाजार में उसकी कीमत आधी तक रह सकती है। वहीं खड़ी तंबाकू की फसल भी आंधी व बारिश से प्रभावित हुई है और पत्तियां फट गई हैं। तेज हवाओं के चलते मक्का की खड़ी फसल कई जगह जमीन पर गिर गई। इससे उत्पादन घटने की आशंका है। उधर, खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल बारिश में भीगकर खराब हो गई, जबकि तैयार खड़ी गेहूं की फसल भी गिर गई है। इससे उपज और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होगी।

## विशाल देवी जागरण आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखिल भारत हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के निवास बजरिया निहाल चंद्र में 5 मई मंगलवार रात्रि 8 बजे देवी जागरण का आयोजन होगा। विमलेश मिश्रा ने बताया कि मां भगवती का विशाल देवी जागरण बजरिया में होगा। संचालक धीरज दुबे की देखरेख में सम्पन्न होगा। नागर म्युजिकल बैंड के कलाकार अपने भक्ति भजनों के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत गुरुदेव ईश्वरदास ब्रह्मचारी भाग लेंगे। साथ ही झांकियां भी प्रस्तुत की जायेगी।

# महाराणा प्रताप की जयंती एवं मूर्ति अनावरण को लेकर बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> मूर्ति का अनावरण प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा होना हुआ है सुनिश्चित

आगामी 9 मई को वीर क्षत्रिय शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर रोडवेज बस स्टैंड प्रांगण में नव स्थापित महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण उनके जन्मोत्सव पर किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर क्षत्रिय करणी सेना जोर शोर से लगी हुए हैं। मूर्ति का अनावरण प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए पहले ही अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं क्षत्रिय करणी सेना संयुक्त रूप से बैठक कर कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श कर चुकी है। वहीं दूसरी तरफ कार्यक्रम में जनपद के लगभग सभी गांवों से शहर से भारी मात्रा में लोग भाग लेने को आने वाले हैं। बैठक का आयोजन लकूला रोड स्थित एक हास्पिल में हुआ। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़, लक्ष्मी शरण सिंह राठौड़, राजेश सिंह चौहान, रावेंद्र सिंह वैस, मंजू सिंह तोमर, कुलदीप सिंह, पवन सिंह तोमर, धर्मवीर सिंह, डॉ0 श्याम जी सिंह, रामप्रताप सिंह, भानु ठाकुर, बीपी चौहान, रजनीश सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

# भाकियू महात्मा टिकैत ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लिंक एक्सप्रेसवे तथा बिजली के संबंध में किसान हित में पांचवां सूत्र मांग भारतीय किसान महात्मा टिकैत ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि कई स्थानों पर ट्रान्सफार्मर खराब है, उनको तत्काल सही कराया जाएं। लिंक एक्सप्रेसवे के मोड में ग्राम नन्दगाँव नगर पंचायत खिमसेपुर में जो ग्रामीणों के मकान कट के अन्तर्गत आ रहे है उनका ज्ञापन दिया जा चुका है, जिसको तत्काल सरकार को भिजवाया जाये, एवं जमीनो का सर्किल रेट बढवाया जाये। ग्राम माडल शंकरपुर में जो परिवार नियोजन पट्टे दिये गये थे वह बहाल किये जाये। समस्त जनपद वासियो के जो बिजली के स्मार्ट मीटर प्रीपेड लगे हुए है, जिसमें व्यक्ति के बाहर होने पर बिजली कटने की समस्या आती है उन मीटरों को पोस्टपेड किया जाये। समस्त मांगों का निस्तारण 11 मई तक नहीं हुआ तो भा.कि.यू. महात्मा टिकैत अनिश्चित कालीन धरना करने के लिए वाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पश्चिम बंगाल, असम, पंडुचेरी में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी



खुशी जताते भाजपाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मैन चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देश वासियों का अटूट विश्वास है, जो विधान सभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनी है। भाजपा नेताओं ने नवाबगंज मैन चौराहे पर आतिशबाजी छुड़ाकर बैंड बाजा कर मिष्ठान वितरण कर खुशी जतायी। मनोज गुप्ता रेडीमेड स्टोर वालों ने अपनी दुकान पर झलमुडी बांटी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोक दल राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, सुभाष राजपूत, हेम सिंह लोधी, विवेक चतुर्वेदी, भारत सिंह राठौड़, प्यारे शाक्य, अरविंद पाल, योगेंद्र सिंह राठौड़, अरविंद राजपूत, अवनीश गुप्ता, आकाश गुप्ता, शिवमंगल सिंह, ललित श्रीवास्तव, दिलीप शाक्य, निलेश राजपूत लोग उपस्थित रहे।

# जनपद के व्यापारियों ने लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम में लिया भाग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



नितिन अग्रवाल का स्वागत करते जनपद के व्यापारी

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला शहर अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद/पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि, विजय सिंह बिन्नू, दिनेश गुप्ता, मनोज मिश्रा, जनपद के जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, मंसाराम, कायमगंज के नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फपिंटू यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, श्यामू गुप्ता, कायमगंज नगर महामंत्री शैलेश गुप्ता, कम्पिल नगर अध्यक्ष निशांत गुप्ता, विपिन दुवे, अधिवक्ता शरद कुमार व अन्य शहर के अध्यक्ष उपस्थित रहे। नरेश अग्रवाल ने अपने विचारों को रखते हुए व्यापारी हितकार्यों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए संबोधित किया तथा नितिन अग्रवाल ने कहा कि किसी स्तर पर भी व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले समय में यह संगठन प्रदेश में एक महत्वपूर्ण भूमिका व्यापारी हित में कदम उठाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल से उनके आवास पर कायमगंज जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, मंसाराम ने अपने प्रमुख पदाधिकारियों के साथ उनसे शिष्टचार भेट करते हुए व्यपार संगठन के प्रति अपनी विचार धारा रखते हुए प्रमुख विषयों पर चर्चा की। वार्षिक कार्यक्रम हेतु नगर आगमन के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने नगर आगमन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने निर्देशन देते हुए कहा सभी मंडलो में सभाओं का आयोजन पूर्ण होने उपरान्त जल्द ही कायमगंज में आगमन होगा।

# डीएम से मिले किसान नेता सर्किल रेट बढ़ाये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के सर्किल रेट बढ़ाए जाने के लिए जिला अधिकारी से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि 2013 के बाद से जनपद में सर्किल नहीं बढ़ाया गया है, जिससे किसानों को लिंक एक्सप्रेसवे में अपनी जमीनों का उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। जिससे किसान अपनी जमीन देने में हिचकिचा रहा है। सरकार मुआवजा बढ़ाए किसानों को उनकी जमीनों के हिसाब से मुआवजा दे, किसान जमीन देगा। उन्होंने किसानों से अपील भी की यदि कोई भी प्रशासनिक अधिकारी आपके गांव में आते हैं तो उनका आदर सत्कार करे, लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के सर्किल रेट भी बढ़ेंगे। जिला अध्यक्ष ने 24 फरवरी को दिए गए मांग पत्र की कॉपी जिला अधिकारी को सौंपी। जिस के बाद जिला अधिकारी ने कहा कि हम किसानों के साथ समन्वय बनाकर ही लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी, जिला संरक्षक छविनाथ शाक्य, जिला महासचिव अभय यादव, जिला संगठन मंत्री अरविंद गंगवार, युवा जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत, रजत गंगवार मौजूद रहे।

# जन्म प्रमाण पत्र में सचिव ने लगायी फर्जी आख्या, शिकायत डीएम से

## जिलाधिकारी की फटकार के बाद बीडीओ बोले कमेटी बनाकर करायेंगे जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत द्वारा जन्म प्रमाण पत्रों में फर्जी आख्या लगाने के मामले में पीड़ित ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ ग्राम धन्सुआ बेवर रोड नलकूप कालोनी निवासी राजकुमार प्रजापति पुत्र रामसनेही प्रजापति ने डीएम को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि प्रार्थी के बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनने थे। जिसके समस्त अभिलेख पूर्ण कर एसडीएम से साइन कराकर 3 मार्च को बढ़पुर ब्लॉक में जमा कर दिए गए थे। कई बार ग्राम पंचायत गया, लेकिन वहां पर ग्राम सचिव नहीं मिले और कई बार फोन भी किया, लेकिन फोन भी नहीं उठाया। पीड़ित ने प्रधान से फोन कराया, फिर भी फोन नहीं उठाया। इस बात को लेकर प्रार्थी ने जनसुनवाई पोर्टल पर दो अप्रैल को शिकायत की। जिस पर ग्राम सचिव ने कहा कि अब किसी भी आधार पर बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाएंगे और मुझे फॉर्म बदल बदल कर कई फार्म पर कहा कि इन पर रिपोर्ट लगवाकर लाओ। आशा आंगनबाड़ी, एएनएम, जीएनएम ग्राम प्रधान सफाई कर्मी सभी के साइन पुनः कराकर कागज सचिव को दिए। उन्होंने कहा कि अब जांच कर ले, उसके बाद बन जाएंगे और उन्होंने बाद में फर्जी रिपोर्ट लगाकर आख्या दे दी कि प्रार्थी ने सभी से दबाव डालकर साइन कराए हैं, इसलिए जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाएंगे। जबकि मेरे बच्चों की उम्र 6 साल से 18 वर्ष तक है, इतना समय तो किसी को नौकरी करते भी नहीं हुआ, फिर भी इन लोगों ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर जन्म प्रमाण पत्र बनाने से मना कर दिया। ग्राम सचिव द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए किस तरह से इन लोगों को धमका कर और उनसे फर्जी रिपोर्ट लिखवा दी गई और फर्जी आख्या लगा दी कि बच्चे ग्राम पंचायत में नहीं जन्मे हैं, जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाऊंगा। अधिकारियों से मुलाकात की और उनको अवगत कराया उन्होंने आश्वासन दिया की जांच कराएंगे, लेकिन उन्होंने भी कोई जांच ना कराकर वही आख्या लगा दी। पीड़ित ने डीएम से सचिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की है।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आर्मी स्कूल के बच्चों ने जीते 54 मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




ट्राफी व मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

जिला स्तरीय स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन कर 54 मेडल प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2-3 मई साई इंटरकालेज कल्याणपुर कानपुर सब जूनियर कैडेट सीनियर में 10 जिलों की टीम आई है।

टीम के कोच साहिल मान जो कि आर्मी स्कूल के बच्चों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराकर 54 मेडल प्राप्त किये। जिसमें 32 स्वर्ण पदक, 19 रजत पदक, 01 कांस्य पदक प्राप्त किए। फर्रुखाबाद ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शशांक मिश्रा ने सभी बच्चों को बधाई दी। जिसमें आकाश वर्मा, अथक पटेल, अमित तिवारी, गौरव कटियार, विकास कुमार, मोह हाशिम मौजूद रहे। कोच साहिल मान ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## लोक अदालत के लिए बैंक संबंधी अब तक 1473 मामले चिन्हित



बैठक में मौजूद न्यायिक व बैंक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रभारी जनपद न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय के निर्देशन में बैंक मामलों संबंधित बैठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में एडीआर भवन में सम्पन्न हुई। संचालन सचिव बिंदिया भटनागर ने किया। तैयारी बैठक में बैंक ऋण अदायगी से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु संबंधित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैंक ऋण अदायगी के विभिन्न बैंकों द्वारा अब तक कुल १४७३ मामले चिन्हित किये जा चुके है। तैयारी बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रबंधक विनोद कुमार, प्रबंधक सुनील कुमार, प्रबंधक गोविंद सिंह, सतीश कुमार, अनुराग आदि बैंकों के प्रबंधक मौजूद रहे।

# सीपी विद्या निकेतन में बैडमिंटन की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



विजेताओं के साथ डॉ. मिथलेश अग्रवाल

सीपी विद्या निकेतन में बैडमिंटन की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिभाग करने वाले विद्यालय में सीपी विद्या निकेतन कायमगंज, जीपीएम कॉलेज बरैली, जीएमपीएस पीलीभीत शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में सऊद हसन खान, आदित्य राठौर एवं पल्लवी मिश्रा ने विद्यालय की तरफसे खेल शिक्षकों के रूप में अपने दायित्वों का भली भांति निर्वह्न किया। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबले प्रारंभ हुए। जिनमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता रहे। सीपी विद्या निकेतन अंडर-14 बॉयज, अंडर-17 बॉयज, अंडर-19 बॉयज, अंडर-17 गर्ल्स, जीपीएम कॉलेज बरैली अंडर-19 गर्ल्स केटेगरी में विजेता रहे। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। वही निदेशक डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने भी विजेताओं को सम्मानित किया।

# तेज हवा के कारण दीवार गिरी, तीन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



आंधी से गिरी दीवार

कमालगंज क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान के दौरान एक दीवार गिर गई। इस हादसे में तीन लोग मलबे के नीचे दब गए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद तीनों घायलों को मलबे से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया। डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने बताया कि घायलों की स्थिति नाजुक थी, इसलिए उन्हें तुरंत रेफर करना पड़ा। घायलों की पहचान रामानंदन 60 वर्ष, मोहिनी 18 वर्ष, और रजनेश 20 वर्ष, के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से परिजनों में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।

## डीएम अंजनी कुमार सिंह ने छात्रों को नवाचार के लिए किया प्रेरित, टीम को किया सम्मानित

# 13 अप्रैल से 4 मई तक जिलेभर में चला विज्ञान जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** किताबों से बाहर निकलकर विज्ञान को करीब से समझने का मौका जब मिला, तो छात्रों की जिज्ञासा भी परवान चढ़ गई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के तहत संचालित जिला विज्ञान लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में विज्ञान बस ने जिलेभर में विज्ञान का ऐसा 'सफर' तय किया, जिसने बच्चों के भीतर छिपे वैज्ञानिक को जगाने का काम किया। इस भ्रमण कार्यक्रम का समन्वयन जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक सुनील कुमार मिश्र ने किया। 13 अप्रैल से 04 मई तक सभी तहसीलों में भ्रमण करने के बाद सोमवार को इस अनोखे अभियान का समापन गुरुनानक विद्यक सभा इंटर कॉलेज में हुआ, जहां डीएम



अंजनी कुमार सिंह ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य डॉ मीनाक्षी तिवारी, ईशविंदर सिंह, विद्यालय प्रबंधन के साथ विज्ञान बस का अवलोकन किया। इस दौरान तीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बस में मौजूद अत्याधुनिक उपकरणों और प्रयोगों को नजदीक से देखा और समझा। डीएम ने छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने, नए प्रयोग करने और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विज्ञान क्लब को निर्देश दिए कि ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी लगातार संचालित किया जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों तक विज्ञान की पहुंच बनी रहे। वही डीएम अंजनी कुमार सिंह ने इस विज्ञान बस में आए एजुकेटर सुभाशीष, ब्रिकेश कुमार, रिंकू, बस चालक देवेंद्र मिश्र, सहायक अश्वनी विश्वकर्मा को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की।

**विज्ञान बस ने जगाई जिज्ञासा, प्रयोगों से रूबरू हुए छात्र**

**विज्ञान बस में तकनीक का रोमांच, 3डी प्रिंटर से टेलीस्कोप तक छात्रों का बढ़ा कौतूहल**

विज्ञान बस में मौजूद 3D प्रिंटर, ऑप्टिकल बेंच, माइक्रोस्कोप और टेलीस्कोप जैसे उपकरण छात्रों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों ने जहां सूक्ष्म संरचनाओं को माइक्रोस्कोप से देखा, वहीं टेलीस्कोप के जरिए रात्रि आकाश को निहारने की जानकारी भी हासिल की। बस में कक्षा 12 तक के भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित और खगोल विज्ञान से जुड़े हैंड्स-ऑन प्रयोगों ने सीखने को रोचक बना दिया। खास बात यह रही कि आईआईटी कानपुर द्वारा तैयार करीब 300 शैक्षणिक फिल्में भी इस बस में उपलब्ध रहीं, जिनके जरिए छात्रों ने प्रयोगों की बारीकियों को समझा।

## तेंदुए का खूनी हमलाः 14 वर्षीय किशोर की मौत, वन विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।** गोला वन रेंज क्षेत्र में तेंदुए का बढ़ता आतंक अब ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रविवार को ग्राम रामनगर कलां में घास काटने गए 14 वर्षीय किशोर पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी संदीप कुमार कश्यप (14), पुत्र शेषपाल कश्यप, रविवार को नदी किनारे घास काटने गया था। इसी दौरान झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। हमला इतना तेज था कि किशोर को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर मौके की ओर दौड़ लगाई, लेकिन तब तक तेंदुआ संदीप को बुरी तरह घायल कर चुका था। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे तेंदुए के चंगुल से छुड़ाया और गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप की आंखों के सामने बेटे की असमय मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। वहीं, गांव के लोग भी सहमे हुए हैं और खेतों, जंगल व नदी किनारे जाने से कतरा रहे हैं। लगातार बढ़ती घटनाओं के बावजूद वन विभाग की निष्क्रियता चिंता का विषय बनी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### खराब मौसम की आशंका से किसान चिंतित खलिहान में अरहर समेटने की जल्दबाजी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र के ग्राम बंजारी कला के पोखरी मोहल्ला में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए किसान अपनी फसल को सुरक्षित करने में जुट गए हैं। खलिहान में दवरी (मड़ाई) की गई अरहर को किसान तेजी से समेटने के काम कर रहे हैं ताकि संभावित बारिश से फसल को नुकसान न पहुंचे क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। आसमान में बादल छाए रहने और तेज हवाओं के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है। इसी को देखते हुए किसान दिन-रात मेहनत कर अपनी उपज को सुरक्षित स्थानों पर रखने में लगे हुए हैं।स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि बारिश हो जाती है, तो खुली खलिहान में रखी अरहर की फसल भीगकर खराब हो सकती है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए वे जल्द से जल्द फसल को समेटकर घर या सुरक्षित गोदाम में रखने का प्रयास कर रहे हैं।ग्राम के जगदीश कोल किसान ने बताया कि मेहनत से तैयार की गई फसल को बचाना ही इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मौसम की अनिश्चितता के कारण किसानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है फिलहाल, पूरे इलाके में किसान अपनी-अपनी फसलों को सुरक्षित करने में लगे हैं, जिससे गांव में खलिहानों में चहल-पहल बढ़ गई है।

### खड़ी हाईवा के टायर खोलकर चोर हुए फरार

**समृद्धि न्यूज़, अहरौरा (मिर्जापुर)।** स्थानी थाना क्षेत्र अंतर्गत चितविश्राम त्रिमुहानी पहलवान ढाबा के ठिक सामने खड़ी हाईवा से चोरो के द्वारा बीती रात चारों टायर खोलकर लेकर फरार हो गए, वहीं चालक अवनीश कुमार पिता जय प्रकाश निवासी जिला सुल्तानपुर ने भोजन कर 1रू00 सो गया जब उसका 3रू30 बजे नींद खुला तो बाहर निकल कर देखा तो बाएं साइड का चारों टायर गायब मिला जिसकी सूचना अहरौरा थाना पर प्रार्थना पत्र देकर जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग किया है। वही क्षेत्री लोगों का कहना है कि पूर्व में भी पास के एक ढाबा पर खड़ी हाईवा से टायर खोला गया था यह घटना आम हो गया है कोई भी गाड़ी अब सुरक्षित रहने का गारंटी नहीं रह गया है चोरों की सक्रियता से वाहन स्वामी ढाबा के दुकानदार व गांव वासी भयभित हो गए हैं। कि अब जान माल दोनो सुरक्षित नही रह गया है।

### गड़बड़ा धाम में मां शीतला के दरबार में श्रद्धालुओं का लगा गुलजार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम मंदिर में सोमवार को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष तृतीया पर श्रद्धालुओं का गुलजार। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी मां के दर्शन-पूजन के लिए उत्साह के साथ कतार में खड़े नजर आए। ः जय मां शीतलाः के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। स्थानीय क्षेत्र के साथ ही पड़ोसी जनपद प्रयागराज और अन्य आसपास के इलाकों से भी हजारों श्रद्धालु गड़बड़ा धाम पहुंचे। भक्तों ने मां शीतला को माला, फूल, चुनरी, नारियल, हलवा-पूड़ी और अन्य प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर के आसपास महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से कड़ाही चढ़ाकर मां को प्रसाद का भोग लगाया और बाद में श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। कई परिवारों ने अपने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया, वहीं श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान की व्रत कथा सुनकर पुण्य अर्जित किया।मंदिर के ने बताया कि करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं मांगीं।

### वन्य जीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव बिहार ने पौधशाला व अग्रिममृदा कार्य का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज हलिया में जुलाई माह में प्रस्तावित वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार को वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव बिहार चुर्क सोनभद्र भास्कर प्रसाद पांडेय ने पौधशाला एवं अग्रिम मृदा कार्य स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हलिया, गुर्गी, कवलड़ार, पिपरा सहित विभिन्न पौधशालाओं में तैयार किए जा रहे पौधों की स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान वन्यजीव प्रतिपालक ने बताया कि आगामी जुलाई माह में होने वाले वृक्षारोपण को ध्यान में रखते हुए तैयारियों की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण पौधों के रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समय पर सिंचाई, गुड़ाई और संरक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पौधों के सूखने की आशंका न रहे। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पौधों की तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नर्सरी में तैयार पौधों को सुरक्षित रखते हुए पौधरोपण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। तथा वृक्षारोपण के लिए वन क्षेत्र में कराये गए अग्रिम मृदा कार्यों का निरीक्षण किया है इस संबंध में वन्यजीव प्रतिपालक कैमूर वन्यजीव बिहार भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने बताया की जुलाई माह में होने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर पौधशाला व अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया गया है।

## सेठघाट को संवारने की तैयारी तेज, उल्ल नदी की सफाई से जुड़े बड़े निर्देश

- डीएम-विधायक ने किया स्थलीय निरीक्षण, पर्यटन विकास को लेकर बनी रूपरेखा
- अब तक हुए कार्यों का लिया जायजा, विकास को रफ्तार देने का भरोसा



समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी

शहर के प्रमुख आस्था स्थल सेठघाट को पर्यटन के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करने की कवायद तेज हो गई है। सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सदर विधायक योगेश वर्मा ने अफसरों की टीम के साथ सेठघाट का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की रूपरेखा तय की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने उल्ल नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर शहर के नाले नदी में गिर रहे हैं, वहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र शासन को भेजा जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नदी किनारे आवश्यकतानुसार नए घाटों के निर्माण का प्रस्ताव भी सिंचाई महकमें को तैयार करने को कहा। विधायक योगेश वर्मा ने सेठघाट पर अब तक पर्यटन विभाग और अपनी विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी डीएम को दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन के सहयोग से सेठघाट को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पर डीएम ने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान पीडी डीआरडीए एसएन चौरसिया, तहसीलदार (सदर) मुकेश कुमार वर्मा, ईओ संजय कुमार, अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) ई. अजय कुमार, अवर अभियंता नगर पालिका परवीन, एडीओ पंचायत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी शामिल रहे।

## सहकारी समितियों पर खाद की किल्लत, मायूस लौट रहे किसान

- मितौली क्षेत्र में यूरिया संकट गहराया, गन्ना फसल की बढ़वार पर असर का खतरा

**समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी।** क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर खाद की सीमित उपलब्धता के चलते किसानों को घंटों कतार में लगने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे किसानों में नाराजगी के साथ मायूसी भी देखी जा रही है। गन्ना फसल के लिए इस समय यूरिया की सबसे अधिक जरूरत होती है, लेकिन समय पर खाद नहीं मिलने से फसल की बढ़वार प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि वे सुबह से ही समितियों पर पहुंच जाते हैं, लेकिन देर शाम तक इंतजार के बाद भी कई बार खाद नहीं मिल पाती।

**कालाबाजारी के आरोप, बढ़ी लागत**

कई किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। मजबूरी में उन्हें बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत बढ़ गई है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही खाद की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो गन्ना समेत अन्य फसलों की पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे खेती पर निर्भर परिवारों की आजीविका भी प्रभावित हो सकती है।

## ई-रिक्शा सवार महिला का बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने पर्स छीना

**फरधान खीरी।** अपने मायके से ससुराल आ रही ई रिक्शा सवार महिला से रविवार की देर शाम दो बाइक सवार युवकों ने पर्स छीन लिया। ई रिक्शा चालक ने पीछा किया लेकिन वह गोला की तरफ फरार हो गए। पीड़ित महिला ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी। पर्स में नौ हजार रुपए और मोबाइल था। धौरहरा खुर्द निवासी शिल्पी देवी पत्नी स्व. रमेश चंद्र रविवार की शाम करीब पांच बजे अपने मायके ग्राम चिमनी थाना खीरी से घर वापस आ रही थी। शिल्पी को बाइक से उसके परिजन लालपुर छोड़ गए थे। उसके बाद लालपुर धौरहरा खुर्द आने के लिए ई रिक्शा से आ रही थी। आटो में पीड़िता के अलावा अन्य सवारियां भी बैठी थी। शिल्पी आटो में किनारे की शीट पर बैठी थी। जैसे ही ई रिक्शा लखीमपुर गोला मार्ग पर एक गेस्ट हाउस के पास पहुंचा।

## पैसों के विवाद ने लिया खतरनाक मोड़ः दो युवकों ने उठाया आत्मघाती कदम, एक की हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। विवाद से आहत होकर दो पक्षों के युवकों द्वारा आत्मघाती कदम उठाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। भीरा थाना क्षेत्र के बस्तौली चौराहे पर स्थित विष्णु ढाबा संचालक विष्णु कश्यप ने सोमवार को कथित रूप से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें सीएचसी बिजुआ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना से पहले विष्णु कश्यप ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर कुछ लोगों पर पैसे लेकर वापस न करने का आरोप लगाया था। वहीं दूसरे पक्ष के रोहित शर्मा ने भी 2 मई को आत्मघाती कदम उठाने का दावा किया है, जिनका उपचार सीएचसी में कराया गया। इस मामले में रामनगर कला निवासी सोनू कुमार ने थाना भीरा में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके भाई विशाल कुमार उर्फ विष्णु की होटल पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और करीब 7.45 लाख रुपये भी हड़प लिए हैं। आरोप है कि रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। दूसरी ओर, रोहित शर्मा का कहना है कि उसने और विष्णु कश्यप ने साझेदारी में एक फर्म शुरू की थी, जिसमें दोनों का बराबर निवेश है। रोहित के अनुसार, काम शुरू होने से पहले ही विष्णु पैसे वापस मांग रहे थे और दबाव बना रहे थे। इसी तनाव के चलते उसने भी आत्मघाती कदम उठाया।

# बंगाल में भाजपा की जीत पर खीरी में जश्न

- कार्यकर्ताओं संग थिरके विधायक, मंदिर में भोग लगाकर बांटा प्रसाद

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।



पश्चिम बंगाल समेत अन्य में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया।

**मोहम्मदी में जश्न, मंदिर में चढ़ाया भोग**

मोहम्मदी में विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह कार्यकर्ताओं के साथ डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए, वहीं मंदिर में हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। पलिया और जिला मुख्यालय लखीमपुर में भी आतिशबाजी, मिठाई वितरण और नारेबाजी के साथ जीत का उत्सव मनाया गया। नगर के रामलीला मैदान स्थित भाजपा कार्यालय पर सुबह करीब 11:30 बजे से कार्यकर्ता जुटने लगे। जैसे-जैसे टीवी पर रुझान भाजपा के पक्ष में आते गए, कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता गया। दोपहर करीब 1:20 बजे पूर्ण बहुमत की स्थिति स्पष्ट होते ही विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता पैदल हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से हनुमान जी को हलुए का भोग लगाया गया। इसके बाद विधायक ने स्वयं प्रसाद वितरित किया। मंदिर से लौटकर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और पटाखे दागे। डीजे की धुन पर विधायक समेत कार्यकर्ता झूम उठे और 'योगी-मोदी जिंदाबाद' तथा 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस दौरान जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया, सभासद सुशीला वर्मा, बसंती देवी, मनोज गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, पवन बाजपेई, रामभरोसे वर्मा, गुड्डू गुप्ता, आशीष त्रिवेदी, राजपाल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**पलिया में ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया जश्न**

पलिया कलां में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह के नेतृत्व में एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर की। नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इसे विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता की मुहर बताया।

## चयन वेतनमान लागू न होने पर शिक्षकों का प्रदर्शन, बीईओ को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।



विकास खण्ड निघासन में चयन वेतनमान का लाभ न मिलने से नाराज शिक्षकों ने सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शांतिपूर्ण व सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि विकास खण्ड निघासन में कार्यरत करीब 300 शिक्षकों के चयन वेतनमान के आदेश पूर्व में ही जारी हो चुके हैं, लेकिन सेवा पुस्तिकाएं अपडेट न होने के कारण इसका लाभ वेतन में नहीं जुड़ पा रहा है। इससे शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि अप्रैल माह का वेतन चयन वेतनमान के साथ दिया जाएगा, लेकिन अधिकांश शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल सका। इससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है। शिक्षकों ने मांग की कि सभी सेवा पुस्तिकाओं को जल्द से जल्द अपडेट कराया जाए और आधिकारिक ग्रुप के माध्यम से प्रतिदिन प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह मामला पहले से ही जिला संगठन व उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और समाधान का प्रयास किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी कि फिलहाल प्रदर्शन शांतिपूर्ण व सांकेतिक है, लेकिन यदि इस माह के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक संगठन जिला व प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान रूप सिंह यादव, अभिषेक बाजपेयी, वैभव पांडेय, प्रमोद दुबे, प्रशांत, महेश बाबू, अनुज कुमार, सुधीर यादव, अवध बिहारी गुप्ता, सूरज कुमार, ललित यादव, त्रिलोकी कटियार, विशाल, रविन्द्र कुमार, मनीष बाजपेयी, अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र सिसोदिया, रणधीर शर्मा, प्रभाकर बाजपेयी, राहुल कुमार, शशि कुमार, जय श्याम मिश्रा, अवनींद्र कुमार, ललित कुमार, रवि गुप्ता, त्रिभुवन कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से जगनणना कराने के दृष्टिगत प्रगणकों को दिया गया प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** भारत की जनगणना-2027 को जनपद मिर्जापुर में प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार गंगवार के दिशा निद्रेशन में निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत चयनित जनगणना प्रगणको के तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज जनपद के विभिन्न तहसीलो में उप जिलाधिकारी की देखरेख में प्रारम्भ हुआ। तहसील सदर अन्तर्गत सावित्री बालिका इण्टर कालेज में चल रहे जनगणना प्रगणको के प्रशिक्षण कार्य का प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0ध्रा0 अजय कुमार सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रगणको को डिजिटल मोड (मोबाइल एप) के माध्यम से मकान सूचीकरण व गणना के विशेष प्रशिक्षण में प्रमुख बिन्दुओ पर इंगित करते हुए प्रगणको को मकानो व घरो की सूची बनाने के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रशिक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य है कि जनगणना के कार्यो को डिजिटल रूप से अधिक पारदर्शी व समय पर सम्पन्न कराना है ताकि किसी भी का घर गणना से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रगणक प्रशिक्षण के दौरान पूरी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण सीख ले ताकि फील्ड में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मास्टर ट्रेनर के द्वारा जनगणना से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी तथा पहलुओ के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## रंगदारी व जानलेवा हमले का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम सलाहपुर, थाना कोतवाली पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा आरोपित किया गया है कि 22 अप्रैल को रात्रि में घर लौटते समय आरोपीगण द्वारा उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज, मारपीट करते हुए असलहा दिखाकर रुपयों की मांग की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे भयभीत होकर वादी अचेत हो गया। इस संबंध में थाना पट्टी में धारा 126 (2)/ 115 (2)/352/351(3)/ 308(5)/110 बीएनएस बनाम 01 नामजद व 01 अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त मान सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम सलाहपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय

**भाजपा कार्यालय पर ढोल नगाड़े के साथ जमकर मना जश्न**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ताजा परिणामों के अनुसार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए सत्ता के समीकरण बदल दिए हैं, वहीं असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। पांडुचेरी में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसमें भारतीय जनता पार्टी प्रमुख सहयोगी के रूप में शामिल है, ने स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़त बनाते हुए पुनः सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा कि यह विजय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा संगठन की मजबूत जमीनी पकड़ का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है।सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि इन परिणामों के उपरांत पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह और उल्लास का वातावरण व्याप्त है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस विजय को जनसेवा के संकल्प के रूप में लेता है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई वितरित कर जीत का जश्न मनाया जा रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी जनता का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को इसी प्रकार मिलता रहेगा और पार्टी राष्ट्र निर्माण के कार्यों में और अधिक गति से आगे बढ़ेगी।

## दिव्यांगजनों के लिए आज ब्लाक कालाकांकर व 6 मई बाबागंज में लगेगा विशेष पंजीकरण शिविर

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों एवं विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन आज मंगलवार को विकास खण्ड कालाकांकर तथा 06 मई को विकास खण्ड बाबागंज के सभागार में किया जाएगा। यह शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक संचालित होंगे। उन्होने बताया है कि इच्छुक दिव्यांगजन आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर शिविर स्थल पर उपस्थित होकर पंजीकरण कराएं।

## नवागत जिलाधिकारी ने कोषागार कार्यालय पहुंचकर संभाला कार्यभार

समृद्धि न्यूज

**प्रतापगढ़।** जनपद में नवागत जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने सोमवार को कोषागार कार्यालय पहुंचकर निवर्तमान जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी से डबल लॉक का चार्ज लिया। जिलाधिकारी ने कोषागार कार्यालय पहुंच कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में नवागत जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने अपने प्रशासनिक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से गोरखपुर के निवासी हैं और प्रारंभिक शिक्षा वहीं



से प्राप्त की। उन्होंने आईआईटी रुड़की से बी.टेक की डिग्री हासिल की तथा वर्ष 2016 में आईएएस सेवा में चयनित हुए। अपने सेवा काल में उन्होंने 2017 में गाजीपुर में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यभार संभाला। इसके बाद कुशीनगर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, बुलंदशहर में मुख्य विकास अधिकारी, तथा मेरठ विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त हापुड़ में जिलाधिकारी पद पर कार्य करते हुए उन्होंने प्रशासनिक अनुभव प्राप्त किया। प्रतापगढ़ आने से पूर्व वे उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त के पद पर तैनात थे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप टीम भावना के साथ कार्य किया जाएगा और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होगी। जीरो टालरेन्स की नीति के तहत कार्य किया जायेगा। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, उपजिलाधिकारी नैन्सी सिंह उपस्थित रहे।